Weather Report
अधिकतम तापमान: 32.0c
न्यूनतम तापमान: 21.0c
हवा गति: 11 कि./घं.
जयपुर सूर्योदय समय
सुबह: 6.06

दैनिक
# संजीवनी टुडे
sanjeevnitoday.com
समय के साथ बढ़ता अखबार

अब होगी खुशियों की बात संजीवनी टुडे के साथ
जन्मदिवस, वैवाहिक वर्षगांठ एवं नियुक्ति बधाई संदेश
मात्र 1100/- में
साईज 8X8 cm
संजीवनी टुडे
e-mail: sanjeevnitoday@gmail.com

वर्ष: 11 अंक: 67 जयपुर, सोमवार, 12 अगस्त 2024 पृष्ठ:8 मूल्य: ‘1.50

राजस्थान में भारी बारिश, 19 लोगों की मौत

## कानोता बांध में 5 युवक डूबे, जयपुर समेत 5 जिलों में स्कूलों की छुट्टी

संजीवनी टुडे

जयपुर। राजस्थान में रविवार को जयपुर समेत 5 जिलों (अलवर, करौली, सवाई माधोपुर, दौसा) में भारी बारिश हुई। रुक-रुक कर बरसात का दौर देर रात जारी रहा। प्रदेश में एक दिन में डूबने से 17 और मकान गिरने से पिता-पुत्र समेत 19 लोगों की मौत हो गई। इनमें भरतपुर में 7, झुंझुनूं में 3, करौली में 3, जयपुर में 4, जोधपुर में 1 और बांसवाड़ा में 1 मौत हुई है। कानोता बांध में 5 युवक डूब गए। 4 के शव निकाल लिए गए। एक युवक की तलाश में सर्च ऑपरेशन जारी है। भारी बारिश के चलते जयपुर, करौली, भरतपुर, दौसा और सवाई माधोपुर में स्कूलों की सोमवार (12 अगस्त) की छुट्टी घोषित कर दी है। करौली में तेज बरसात के कारण मकान ढह गया। हादसे में पिता-पुत्र की मौत हो गई, जबकि परिवार के 3 लोग मलबे में फंस गए। करौली के जंगल में तालाब में डूबने से युवक की मौत हो गई। भारी बारिश के कारण इलाके में बाढ़ के हालात बने हुए हैं। कलेक्टर ने जर्जर भवन की मरम्मत और सूचना कलेक्टर ऑफिस को देने के आदेश दिए हैं। क्षतिग्रस्त भवन वाले स्कूलों में आगे भी छुट्टी घोषित हो सकती है। करौली में नदी दरवाजे के पास फराज पाड़ा इलाके में रविवार सुबह पड़ोस का मकान ढहने से पूरा मलबा पास के मकान पर आकर गिर गया। मकान में सो रहे पिता-पुत्र की मौत हो गई।



### नदी के तेज बहाव में फंसे एक परिवार के 4 लोग

अलवर जिले के थानागाजी इलाके में मानसरोवर बांध और जैतपुर बांध ओवरफ्लो हो गए हैं। बांधों की पाल के ऊपर से पानी बह रहा है। यहां आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में लोग पिकनिक मनाने पहुंच रहे हैं। उधर नहर सती के पास नदी में पानी का बहाव अचानक तेज हो गया। इस दौरान एक परिवार के 4 लोग तेज बहाव में फंसे गए। सूचना के काफी देर बाद प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची और उनको बाहर निकाला। कई जगहों पर तेज बहाव के साथ झरने बहने लगे हैं।

### जयपुर के कई इलाकों में भरा पानी

जयपुर में आज सुबह से रुक-रुक कर बारिश का दौर चला। दोपहर 12 बजे बाद करीब 30 मिनट तक तेज बरसात हुई। इस दौरान एमआई रोड, अम्बाबाड़ी, सीकर रोड, ढेहर के बालाजी, कालवाड़ रोड, 200 फीट अजमेर बाइपास, वैशाली नगर चूंगी, जेएलएन मार्ग त्रिमूर्ति सर्किल, टोंक रोड नारायण सिंह सर्किल समेत कई जगह सड़कों पर पानी भर गया और ट्रैफिक जाम हो गया। अजमेर बाइपास पर भारी बारिश के कारण एक-एक फीट पानी भरने से बाइपास पर लंबा जाम लग गया। जेके लोन अस्पताल परिसर में पानी भर गया। इमरजेंसी के सामने बने वार्ड, आईसीयू में बारिश का पानी भरने से मरीज परेशान हुए। महेश नगर में 60 फीट रोड पर 15 फीट चौड़ा और 6 फीट गहरा गड्ढा हो गया। झुंझुनूं जिले के सिंघाना थाना क्षेत्र के मेहराणा गांव में तालाब में डूबने से 3 युवकों की मौत हो गई। सांवलोद गांव के रहने वाले तीनों युवक मेहराणा माता मंदिर के दर्शन के लिए आए थे। इस दौरान वे नहाने के लिए तालाब में उतर गए। उनके एक दोस्त ने उनको तालाब में जाने से मना किया था। लोगों ने बताया- पिछले दो दिनों से हो रही बरसात से तालाब में पानी भरा था। तालाब करीब 8 फीट गहरा है। अलवर जिले के थानागाजी इलाके में भारी बारिश के कारण नहर सती के पास नदी में पानी का बहाव अचानक तेज हो गया। इस दौरान एक परिवार के 4 लोग तेज बहाव में फंसे गए।

### बाणगंगा नदी में डूबने से 3 चचेरे भाई समेत 7 युवकों की मौत

भरतपुर जिले के बयाना थाना इलाके में बाणगंगा नदी में नहाते समय 7 युवकों की डूबने से मौत हो गई। ग्रामीणों ने एक घंटे के रेस्क्यू के बाद शवों को बाहर निकाला। कलेक्टर अमित यादव ने बताया कि श्रीनगर गांव के 8 युवक गांव के पास से जा रही बाढ़ गंगा नदी में नहाने गए थे, जहां 7 युवक डूब गए। एक युवक बच गया। उसने गांव में आकर बताया तो ग्रामीण मौके पर पहुंचे और सभी 7 शवों को बाहर निकाला गया। सवाई माधोपुर जिले में भी कई नदियां उफान पर हैं। यहां करीब 20 गांवों का संपर्क जिला मुख्यालय से टूट गया है। सवाई माधोपुर शहर में रविवार दोपहर एक युवक लटिया नाले में बह गया। सूचना मिलने के बाद कलेक्टर डॉ. कुशल यादव, ट्क्ख्र अनिल चौधरी समेत एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और सर्च ऑपरेशन शुरू किया। गज्जू राजपूत (35) निवासी खेरदा राजनगर लटिया में पानी के बहाव को देखने गया था। इस दौरान उसका बैलेंस बिगड़ने से वह नाले में गिर गया और तेज बहाव में बह गया।

डॉक्टर के रेप-मर्डर के बाद घर जाकर सोया था आरोपी

## सुबह उठकर कपड़े धोए, ताकि सबूत मिटा सके, आज से रेजिडेंट डॉक्टर्स की देशव्यापी हड़ताल

संजीवनी टुडे

नई दिल्ली/कोलकाता। कोलकाता के अस्पताल में ट्रेनी डॉक्टर के रेप और मर्डर के आरोपी संजय रॉय को लेकर पुलिस ने कुछ खुलासे किए हैं। पुलिस ने बताया कि 8 अगस्त की रात वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी अपने घर जाकर सो गया। अगली सुबह जब वह उठा तो उसने सबसे पहले सबूत मिटाने के लिए अपने कपड़े धोए। हालांकि पूछताछ के दौरान पुलिस को उसके जूते पर खून के धब्बे मिले। वहीं रेजिडेंट डॉक्टरों के संगठन फ़ेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन ने ऐलान किया है कि आज यानी 12 अगस्त से पूरे देश में हड़ताल की जाएगी। दिल्ली के प्रमुख सरकारी अस्पतालों में आज से सभी वैकल्पिक सेवाएं अनिश्चितकाल के लिए बंद की जाएंगी। डॉक्टरों ने रविवार को इस हड़ताल की घोषणा करते हुए कहा कि यह कदम मामले में तुरंत कार्रवाई और स्वास्थ्य कर्मियों के लिए सुरक्षा की मांग को लेकर उठाया गया है। डॉक्टरों की मांग है कि इस घटना की पारदर्शी जांच की जाए और दोषियों को कड़ी सजा दी जाए। पश्चिम बंगाल सरकार ने प्रोफ़ेसर डॉ. बुलबुल मुखोपाध्याय को आर.जी. कर मेडिकल कॉलेज का नया मेडिकल सुपरिंटेंडेंट और वाइस-प्रिंसिपल नियुक्त किया है। डॉ. मुखोपाध्याय फिलहाल




कॉलेज में फिजियोलॉजी की प्रोफ़ेसर हैं। उन्होंने पूर्व मेडिकल सुपरिंटेंडेंट और वाइस-प्रिंसिपल की जगह ली है, जिन्हें रविवार को सस्पेंड किए जाने के बाद कलकत्ता नेशनल मेडिकल कॉलेज में फिजियोलॉजी के प्रोफ़ेसर के तौर पर ट्रांसफर किया गया है। जिस अस्पताल में यह घटना हुई है, वहां के रेजिडेंट डॉक्टरों का आरोप है कि कॉलेज की पूरी सुरक्षा एजेंसी में खामी है। डॉक्टरों ने कहा कि उन्होंने अस्पताल परिसर में सीसीटीवी कैमरों की संख्या बढ़ाने और 24 घंटे कड़ी निगरानी की मांग की थी। हालांकि, प्रबंधन की तरफ से इस पर ध्यान नहीं दिया गया। शनिवार को मेडिकल एजुकेशन डॉयरेक्टर डॉ. कौस्तव नायक ने बताया था कि ये नेचुरल डेथ नहीं है। जांच चल रही है। 1-2 दिन के भीतर डिटेल्ड रिपोर्ट आएगी। उसके बाद ही मौत के कारणों का पता चलेगा।

पीएम मोदी ने 109 किस्मों के बीज जारी किएः कहा

## लोग जैविक फूड की ओर बढ़ रहे, पवार बोले- किसानों की आत्महत्याएं दोगुनी हुईं

संजीवनी टुडे

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार (11 अगस्त) को दिल्ली के भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान में ज्यादा उपज देने वाली 61 फसलों की 109 किस्में जारी कीं। इनमें 34 फसलें बाजरा, पशु चारा, तिलहन, दलहन, गन्ना, कपास, फाइबर और अन्य की हैं। वहीं, 27 बागवानी फसलें हैं, जिनमें फल, सब्जी, मसाले, फूल और औषधीय फसलों की विभिन्न किस्में शामिल हैं। इस दौरान पीएम ने किसानों और वैज्ञानिकों से बातचीत भी की। पीएम ने नैचुरल खेती के फायदों और जैविक खेती में आम लोगों के बढ़ते विश्वास के बारे में भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि लोगों ने जैविक फूड आइटम्स का उपभोग और मांग करना शुरू कर दी है। प्रधानमंत्री ने सुझाव दिया कि कृषि विज्ञान केन्द्र को हर महीने विकसित की जा रही नई किस्मों के बारे में किसानों को बताना चाहिए। वहीं, किसानों ने कहा कि ये नई किस्में बहुत फायदेमंद होंगी। इससे खर्च कम होगा और एन्वायर्नमेंट पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। एनसीपी (शरद गुट) के अध्यक्ष शरद पवार ने रविवार को किसानों की आय दोगुनी करने के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आश्वासन पर दावा किया कि भाजपा शासन में किसानों की आत्महत्याएं दोगुनी हो गई हैं। वे महाराष्ट्र के सोलापुर में एक रैली को संबोधित कर रहे थे।



पवार ने दावा किया कि किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य नहीं मिल रहा है और वे कर्ज में डूबे हुए हैं। इसके लिए कर्ज माफ किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि जब मैं कृषि मंत्रालय संभाल रहा था तब ऐसा किया गया था। पवार ने कहा- समय की मांग है कि राज्य में सरकार बदली जाए और ऐसी सरकार बनाई जाए जो किसानों, युवाओं और महिलाओं के हितों की रक्षा करे। केंद्र और राज्य की भाजपा सरकारों ने किसानों की मुश्किलें कम करने और युवाओं को रोजगार देने में अपनी शक्ति का इस्तेमाल नहीं किया है। लोकसभा में विपक्ष के नेता और राहुल गांधी ने 24 जुलाई को संसद में किसान नेताओं से मुलाकात की। किसान नेताओं का 12 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल संसद में राहुल के ऑफिस पहुंचा।

### किसानों को मिलने नहीं दिया, बाद में इजाजत मिलीः राहुल

मुलाकात से पहले राहुल ने आरोप लगाया था कि किसानों को संसद के अंदर नहीं आने दिया जा रहा है। राहुल ने कहा था कि, हमने उन्हें (किसान नेताओं को) यहां मिलने के लिए आमंत्रित किया था। लेकिन वे उन्हें यहां (संसद में) नहीं आने दे रहे हैं। क्योंकि वे किसान हैं, शायद यही कारण है कि वे उन्हें अंदर नहीं आने दे रहे हैं। इसके बाद किसानों को अंदर जाने की इजाजत मिली। संयुक्त किसान मोर्चा और किसान मजदूर मोर्चा ने 22 जुलाई को कहा था कि वे देशभर में मोदी सरकार के पुतले जलाएंगे।

हिंडनबर्ग के आरोपों पर सेबी और अडाणी समूह का जवाब

## निवेश की जानकारी इनकम टैक्स को पहले दे चुके, भाजपा बोली- ये विपक्ष की साजिश

संजीवनी टुडे

मुंबई। अमेरिकी शॉर्ट सेलर हिंडनबर्ग के आरोपों को बाजार नियामक सेबी और अदाणी समूह ने बेबुनियाद बताया है। सेबी ने रविवार को कहा कि उसने अदाणी समूह के खिलाफ सभी आरोपों की जांच की है। चेयरपर्सन माधबी बुच ने समय-समय पर सभी खुलासे किए हैं। उन्होंने हितों के संभावित टकराव से जुड़े मामलों से खुद को अलग किया है। सेबी के मुताबिक, सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुसार 3 जनवरी 2024 तक अडाणी समूह के खिलाफ 24 में से 22 जांच पूरी की है।

मार्च 24 तक एक और जांच पूरी कर ली गई। एक बाकी है। सेबी प्रमुख माधबी बुच और उनके पति धवल बुच ने भी हिंडनबर्ग के आरोपों को छवि धूमिल करने की कोशिश बताया। हिंडनबर्ग की रिपोर्ट को लेकर भाजपा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि पिछले कुछ साल में देखा जा रहा है जब संसद सत्र जारी होता है, उसी समय ऐसे आरोप आते हैं। पीएम पर डॉक्यूमेंट्री, हिंडनबर्ग रिपोर्ट उदाहरण हैं। साफ है कि विपक्ष के तार विदेशों से जुड़े हैं। इस बीच, बुच दंपती पर रविवार शाम हिंडनबर्ग ने फिर सवाल उठाए। सोशल मीडिया पर दस्तावेजों के साथ बताया कि सेबी में रहते हुए माधबी विदेशी फंड से जुड़ी थीं।



### हिंडनबर्ग ने जिनके नाम लिए, उनसे कारोबारी रिश्ते नहींः अदाणी समूह

हिंडनबर्ग की रिपोर्ट पर अडाणी समूह ने कहा है, सेबी प्रमुख से ग्रुप के कारोबारी रिश्ते नहीं हैं। सेबी प्रमुख के साथ जिन लोगों के नाम लिए गए हैं, उनसे भी समूह का लेनदेन नहीं है। विदेशी होल्डिंग पर उठाए गए सवाल बेबुनियाद हैं। समूह की विदेशी होल्डिंग का स्ट्रक्चर पूरी तरह पारदर्शी है। इसका इस्तेमाल धन के हेरफ़ेर के लिए नहीं किया गया। ग्रुप ने कहा- हिंडनबर्ग ने अपने फायदे के लिए सार्वजनिक रूप से उपलब्ध जानकारी का गलत इस्तेमाल किया। अडाणी ग्रुप पर लगाए आरोप पहले ही निराधार साबित हो चुके हैं। गहन जांच के बाद सुप्रीम कोर्ट ने जनवरी 2024 में हिंडनबर्ग के आरोपों को खारिज कर दिया था। धवल 2010 से 2019 के बीच यूनिलीवर में काम करते हुए लंदन और सिंगापुर में रहे। माधबी 2011 से 2017 के बीच सिंगापुर में एक प्राइवेट इक्विटी फंड, फिर स्वतंत्र कंसल्टेंट रहीं। हिंडनबर्ग ने जिस निवेश की बात की है, वह दंपती ने 2015 में किया था। 2017 में माधबी सेबी में आईं। यह निवेश धवल ने बचपन के दोस्त अनिल आहूजा की सलाह पर किया, जो उसके एक्र थे। 2018 में आहूजा ने यह फंड छोड़ दिया।

## जम्मू-कश्मीर में 48 घंटे के भीतर तीसरी आतंकी मुठभेड़

संजीवनी टुडे

### उधमपुर के बसंतपुल के जंगलों 3-4 आतंकी छिपे; अनंतनाग और किश्तवाड़ में भी सर्चिंग जारी

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर में बीते 48 घंटे के भीतर अनंतनाग और किश्तवाड़ के बाद उधमपुर में भी सेना और आतंकियों के बीच मुठभेड़ शुरू हुई। रविवार (11 अगस्त) की शाम सेना ने उधमपुर में 3-4 आतंकियों की मूवमेंट पकड़ी। इसके बाद सेना ने इन्हें पकड़ने के लिए बसंतगढ़ के जंगलों को हर तरफ से घेर रखा है। सेना के मुताबिक, 6 अगस्त को ये आतंकी भाग निकले थे, लेकिन एक बार फिर इनको ट्रैप बनाकर घेर लिया गया है। वहीं किश्तवाड़ जिले में भी 11 अगस्त की सुबह जंगल में आतंकियों के होने की सूचना मिली थी। इसके बाद सर्च ऑपरेशन के दौरान दोनों तरफ से कुछ देर के लिए फायरिंग हुई। सेना, पैरामिलिट्री फोर्सेज और पुलिस नौनट्टा, नागेनी पेयास और आसपास के इलाकों में ऑपरेशन चला रही है। इलाके में और सुरक्षा बल भेज दिया गया है। आतंकियों की तलाश जारी है। एक दिन पहले शनिवार (10 अगस्त) को अनंतनाग के कोकरनाग में आतंकियों की फायरिंग से हवलदार दीपक कुमार यादव और लांस नायक प्रवीण शर्मा शहीद हो गए थे। 3 जवान और 2 नागरिक घायल हुए थे। इनमें से एक नागरिक की आज अस्पताल में मौत हो गई। यहां भी सुरक्षाबलों का सर्च ऑपरेशन जारी है। सुरक्षाबलों को अनंतनाग के कोकेरनाग बेल्ट के अहलान गागरमांडू जंगल में 10,000 फीट की ऊंचाई पर आतंकियों की मौजूदगी की सूचना मिली थी। इसके बाद इलाके की घेराबंदी करके सर्च ऑपरेशन शुरू हुआ था। इसी दौरान आतंकियों के एक ग्रुप ने पैरा कमांडो सहित सेना के जवानों और पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। मुठभेड़ वाली जगह पर घनी झाड़ियां और बड़े-बड़े पत्थर भी हैं। यहीं पर आतंकी छिपे हुए हैं। माना जा रहा है कि अनंतनाग मुठभेड़ में शामिल आतंकी 16 जुलाई को डोडा के मुठभेड़ में शामिल थे। वहां सुरक्षाबलों से बचने के बाद वे किश्तवाड़ जिले से अनंतनाग में घुसे हैं।

मानहानि केस- केजरीवाल की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई

## ध्रुव राठी का वीडियो रीट्वीट करने के मामले में हाईकोर्ट के समन को चुनौती दी थी

संजीवनी टुडे

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट में आज दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की याचिका पर सुनवाई होगी। मई 2018 में केजरीवाल ने यूट्यूबर ध्रुव राठी की तरफ से सर्कुलेट किए गए मानहानिकारक वीडियो को रीट्वीट किया था। इसे लेकर केजरीवाल के खिलाफ मानहानि का केस दर्ज किया गया और दिल्ली हाईकोर्ट ने उन्हें समन भेजा था। केजरीवाल ने दिल्ली हाईकोर्ट के समन को चुनौती देने के लिए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की थी। जस्टिस संजीव खन्ना, संजय कुमार और आर. महादेवन की बेंच इस मामले की सुनवाई कर सकती है। इस मामले में केजरीवाल पहले ही स्वीकार कर चुके हैं कि उन्होंने वीडियो रीट्वीट करके गलती की थी। 11 मार्च को हुई सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट ने केजरीवाल से पूछा था कि क्या वह इस मामले में शिकायतकर्ता से माफी मांगना चाहते हैं। कोर्ट ने यह भी कहा था कि यह शिकायतकर्ता पर निर्भर करेगा कि वह इस माफीनामा को स्वीकार करता है या नहीं। दिल्ली हाईकोर्ट ने इस मामले में कहा था कि केजरीवाल ने शिकायतकर्ता के खिलाफ कही गईं अपमानजनक बातों की पुष्टि किए बिना उसे री ट्वीट किया।

### मई 2018 का है मामला

ध्रुव राठी ने 2018 में एक ट्वीट करते हुए ‘आई सपोर्ट नरेंद्र मोदी‘ नाम के ट्विटर पेज के संस्थापक और संचालक पर बीजेपी आईटी सेल पार्ट-2 जैसा व्यवहार करने का आरोप लगाया था। दिल्ली के सीएम केजरीवाल ने इस ट्वीट को रीट्वीट कर दिया था। इस वीडियो में विकास सांकृत्यायन नाम के व्यक्ति के बारे में अपमानजनक बातें कही गई थीं। मामला दिल्ली हाईकोर्ट पहुंचा तो कोर्ट ने यह कहते हुए मुकदमा रद्द करने से मना कर दिया था कि ट्वीटर पर केजरीवाल को बड़ी संख्या में लोग फॉलो करते हैं। उन्होंने



शिकायतकर्ता के खिलाफ कही गईं अपमानजनक बातों की पुष्टि किए बिना उसे रीट्वीट किया और करोड़ों लोगों तक फैलाया। केजरीवाल ने 26 फरवरी को सुप्रीम कोर्ट को बताया था कि उन्होंने भाजपा आईटी सेल से संबंधित कथित मानहानि वाले वीडियो को रीट्वीट करके गलती की थी। शिकायतकर्ता विकास सांकृत्यायन के वकील ने सुप्रीम कोर्ट से कहा था कि केजरीवाल सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स, जैसे कि एक्स (पहले ट्विटर) या इंस्टाग्राम पर माफी जारी कर सकते हैं। 26 फरवरी को सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाली केजरीवाल की याचिका पर नोटिस जारी किए बिना, शिकायतकर्ता से पूछा था कि केजरीवाल ने अपनी गलती मान ली है, तो क्या अब वे इस मामले को बंद करना चाहते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने निचली अदालत से कहा था कि वह केजरीवाल से जुड़े इस मानहानि मामले को अगले आदेश तक न सुने।

बेंगलुरु में कॉफी शॉप के वॉशरूम में हिडन कैमरा मिला

## डस्टबिन में छिपाकर रखा था, 2 घंटे से रिकॉर्डिंग हो रही थी, स्टाफ गिरफ्तार

संजीवनी टुडे

बेंगलुरु। कर्नाटक के बेंगलुरु में एक कॉफी शॉप के वॉशरूम में हिडन कैमरा मिला है। इसे टॉयलेट शीट के ठीक सामने डस्टबिन में छिपाकर रखा गया था। इसमें दो घंटे से रिकॉर्डिंग हो रही थी। इसे एक महिला ने पकड़ा। घटना शनिवार (10 अगस्त) की बेंगलुरु के बीईएल रोड स्थित थर्ड वेव कॉफी आउटलेट की है। कैफ़े में मौजूद एक शख्स ने सोशल मीडिया पर घटना की जानकारी शेयर की। उन्होंने बताया कि फोन को डस्टबिन बैग के अंदर सावधानी से छिपाया गया था, जिसमें केवल कैमरा ही दिखाई दे रहा था। फोन फ्लाइट मोड पर था, जिससे कॉल या मैसेज आने पर किसी तरह की आवाज न आए। मामले में कैफ़े के एक स्टाफ को अरेस्ट किया गया है। वॉशरूम में फोन मिलने पर महिला ने कैफ़े के कर्मचारियों को जानकारी दी। पता चला कि फोन वहां काम करने वाले एक स्टाफ का ही है। इसके बाद पुलिस को मामले की सूचना दी गई। सदाशिवनगर पुलिस ने बताया कि पीड़ित महिला की एक दोस्त ने मामले की शिकायत की थी। इसके बाद कॉफी शॉप के एक स्टाफ को गिरफ्तार किया गया। आरोपी करीब 20 साल का है और कर्नाटक के भद्रावती का रहने वाला है। उसके खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 77 (किसी महिला की निजी तस्वीरों को उसकी सहमति के बिना देखना, कैप्चर करना और प्रसारित करना) और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज की गई है। थर्ड वेव कॉफी ने घटना को लेकर विवाद के बाद सोशल मीडिया पर प्रतिक्रिया दी। कंपनी ने लिखा- हमें बेंगलुरु में हमारे बीईएल रोड आउटलेट पर हुई घटना पर दुख है। हम थर्ड वेव कॉफी में ऐसी हरकतें बिल्कुल बर्दाश्त नहीं करते हैं। हमने आरोपी को तुरंत बर्खास्त कर दिया है। थर्ड वेव कॉफी फ़ेमस कॉफी चेन है, जिसके पूरे भारत में आउटलेट हैं। कंपनी की वेबसाइट के अनुसार, भारत के 6 शहरों में इसके 90 से ज्यादा कैफ़े हैं।

पंजाब मेल में आग लगने की अफवाह, भगदड़ मची

## शाहजहांपुर में 50 की स्पीड पर चल रही ट्रेन से 30 लोग कूदे, 20 घायल

संजीवनी टुडे

शाहजहांपुर। शाहजहांपुर में पंजाब मेल एक्सप्रेस में आग लगने की अफवाह के बाद भगदड़ मच गई। जनरल कोच में यात्री एक-दूसरे को कुचलते हुए भागने लगे। 30 यात्री 50 किमी/घंटे की स्पीड से चल रही ट्रेन से कूद गए। घटना में 20 यात्री घायल हैं। 6 की हालत गंभीर है, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना रविवार सुबह 8.30 बजे बरेली और कटरा स्टेशन के बीच की है। पंजाब मेल (ट्रेन नंबर-13006) अमृतसर से हावड़ा जा रही थी। बरेली में रुकने के बाद ट्रेन शाहजहांपुर के लिए रवाना हुई। करीब 60 किमी चलने के बाद ट्रेन बहगुल नदी के पुल के करीब पहुंची। तभी किसी यात्री का हाथ आग बुझाने वाले इक्विपमेंट पर लग गया। इक्विपमेंट गैलरी में गिर गया, जिससे उसकी नॉब निकल गई और आग बुझाने वाला केमिकल निकलने लगा। ये देखकर यात्रियों को लगा कि ट्रेन में आग लग गई है। पलक झपकते ही कोच में भगदड़ मच गई। यात्री एक-दूसरे को रौंदते हुए दूसरे गेट की तरफ भागने लगे। जिस वक्त कोच में यह सब हो रहा था।

### कोच में भगदड़, अफरा-तफरी

हादसे में घायल यात्रियों ने भास्कर को बताया कि अफवाह फैलते ही कोच में अफरातफरी मच गई। जो यात्री जिस कंडीशन में बैठा था, वह भागने लगा। कुछ ही सेकेंड में पूरे कोच में भगदड़ मच गई। यात्री एक-दूसरे को धक्का देकर आगे निकलने लगे। कई यात्री नीचे गिर पड़े, भीड़ उन्हें कुचलते हुए निकल गई। जब लगा कि दूसरी बोगी में नहीं भाग पाएंगे तो कई यात्री



ट्रेन से कूद गए। कोच में भगदड़ मचने के बाद किसी यात्री ने चेन पुलिंग कर दी। ट्रेन रुकते ही चालक और गार्ड ने कोच की जांच की। सब कुछ ठीक निकला। करीब 45 मिनट तक ट्रेन कटरा स्टेशन के पास बहगुल नदी के पुल पर खड़ी रही। इसके बाद ट्रेन को शाहजहांपुर के लिए रवाना किया गया। घायलों को भी इसी ट्रेन से शाहजहांपुर लाया गया। ट्रेन सुबह 10.10 बजे शाहजहांपुर स्टेशन पहुंची। ट्रेन के पहुंचते ही रेलवे अफसरों ने 6 घायलों को अस्पताल भेजा। बाकी का प्राथमिक उपचार किया गया। शाहजहांपुर स्टेशन अधीक्षक पीएस तोमर ने बताया- बरेली के बिलपुर स्टेशन को ट्रेन क्रॉस कर कटरा स्टेशन पहुंच रही थी। स्टेशन से पहले ही ट्रेन के स्लीपर कोच के पीछे लगे जनरल डिब्बे में किसी यात्री का हाथ आग बुझाने वाले यंत्र पर लग गया। यंत्र के गैलरी में गिरने से आग बुझाने वाला केमिकल निकलने लगा। यात्रियों को लगा कि ट्रेन में आग लग गई। भगदड़ मचने से पांच-छह यात्री ट्रेन से कूद गए।

## वन एवं पर्यावरण मंत्री ने की जनसुनवाई, जनसुनवाई में 103 फरियादियों ने दी परिवेदनाएं

# आमजन की परिवेदनाओं के त्वरित निराकरण हेतु दिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश

■ संजीवनी टुडे

अलवर। वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने आज अम्बेडकर नगर स्थित भाजपा कार्यालय में जनसुनवाई कर आमजन की परिवेदनाओं को सुनकर संबंधित अधिकारियों को त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिये। मंत्री शर्मा ने आमजन की समस्याओं को गंभीरता से सुनकर कहा कि आमजन की परिवेदनाओं का त्वरित निराकरण कराना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने फरियादियों को गंभीरता से सुनकर संबंधित अधिकारियों को दूरभाष से परिवेदनाओं के त्वरित निस्तारण के निर्देश देते हुए कहा कि प्रत्येक परिवेदना के निस्तारण की सूचना फरियादियों को दी जाए।



### ये रही परिवेदनाएं

भूगोर में सडक व नाली बनवाने, देवखेडा अम्बेडकर नगर में कचरा एकत्रण स्थल में परिवर्तन कराने, बिचला सोनावा में पानी की पाइप लाइन डालने से क्षतिग्रस्त सडक को ठीक कराने, प्रेम कुंज कॉलोनी में पेयजल पाइप लाइन को चालू कराने, बेलाका (मुल्तान नगर) में सीसी सडक बनाने, गोपाल टॉकीज के पीछे मौहल्ले में पेयजल आपूर्ति कराने, एनईबी सैक्टर 2 में विद्युत ट्रांसफार्मर का लोड बढवाने व सीवर लाइन के ढक्कन लगवाने, स्कीम नं. 8 अरावली विहार में नियमित साफ-सफाई कराने, बहादुरपुर मौहल्ला ठाकरवाडी में सरकारी जमीन व आम रास्ते से अतिक्रमण हटवाने, राजगढ में डेरा का बांध व माचाडी बांध में हो रहे रिसाव की मरम्मत कराने, बानसूर के ग्राम भूपसेडा के निवासी द्वारा इंतकाल खुलवाने सहित पेयजल, यूआईटी, नगर निगम, पुलिस, विद्युत एवं स्थानांतरण आदि के प्रकरण बडी संख्या में जनसुनवाई में आए।

मंत्री श्री शर्मा ने दूरभाष से संबंधित अधिकारियों को त्वरित निराकरण कराने के निर्देश दिये तथा वर्षा ऋतु के पश्चात सडक आदि बनवाने का विश्वास दिलाया। इस दौरान नगर निगम के महापौर घनश्याम गुर्जर, सतीश यादव, पं. जलेसिंह, गोरधन सिंह सिसोदिया, ऋषिराज शर्मा, डॉ. के.के शर्मा, राजेन्द्र कसाणा, रामोवतार चौधरी, शिवदयाल यादव, दिनेश गुप्ता सहित प्रबुद्ध व्यक्ति, संबंधित अधिकारी एवं बडी संख्या में फरियादी मौजूद रहे।

# भाजपा मालाखेड़ा मंडल में वृहद कार्य समिति की बैठक संपन्न

■ संजीवनी टुडे

मालाखेड़ा । रविवार को मालाखेड़ा मंडल की वृहद कार्य समिति की बैठक मंडल अध्यक्ष अशोक तिवाडी की अध्यक्षता में मालाखेड़ा स्थित शर्मा मेंशन तुलसीराम की बगीची के पास संपन्न हुई। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में बैठक प्रभारी जिला उपाध्यक्ष रमन गुलाटी , मालाखेड़ा प्रधान वीरमति , उमरेन प्रधान दौलत राम , पवन कुमार संघ स्वयंसेवक , रामनिवास जाट , शिवचरण शर्मा , नेहरू मीणा रहे। सर्वप्रथम सभी अतिथियों ने पंडित दीनदयाल जी व श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर पुष्प एवं माला अर्पित करते हुए वंदे मातरम गीत गाया तथा सभी अतिथियों का पार्टी का दुपट्टा पहनाकर स्वागत सम्मान किया गया द्य मंडल अध्यक्ष ने अपने उद्बोधन में सभी अतिथियों एवं कार्यकर्ताओं का स्वागत किया तथा कार्यकर्ताओं से आवाहन किया कि आप पार्टी की रीड की हड्डी है , आपकी मेहनत से राज्य एवं केंद्र में भाजपा की सरकार बनी है , जनहित के कार्यों में पारदर्शिता से अपनी भागीदारी निभाएं। भ्रष्टाचार को जड़ से मिटाने का मिशन हमारे मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने लिया है कार्य समिति में माननीय नरेंद्र मोदी का तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने का अभिनंदन प्रस्ताव रामनिवास जाट ने पढा। अभिनंदन प्रस्ताव का अनुमोदन पंचायत समिति सदस्य एवं विधानसभा संयोजक शिवचरण शर्मा ने किया, राजनीतिक प्रस्ताव पवन कुमार संघ स्वयंसेवक ने पड़ा राजनीतिक प्रस्ताव का अनुमोदन प्रधान वीरमति ने किया। उमरेन प्रधान दौलत राम ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कार्यकर्ता लगन और मेहनत से इसी प्रकार कार्य करते रहें आगामी पंचायत एवं निकाय चुनाव में निश्चित रूप से सफलता प्राप्त करेंगे। इस अवसर पर भाजपा के सैकड़ो निष्ठावान कार्यकर्ता उपस्थित रहे द्य कार्यक्रम का संचालन महामंत्री रामजस चौधरी ने किया।



## खबरें फटाफट

### एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत किया पौधारोपण




■ संजीवनी टुडे

थानागाजी। रविवार एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत मानवतावादी यूथ क्लब, थानागाजी (नेहरू युवा केंद्र अलवर) के तत्वाधान में यूथ क्लब के सदस्यों ने ''एक पेड़ मां के नाम'' के तहत पौधारोपण किया।साथ ही अधिक से अधिक वृक्षारोपण करके पर्यावरण को बढ़ावा देने हेतु संकल्प किया। इस दौरान राम प्रताप समरा, सियाराम योगी,मोहन वर्मा,मायाराम मीणा,धौलाराम कुम्हार आदि उपस्थित रहे।

### बारिश के राजगढ़ सहित आसपास के इलाकों में अनेक जगह ढहे मकान, पीड़ित परिवारों ने मांगा सरकार से मुआवजा



■ संजीवनी टुडे

राजगढ़(अलवर)। राजगढ़ सहित आसपास के क्षेत्रों में लगातार हो रही बारिश से अनेक जगह पुराने मकान ढह गए। कस्बे के समीपवर्ती ढ़िगावड़ा गांव में भारी बरसात में रविवार प्रात 10 बजे ओमप्रकाश जोशी पुत्र कल्याण सहाय जोशी का मकान गिर गया। यह परिवार बीपीएल परिवार है। पीड़ित परिवार ने राज्य सरकार द्वारा मकान बनाने के लिए परिवार जनों ने आर्थिक मदद की मांग की है। यह सभी जानकारी ढिगावड़ा के सरपंच कमलेश मीणा द्वारा दी गई है। वहीं कस्बे के बारलाबास में बरसात से बारलाबास में मिठ्ठू धोबी का मकान गिर गया गनीमत यह रही कि कोई जनहानि नहीं हुई। वहीं तेज बरसात में कस्बे में पोस्ट ऑफिस के सामने स्थित रोशन जागा का मकान ध्वस्त हो गया। उपखंड के समीपवर्ती राजौरगढ़ ग्राम पंचायत के मांडलवास में नीचले इलाकों में पानी भर जाने से घरों में पानी घुस गया।

### पूर्व विधायक रामलाल शर्मा के नेतृत्व में हर घर तिरंगा अभियान को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक



■ संजीवनी टुडे

चौमूँ। शहर के रेनवाल रोड स्थित रजवाड़ा गार्डन में भारतीय जनता पार्टी विधानसभा क्षेत्र चौमूँ में हर घर तिरंगा अभियान को लेकर पूर्व विधायक रामलाल शर्मा के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं का पार्टी का दुपट्टा ओढ़कर स्वागत किया गया। पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के आह्वान पर आज़ादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत कार्यकर्ताओं को हर घर तिरंगा अभियान को लेकर प्रत्येक बूथ पर घर-घर तिरंगा फहराने का आह्वान किया। उन्होंने 14 अगस्त को प्रातः 10 बजे चौमूँ में गढ़ गणेश मंदिर से तिरंगा रैली का आयोजन किया जाएगा। तिरंगा रैली को लेकर कार्यकर्ताओं को अलग- अलग जिम्मेदारिया सौंपी। इस मोके पर भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष गजानंद कुमावत, देहात मण्डल कालाडेरा अध्यक्ष बनवारी शर्मा, बाँसा मण्डल अध्यक्ष श्रीराम शर्मा, गोविन्दगढ़ मण्डल अध्यक्ष गोपाल डेनवाल, प्रधान रामस्वरूप यादव, पूर्व प्रधान महेश मीणा, नगरपालिका नगरपालिका पूर्व अध्यक्ष प्रतिनिधि डॉ जितेंद्र कुमावत, पूर्व उपाध्यक्ष कालूराम जाट सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी, जनप्रतिनिधिगण एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

# भाजपा मंडल माचाड़ी की मंडल कार्यसमिति की बैठक में आगामी कार्यक्रमों की हुई चर्चा

■ संजीवनी टुडे

राजगढ़(अलवर)। भारतीय जनता पार्टी मंडल माचाड़ी की मंडल कार्य समिति कि बैठक का आयोजन मंडल अध्यक्ष बनवारी लाल मीना की अध्यक्षता में किया गया। जिसके मुख्य वक्ता विजय समर्थलाल मीणा पूर्व विधानसभा प्रत्याशी राजगढ़-लक्ष्मणगढ़ व विशिष्ट अतिथि श्रीकांत सैदावत जिला पार्षद प्रतिनिधि रहे। सर्वप्रथम डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी, भारत माता पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के चित्रों पर पुष्पमाला भेंट कर दीप प्रज्वलित कर आगंतुक कार्यकर्ताओं का भाजपा का दुपट्टा पहन कर स्वागत किया गया तथा भारतीय जनता पार्टी के विधानसभा तथा लोकसभा चुनावो के विषय पर विश्लेषण कर चर्चा की गई तथा अपने बूथ को कैसे मजबूत किया जाए। विजय समर्थलाल मीना ने आगामी सतत कार्यक्रम चलने वाले विषय पर सभी कार्यकर्ताओं को आह्वान किया आगामी 12 अगस्त, 13 अगस्त को सभी महापुरुषों के धार्मिक स्थान पर साफ सफाई तथा 14 अगस्त को हर घर तिरंगा तथा विधानसभा स्तर पर तिरंगा यात्रा युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं द्वारा निकल जाएगी। 15 अगस्त 2024 को मंडल के प्रत्येक प्रतिष्ठान पर झंडा रोहण का कार्यक्रम किया जाएगा। 16 अगस्त को मां के नाम पर एक पौधारोपण कार्यक्रम प्रत्येक बूथ स्तर पर तथा 19 अगस्त को रक्षाबंधन के शुभ अवसर पर टोली बनाकर रक्षाबंधन का कार्यक्रम किया जाएगा। इस अवसर पर मंडल महामंत्री पूरण सिंह महामंत्री राजकुमार वर्मा महामंत्री रत्न तिवाड़ी मंडल उपाध्यक्ष रामगोपाल शर्मा मंडल उपाध्यक्ष संकर लाल सैनी मंडल शक्ति केंद्र सयोंजक हरबक्स यादव, महेश इंदौरिया, दिनेश शर्मा, गिर्राज सिंह युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष सुनील सिंह ओबीसी मोर्चा मण्डल अध्यक्ष कैलाश चंद साहू, एस टी मोर्चा मंडल अध्यक्ष सूरजन राम मीना, एस सी मोर्चा मण्डल अध्यक्ष सोनू बैरवा ऑडपुर मंडल मिडिया प्रभारी जसराम यादव बूथ अध्यक्ष, बूथ पालक आदि कई दर्जन कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना अमूल्य समय का योगदान दिया।



# रैणी-राजगढ क्षेत्र के बांधों के रखरखाव सहित माचाड़ी की अनेक मांगो के लिए ज्ञापन दिया: मोहरसिंह मीना

■ संजीवनी टुडे

राजगढ़(अलवर)। क्षेत्र में इस सीजन में अच्छी बारिश हो रही हैं । इस अच्छी बारिश में कई वर्षो बाद क्षेत्र के बांधों में पानी की लगातार आवक जारी हैं किसान इस बार यह उम्मीद लगाए बैठे हैं कि इन बांधों के भरने से गहराते जल संकट से थोड़ी राहत मिलेगी। राजगढ-रैणी क्षेत्र भूमिगत जलस्तर के विषय में डार्क जोन में आता हैं तथा इस क्षेत्र के बांधों के भरने से भूमिगत जल स्तर में सुधार होता हैं । क्षेत्र का देवती का बांध,बीघोता बांध,मल्लाना बांध,बाघोला बांध,डेरा बांध,जामडोली बांध,लखना का बांध,माचाड़ी का बांध इत्यादि बांधो से नहरों के माध्यम क्षेत्र में सिंचाई होती थी तथा भूमिगत जल स्तर कम गहरा था। आम लोग कुंओं में कूद कूद स्नान करते थे। इस बार के मानसून ने वही उम्मीद पुनः जाग्रत की हैं लेकिन समय के साथ साथ इन बांधों की हालत जर्जर होने से तथा कुछ लोगों द्वारा बार बार इनका गेट खोलने से इन बांधों में पानी निकल जाता हैं। इस गंभीर विषय को लेकर माचाड़ी की पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि एवं सामाजिक कार्यकर्ता मोहर सिंह मीना ने वन एवं पर्यावरण मंत्री संजय शर्मा को ज्ञापन देकर निवेदन किया कि सभी बांधों के गेट नहीं खोले जावें तथा पानी की निकासी बंद हो । इसको लेकर मंत्री संजय शर्मा ने तुरंत ही सिंचाई अभियंता को फोन कर डेरा बांध सहित सभी बांधों की मरम्मत कराने तथा चोरी छिपे मोरी खोलने वाले वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। इसी के साथ माचाड़ी- सालोली रोड़ पर बाईपास तथा मांकड़ बांस एवं राव कोठी को सड़क से जोड़ने तथा एकलव्य माडल स्कूल से डोरोली तक सार्वजनिक निर्माण विभाग की सड़क बनाने के मांग की। माचाड़ी की घाटी को कटी घाटी की तर्ज पर विकसित करने की भी मांग की तथा लव-कुश वाटिका का विस्तार माचाड़ी तक करने की मांग की। साथ ही माचाड़ी में हेमचंद्र विक्रमादित्य के पैनोरमा का निर्माण कार्य शुरू करवाने का निवेदन किया। मंत्री ने सभी मांगो को अति गंभीरता से सुनते हुए सभी समस्याओ का समाधान का आश्वासन दिया।



# आदिवासी भील विकास समिति का गठन



■ संजीवनी टुडे

रामदेवरा। विश्व आदिवासी दिवस पर रामदेवरा गांव में स्थित जेठा भोमिया जी मन्दिर पर भील समाज रामदेवरा के समस्त गणमान्य लोगों की उपस्थिति में भील विकास समिति रामदेवरा का गठन किया गया जिसका अध्यक्ष छगनाराम भील उपाध्यक्ष व कोषाध्यक्ष मुकेश अध्यापक गुलाबराम भील, मुकेश सचिव मोहन राम भील महासचिव नारायण राम भील मीडिया प्रभारी छगनभील संगठन मंत्री अर्जुनराम भील सरक्षक मोहनराम सूचना मंत्री किशन भील व्यवस्थापक दुर्गाराम भील को बनाया गया। सभी लोगो की सहमति से इस कमेटी का गठन किया गया। अतः इस अवसर पर समाज द्वारा बनाई गई मृत्यु भोज प्रथा को मिटाने और कमेटी के सदस्य स्वयं मृत्यु भोज नहीं खाने और अपने परिवार को इस प्रथा को बंद करने का संकल्प लिया गया है। कमेटी गठित के समय समाज के कई लोग मौजूद रहे। उपस्थित युवा शक्ति गुलाबाराम भील, जेठाराम भील, दुर्गाराम भील, मोहनराम भील, चंपाराम भील, जेठाराम भील, मनोहर भील, देवी लाल भील, ओमप्रकाश भील, दुर्गा राम भील, श्रवण कुमार भील, अशोक कुमार भील, सवाई राम भील, कृष्णा राम भील, दिनेश कुमार भील, मोहन राम भील, अर्जुनराम भील, नारायण भील, नरेश कुमार भील, दपाराम भील, दौलत भील, राजूराम भील, विक्रम भील, महिपाल भील, हीराराम, जानवीर भील, घेवरराम, पेपा राम भील, सुमेर भील, संजय कुमार भील, विनोद कुमार, रामलाल, टिकुराम, नरपतराम सहित कई लोग मौजूद रहे।

### बजरी के ओवरलोड वाहनों पर कब लगेगी लगाम, बिना नंबरों के वाहान सरपट दौड़ रहे



■ संजीवनी टुडे

चाकसू। यहां नेशनल हाईवे 52 पर लगातार सड़क हादसे हो रहे हैं । और लेकिन जिम्मेदार लोगों की अनदेखी से हादसे पर लगाम नहीं लग रहा है । यहां बजरी के भारी वाहन ओवरलोडिंग चल रहे हैं । नहीं तो बजरी के ओवरलोडिंग ट्रैकों के ऊपर जा रही बजरी के ऊपर ट्रिपाल से ढका नहीं जाता है । जिससे बजरी उड़ उड़ कर दो पहिया वाहन चालकों के आंखों पर गिरती है । और जिससे हादसे से लगातार हो रहे हैं । वही हाईवे पर लगातार बजरी के ओवरलोडिंग वाहन गुजर रहे हैं । जिनके रजिस्ट्रेशन के नाम पर नंबर प्लेटों पर नंबर नहीं मिल रहे हैं । और वही नेशनल हाईवे पर परिवहन विभाग के अधिकारी उन वाहनों पर कोई कार्रवाई नहीं करते हैं । जहां हाईवे पर अलग अलग जगह दो-दो परिवहन विभाग के अधिकारी रहते हैं । लेकिन फिर भी ओवरलोडिंग बजरी वाहनों पर कोई कार्रवाई नहीं होती है । वहीं प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि ओवरलोडिंग वाहनों पर नंबर नहीं होने के कारण कभी भी कोई हादसा हो जाए तो किस प्रकार से उनको पहचान की जायेगी अगर यहां के जिम्मेदार लोग यहां पर ओवरलोडिंग वाहनों पर ध्यान देंगे तो हादसा होने में रुकावट आ सकती है ।

# श्री देवनारायण भगवान की पदयात्रा को लेकर बैठक का हुआ आयोजन

■ संजीवनी टुडे

चाकसू। कस्बे के कोटखावदा रोड़ पर स्थित वीर गुर्जर छात्रावास में रविवार को वीर गुर्जर विकास संगठन समिति चाकसू की बैठक तहसील अध्यक्ष रामसहाय रावत की अध्यक्षता में गुर्जर छात्रावास में संपन्न हुई। बैठक में आगामी सितम्बर माह को भगवान देवनारायण जोधपुरिया धाम की विशाल पैदल यात्रा की चाकसू में व्यवस्थाओं को लेकर चर्चा हुई। बैठक में समाज के पंच पटेल सहित कई गांवो से आए समाज के लोग मौजूद थे। गुर्जर समाज मीडिया प्रभारी कैलाश गुर्जर ने जानकारी देते हुए बताया कि तहसील अध्यक्ष रामसहाय रावत की अध्यक्षता में सितम्बर को आने वाली देवनारायण भगवान की पदयात्रा को लेकर मीटिंग का आयोजन हुआ। जिसमें देवनारायण भगवान की विशाल पैदल यात्रा की रात्रि विश्राम व भोजन सहित व्यवस्थाओं को लेकर चर्चा की गई। चाकसू क्षेत्र से अलग-अलग गांवो से आए समाज के लोंगो को पदयात्रा की तैयारियों को लेकर अलग-अलग जिम्मेदारिया दी गई है। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि पदयात्रा के दिन वीर गुर्जर विकास संगठन समिति चाकसू की तरफ़ से चाकसू उपखण्ड क्षेत्र के गुर्जर समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का जिन्होंने कक्षा 10-12वीं में लडकियां 75 प्रतिशत अंक व लड़को ने 80 प्रतिशत अंक प्राप्त किए है। उन छात्र-छात्राओं को वीर गुर्जर विकास संगठन समिति ओर से सम्मानित करने का निर्माण लिया गया। श्रीदेवनारायण भगवान की विशाल पदयात्रा में दिल्ली हरियाणा, पंजाब, दौसा, कोटपुतली सहित प्रदेशभर से चाकसू पहुंचने वाले पदयात्रियों की भोजन की व्यवस्था वीर गुर्जर विकास समिति चाकसू तहसील अध्यक्ष रामसाय रावत की तरफ़ से की जाएंगी। इस दौरान पूर्व नगरपालिका चेयरमैन राजेंद्र गुर्जर, राजस्थान युवा गुर्जर महासभा प्रदेश महासचिव लालाराम धाकड़, पंचायत समिति सदस्य भागीरथ डोई, उपाध्यक्ष विजयलाल डोई, जगदीश कोली बद्रीनारायण बड़िया, झूथाराम डोई, हरी घटाना, रामकीशोर हरसाना, रतन खींची, रामजीलाल कावर, बाबूलाल गुर्जर, भूणाराम गुर्जर चौसला सहित समाज के अनेक पंच पटेल मौजूद रहे थे।



# नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने लोक देवता बाबा भर्तृहरि धाम में पूजा कर जनता की खुशहाली की कामना की

■ संजीवनी टुडे

अलवर। नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने सरिस्का क्षेत्र में स्थित लोक देवता बाबा भर्तृहरि धाम में पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया और प्रदेश की जनता की खुशहाली की कामना की। जूली ने कहा कि जन आस्था के केंद्र बाबा भर्तृहरि धाम पर 12 महीने श्रद्धालुओं का तांता लगा रहता है। उन्होंने इस दौरान श्रद्धालुओं को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से लगाए गए एक वाटर कूलर का भी उद्घाटन किया। इससे पूर्व जूली ने अलवर के नटणी के बारां में पिछले कई दिनों से लगातार हो रही बारिश के चलते रूपारेल नदी में पानी की आवक पर भगवान इंद्र का शुक्रिया जताते हुए कहा कि न केवल शहर बल्कि पूरे जिले को बरसात के इस पानी का फायदा मिलेगा। जूली ने बताया कि उनके विधायक के कार्यकाल और पूर्व केंद्रीय मंत्री भंवर जितेंद्र सिंह के कार्यकाल में करीब 25 लाख रुपए और मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने करीब 4.50 करोड रुपए बारां बीयर चैनल की खुदाई के लिए दिए थे साथ ही यहां अतिक्रमण चिन्हित कर नदी के बहाव को सुचारु करने के प्रयास किया गए थे जो कि सार्थक साबित हुए। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी के मंत्री और अलवर शहर विधायक पर कटाक्ष करते हुए कहा कि जब कांग्रेस की सरकार थी तब राज्य सरकार के मंत्री नटणी का बारां में बैठकर धरना प्रदर्शन कर रहे थे और सरकार को कोस रहे थे लेकिन अब उनकी सरकार प्रदेश में राज कर रही है ऐसे में अब उनकी जिम्मेदारी बनती है की रूपारेल नदी का पानी सहजने के लिए उचित प्रबंध किया जाए ताकि अलवर की जनता को पानी उपलब्ध हो सके। उन्होंने कहा कि धरना प्रदर्शन और आडंबर का दौर अब गया अब जरूरत है कि जनता के हित में अलवर जिले के लिए नासूर बनी पानी की समस्या के समाधान की दिशा में काम करें अब तो इंद्र भगवान भी पूरा साथ दे रहे ।



# नेक का एक नन्ही मुस्कान कार्यक्रम के शुभारंभ पर बेटियों को रक्षा बंधन के दिए उपहार, दिया पढ़ाई कराने का वचन

■ संजीवनी टुडे

अलवर। नेक कमाई और डॉ. गोपाल रॉय चौधरी ट्रस्ट की ओर से रविवार को अलवर में रक्षा बंधन एक नन्हीं मुस्कान कार्यक्रम की विधिवत शुरूआत हुई। इस अभियान के प्रथम चरण में लोहा मंडी स्थित कच्ची बस्ती में बेटियों को उपहार, कपड़े, शिक्षण सामग्री और स्कूल बैग सहित बहुत से जरूरी सामान वितरित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राजकीय कॉमर्स महाविद्यालय के प्रिंसीपल डा. सत्यभान यादव थे जबकि अध्यक्षता सरंक्षक दौलत राम हजरती ने की। कार्यक्रम में शिक्षाविद उमा बजाज ने कहा कि बेटियों को आगे बढने के लिए आवश्यक सुविधाएं इनको दी जाएंगी जिसके लिए पूरा समाज साथ हैं। इसमें खानचंद चिमनी बाई हजरती ट्रस्ट, गुलाब देवी बंसल स्मृति ट्रस्ट और आलमचंद भागवंती देवी गांधी ट्रस्ट का सहयोग रहा। इस अवसर पर यूथ आइकन और प्रधानमंत्री से इस स्वतंत्रता दिवस पर संवाद करने के लिए चयनित निष्ठा नारंग ने बेटियों को आगे बढने के लिए पढना आवश्यक बताया। कार्यक्रम में समाजसेविका सोनिका अरोड़ा, रेनू भायना, युवा समाजसेवी तारेश जोरवाल, पुष्प दुलानी, शंकर शर्मा, आशीष शर्मा, सीए सुशील बंसल, सौरभ कालरा और संतोष अदलकखा ने उपहार दिए। इससे पहले सभी ने बेटियों को रक्षा सूत्र बांधा। कार्यक्रम में बेटियों को पढ़ाने की सेवा करने वाली नीतू को विशेष कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। बेटियां बेटों से आगे, मिले माहौल कार्यक्रम में कॉमर्स महाविद्यालय के प्रिंसीपल डा. सत्यभान यादव ने कहा कि बेटियां बेटो से अधिक आगे निकल गई है जिसके लिए समाज को उनके अनुकूल माहौल देना चाहिए। इस कच्ची बस्ती में बेटियां अब पढने लगी है जिसके लिए नेक कमाई फाउंडेशन किसी संसाधन की कमी नहीं आने देगा। इनके परिजनों को इनको पढ़ाने के लिए स्वप्रेरित किया जाएगा। कार्यक्रम में युवा समाजसेवी तारेश जोरवाल ने कहा कि नेक कमाई की ओर से ऐसी कच्ची बस्तियों में इवनिंग कलासेज लगाई जाएंगी जिसमें कठिन विषयों को पढ़ाया जाएगा। महिला विंग संयोजक सोनिका अरोड़ा ने कहा कि हमें ऐसी बेटियों को पढ़ाने में सहायता देनी चाहिए। अंत में मुख्य कोर्डिनेटर अभिषेक तनेजा ने सभी का आभार जताया ओर बताया कि रक्षा बंधन पर कच्ची बस्तियों में चयनित बेटियों को उपहार व शिक्षण सामग्री वितरित करने के कार्यक्रम की शुरूआत की गई है।



## खबरें फटाफट

### पेहल के अनंत श्री गोरक्षनाथ आश्रम में चादर रस्म आज

■ संजीवनी टुडे

खैरथल। खैरथल जिले के पेहल में स्थित नाथ संप्रदाय के प्रसिद्ध आश्रम अनंत श्री गोरक्षनाथ आश्रम के संस्थापक महंत प्रभातीनाथ महाराज के ब्रह्मलीन होने के बाद, आश्रम के दूसरे महंत के लिए सोमवार 12 अगस्त को चादर रस्म का आयोजन किया जाएगा । नाथ संप्रदाय के संतों व पंच-पटेलों की सर्वसम्मति से महंत के पद पर ब्रह्मलीन महंत प्रभातीनाथ महाराज के शिष्य बालयोगी बालकनाथ महाराज को आसीन कराया जाएगा । आश्रम के परिसर में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में सोमवार को नाथ संप्रदाय की परंपरा के अनुसार विधि-विधान पूर्वक पूजा अर्चना सुबह 7 बजे से शुरू कराई जाएगी । इसके बाद सुबह 10 बजे अखिल भारतीय नाथ संप्रदाय के उपाध्यक्ष रोहतक के अस्थल बोहर के बाबा मस्तनाथ मठ के मठाधीश व तिजारा के विधायक महंत बालकनाथ योगी जी के द्वारा नाथ संप्रदाय के संतो सहित चादर रस्म पूरी की जाएगी।


### अलवर का प्रसिद्ध कलाकंद अब भिवाड़ी में मिलेगा




■ संजीवनी टुडे

अलवर। अलवर का प्रसिद्ध कलाकंद अब भिवाड़ी में भी मिलने लगा है। बाबा ठाकुरदास एंड संस के भिवाड़ी में नए प्रतिष्ठान की शुरूआत रविवार को हुई। इस अवसर पर भिवाड़ी के गणमान्य लोगों ने इस शुरूआत की सराहना की। अलवर- भिवाड़ी बाई पास पर हांगकांग बाजार में यह प्रतिष्ठान खुला है। इस अवसर पर बाबा ठाकुरदास एंड संस की ओर से महेन्द्र तनेजा, अभिषेक तनेजा और आशीष तनेजा ने अतिथियों का स्वागत किया। अभिषेक तनेजा ने बताया कि यहां ताजा कलाकंद सहित अलवर में हमारे प्रतिष्ठान में मिलने वाली मिठाइयों की श्रृंखला यहां उपलब्ध होगी जिसकी काफी लंबे समय से मांग चली आ रही थी।

### आखिर बेजुबान बन्दर की आवारा कुत्तों ने ली जान , जिम्मेदारों की अनदेखी से बंदर की हुई मौत



■ संजीवनी टुडे

चाकसू । वर्षा के मौसम के चलते आवारा कुत्तों को आतंक बढ़ गया है जिसके तहत कोटखावदा थाना क्षेत्र के गरुडवासी में आवारा कुत्तों ने एक बन्दर की जान ले ली गई और वही घयल बन्दर भी 2 दिन तक मोत जिंदगी के लड़ता रहा लेकिन किसी ने भी उसके उपचार की जहमत तक नही उठायी जिससे आखिर उसने दम तोड़ दिया है । और गौरतलब है उपखण्ड में इन दिनों आवारा कुत्तों का ज्यादा ही आतंक फ़ेल गया वह इन दिनों जो भी इनकी चपेट में आता है उसे ही अपना शिकार बना लेते है ऐसा ही गरुडवासी में उन्होनें एक बेजुबान बन्दर को घायल कर दिया जो उपचार के अभाव में उसने दम तोड़ दिया है । वहीं ग्रामीण शिवदयाल सिंह ने जानकारी देते बंदर की घायल की कई बर ग्राम पंचयतके के जिम्मेदार लोगो को अवगत करा दिया गया था लेकिन फिर भी कोई समस्या का समाधान नहीं हुआ है । अगर जिम्मेदार लोग समय पर चेत जाते तो बंदर की मौत नहीं होती ।

### चाकसू के राजकीय महाविद्यालय में नशे को लेकर आज होगी कई प्रतियोगिता

■ संजीवनी टुडे

चाकसू । यहां सोमवार को राजकीय महाविद्यालय में दोपहर 12:30 बजे से नशा मुक्त अभियान के तहत विकसित भारत का मंत्र, भारत हो नशे से स्वतंत्र की थीम पर विभिन्न कार्यक्रम एवं शपथ समारोह का आयोजन किया जायेगा और महाविद्यालय प्रशासन ने प्रतियोगिता में सभी विद्यार्थियों की उपस्थिती अनिवार्य की है । और विकसित भारत का मंत्र, भारत हो नशे से स्वतंत्र विषय पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया किया जायेगा जिसमें निबन्ध , पोस्टर , कोलाज (चित्र संग्रह) के साथ स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा और यह जानकारी सरिता जेन प्राचार्य राजकीय महाविद्यालय ने दी है ।

# हर घर तिरंगा अभियान के तहत आयोजित बाइक व ट्रैक्टर रैली में उमडा देश भक्ति का ज्वार

■ संजीवनी टुडे



अलवर। आजादी के अमृत महोत्सव के तहत जिले में आयोजित किए जा रहे हर घर तिरंगा अभियान के तहत आज जिले के समस्त उपखण्ड कार्यालयों, पंचायत समितियों एवं नगर निकायों में बाइक एवं ट्रैक्टर के माध्यम से सार्वजनिक स्थानों में तिरंगा रैली का आयोजन हुआ जिसमें बडी संख्या में आमजन की उत्साहपूर्ण सहभागिता से देश भक्ति का ज्वार उमडा। जिला कलक्टर आशीष गुप्ता ने बताया कि हर घर तिरंगा अभियान के तहत जिलेभर में 15 अगस्त तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन होगा जिसके तहत 12 अगस्त को जिला मुख्यालय पर कम्पनी बाग से इंदिरा गांधी स्टेडियम तक एवं ब्लॉक स्तर पर सभी उपखण्ड क्षेत्रों में हर घर तिरंगा रन/मैराथन का आयोजन किया जाएगा एवं जिले के समस्त ओद्योगिक इकाईयों में श्रमिकों द्वारा हर घर तिरंगा कार्यक्रम एवं तिरंगा शपथ का आयोजन करवाया जाएगा। 13 अगस्त को जिला मुख्यालय पर नवीन उच्च माध्यमिक विद्यालय से एसएमडी विद्यालय तक एवं जिले सभी उपखण्ड क्षेत्रों में स्थित राजकीय एवं निजी विद्यालयों के विद्यार्थियों द्वारा सार्वजनिक स्थानों पर हर घर तिरंगा रैली व हर घर तिरंगा पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन करवाया जाएगा। साथ ही जिले की समस्त पंचायत समितियों एवं नगर निकाय क्षेत्रों में तिरंगा रंगों के साथ रंगोली बनाया जाना व महिला हर घर तिरंगा यात्रा का आयोजन कराया जाएगा। 14 अगस्त को जिला मुख्यालय पर प्रताप ऑडिटोरियम में हर घर तिरंगा कार्यक्रम के अन्तर्गत तिरंगा मेला व सास्कृतिक कार्यक्रम एवं तिरंगा सेल्फी तथा तिरंगा कैनवास अभियान आयोजित किया जाएगा एवं जिले के समस्त राजकीय कार्यालयों एवं समस्त राजकीय एवं निजी विद्यालयों में तिरंगा शपथ व तिरंगा सेल्फी प्रतियोगिता आयोजित होगी। 15 अगस्त को जिला मुख्यालय इंदिरा गांधी स्टेडियम में एवं सभी उपखण्ड मुख्यालयों पर स्वतंत्रता दिवस समारोह में तिरंगा सेल्फी एवं तिरंगा कैनवास अभियान तथा हर घर तिरंगा कार्यक्रम के अन्तर्गत मेले का आयोजन होगा। उन्होंने समस्त प्रभारी अधिकारियों को निर्देशित किया है कि समस्त गतिविधियों का सफल क्रियान्वयन करवाया जाना सुनिश्चित करे। साथ ही जिला मुख्यालय एवं अधीनस्थ कार्यालयों में 12 अगस्त से 15 अगस्त तक नियमानुसार प्रतिदिन तिरंगा झंडे का ध्वजारोहण किया जाकर प्रति दिवस की गरिमापूर्ण फोटो पर भिजवाया जाना सुनिश्चित करें।

## भाजपा मंडल राजगढ़ की वृहद कार्यसमिति की बैठक हुई आयोजित



■ संजीवनी टुडे

राजगढ़ (अलवर)। भारतीय जनता पार्टी मंडल राजगढ़ की वृहद कार्य समिति की बैठक तुषार गार्डन में आयोजित की गई। मण्डल महामंत्री प्रदीप शर्मा ने बताया कि भाजपा राजगढ़ मंडल की वृहद कार्य समिति की बैठक का आयोजन तुषार गार्डन में राहुल दीक्षित की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता जिला उपाध्यक्ष विष्णु शर्मा रहे। विशिष्ठ अथिति विधानसभा प्रत्याशी रहे बनाराम मीणा ने सभी कार्यकर्ताओ को सम्बोधित कर मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल की बधाई दी। कार्यकर्ताओ को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होने देने की बात कही। कार्यक्रम में विधानसभा संयोजक प्रेमनाथ धामाणी, नगरपालिका चेयरमैन सतीश दुहारिया, पूर्व मण्डल अध्यक्ष राजेंद्र जैन मंचासीन रहे। जिला उपाध्यक्ष विष्णु शर्मा ने कार्यकर्ताओ की बात सुन उन्हें जिला व प्रदेश तक पहुंचाने की बात रखी और आगे होने वाले पार्टी के कार्यक्रमों की जानकारी भी दी। अंत में मण्डल अध्यक्ष राहुल दीक्षित ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर मण्डल महामंत्री अजय यादव, प्रदीप महावर, खेम सिंह आर्य, मंडल उपाध्यक्ष सीमा विजय, पार्षद प्रीति शर्मा, मंडल मंत्री हुकुम परेवा, सुखराम सैनी, प्रभाती लाल कोली, प्रदीप विजय, मंगतूराम सैनी, मंडल उपाध्यक्ष जनार्दन सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष सत्येंद्र सैनी, बैनी सैनी, युवा मोर्चा अध्यक्ष अभिषेक खंडेलवाल, तुलसी शर्मा, पार्षद रूप नारायण मीणा, मांगेलाल सैनी, नंदकिशोर सैनी, एडवोकेट अभिषेक शर्मा, जगमोहन शर्मा, राजवीर रैबारी, महेश सैनी, लोकेश रावत, विशाल विजय, उमेश नंदारिया, मनोज चितोस, विनोद दुहारिया, सुरेश ताम्बी सहित पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## चाकसू में कावड़ यात्रा के दौरान डीजे को लेकर हुआ विवाद ,पुलिस की तत्काल कार्यवाही से मामला हाथों -हाथ सुलझा

■ संजीवनी टुडे



चाकसू । कस्बे में रविवार को फागी रोड गोलीराव तालाब के पास गलता जी जयपुर से चाकसू के दलप्तपुरा जा रही कावड़ यात्रा में डीजे को लेकर कावड़ियों ओर समुदाय विशेष के एक पक्ष के कुछ लोगो के साथ हल्का विवाद हो गया जो पुलिस प्रशासन की तत्काल कार्यवाही व स्थानीय दोनो पक्षो के जिम्मेदार लोगों की समझाइश से हाथों- हाथ सुलझ गया । थाना प्रभारी केलाश दान ने बताया कि फागी रोड गोलीराव तालाब के पास समुदाय विशेष के लोगो ने पानी की छबील लगा रखी थी इस दौरान गलता जयपुर से चाकसू के दलप्तपुरा के लिये कावड़ यात्रा आ रही थी जिसमे तेज आवाज में डीजे बज रहा था जिसे लेकर समुदाय विशेष के एक पक्ष के कुछ युवाओं से कावड़ियों का विवाद हो गया जिसकी इतला पुलिस को दी जो तुरंत मोके पर पहुंची और दोनो पक्षो को शांत किया । वही पुलिस व क्षेत्र के जिम्मेदार लोगों ने दोनों पक्षो को समझाइश करके मामले को हाथों -, हाथ निबटारा कर दिया जिससे बड़ा विवाद होने से टल गया बाद में कावड़ यात्रा को उनके स्थान के लिये रवाना कर दिया । वही ऐतियात के तौर पर पुलिस ने घटना स्थल पर सुरक्षा कर्मी तैनात कर दिये है किसी भी पक्ष की ओर से पुलिस में आगे की कार्यवाही की रिपोर्ट नही दी गयी ।

## किसान सभा का हुआ आयोजन

■ संजीवनी टुडे



धनाऊ। धनाऊ तहसील मुख्यालय इफ़को बाड़मेर द्वारा धनाऊ ग्राम सेवा सहकारी समिति धनाऊ में किसान सभा का आयोजन किया हुआ सभा में मुख्य अथिति समिति अध्यक्ष इफको आरजीबी मगाराम गौरा रहे इफ़को बाड़मेर क्षेत्रीय अधिकारी लखमीचन्द गोस्वामी ने इफको के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि ड्रोन की नई तकनीक का उपयोग किसान नैनो उर्वरक छिड़काव में लेकर अपनी लागत को कम कर सकते है किसानों को सभी प्रकार की फसलों की बुआई से पहले इफको नैनो डीएपी एवम् तरल कंसोर्टिया बायो फर्टिलाइजर से बीजोपचार करने की सलाह दी इससे अंकुरण जल्दी होता हैं फुटान अच्छा होता है तथा पौधे की शुरुआती बढवार अच्छी होती है। साथ ही दानेदार डीएपी एवं यूरिया की मात्रा आधी कर खड़ी फसल में नैनो डीएपी तथा नैनो यूरिया प्लस की स्प्रे करने की सलाह दी। इस संदर्भ में बताया कि पहले पानी के 15 से 20 दिन बाद यूरिया दानेदार की जगह इफको नैनो यूरिया प्लस तरल 4-5 मिली प्रति लीटर पानी में प्रयोग कर नैनो यूरिया के प्रयोग से खेत की मिट्टी का स्वास्थ्य, टयूबवेल के पानी की गुणवत्ता तथा पर्यावरण को बचाते हुए कम लागत में अधिक उत्पादन लिया जा सकता हैं इफको नैनो यूरिया प्लस का प्रयोग सागरिका तरल, जल विलेय उर्वरकों व कृषि रसायन के साथ मिलाकर भी किया जा सकता है नैनो यूरिया प्लस की उपयोग दक्षता 90 से 95 प्रतिशत होने से यह दानेदार यूरिया की अपेक्षा ज्यादा असरदार होती है कार्यक्रम में इफ़को एमसी से गोपाराम चौधरी ने इफको के कृषि रसायनों के बारे में किसानों को अवगत करवाया। सभा में जीएसएसएस धनाऊ के मैनेजर दोलाराम मंडा गेनाराम, सादूलाराम सियोल, ड्रोन पायलट कृष्ण कुमार ड्रोन पायलट, नीतेश कुमार कृषि पर्यवक्षक सहित कई किसान उपस्थित रहे।

## एक पेड मां के नाम व हरियालो राजस्थान अभियान के पुनीत कार्य में आमजन के साथ प्रकृति भी अच्छी वर्षा से बन रही है मददगारः वन मंत्री शर्मा



■ संजीवनी टुडे

अलवर। वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने आड़ा-पाड़ा स्थित हनुमान मंदिर, मोती डूंगरी हनुमान मंदिर व डढ़ीकर स्थित सपना एनजीओ परिसर में एक पेड़ माँ के नाम अभियान व हरियालो राजस्थान अभियान के तहत पौधेरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। मंत्री शर्मा ने आडापाडा हनुमान मंदिर व मोती डूंगरी हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना कर प्रदेश की खुशहाली की कामना की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा अधिकाधिक वृक्षारोपण करने के पुनीत कार्य के रूप में प्रारम्भ किए गए एक पेड मां के नाम अभियान एवं राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे हरियालो राजस्थान अभियान को सफल बनाने में देश व प्रदेश का जनजन अपना योगदान दे रहा है उसी प्रकार प्रकृति भी अच्छी वर्षा से पूरा साथ दे रही है। उन्होंने कहा कि पौधे लगाने का यह सबसे उपयुक्त अवसर है प्रत्येक व्यक्ति को धरती मां व अपनी मां के सम्मान में पौधे अवश्य लगाने चाहिए। उन्होंने राज्य सरकार द्वारा अभियान के तहत आमजन की भागीदारी से आगामी 5 वर्षों में 50 करोड से अधिक पौधे लगाए जाएंगे। मंत्री शर्मा ने आडापाडा हनुमान मंदिर व सपना एनजीओ परिसर में बरसात के दौरान पौधे लगाए। उन्होंने कहा कि अच्छी वर्षा खुशहाली का प्रतीक है।

## मानसून के साथ जयपुराइट्स ने लिया फोरहेक्स फ़ेयर 2024 का लुफ्त

■ संजीवनी टुडे

जयपुर। फोरहेक्स फ़ेयर एक बार फिर एग्जिबिटर्स और विजिटर्स को लुभाने में कामयाब रहा है। रविवार के दिन शहर में भारी बारिश के चलते भी विजिटर्स का फ़ेयर के प्रति उत्साह देखते ही बन रहा था। फ़ेयर के तीसरे दिन अनेक जन प्रतिनिधियों ने फ़ेयर में विजिट करके आर्टिंजंस और एग्जिबिटर्स का उत्साहवर्धन किया। फ़ेयर में डिस्प्ले की गई क्राफ्ट्स और आर्ट्स की काफी सराहना की और फ़ेयर में खरीददारी भी की। देहरादून से आए आर्टिंजन अजीत कुमार ने बताया कि इस चार दिवसीय फ़ेयर में पेबलपथ नाम से स्टॉल लगाई है जहां वह पानी के झरनों के किनारे निकले हुए पत्थरों से आर्ट बनाते है जिसे शहरवासियों ने काफी सराहा और जमकर खरीदारी भी की। इसके अलावा देशभर से आए विभिन्न आर्टिंजंस को भी फ़ेयर में काफी प्रमोशन मिला है। भारी बारिश के चलते फोरहेक्स फ़ेयर कमिटी ने सभी विजिटर्स के लिए पार्किंग, ई-रिक्शा और खरीदारी किये गई।

## भाजपा में पार्टी का मूल स्तंभ उसके कार्यकर्ता: अशोक गुप्ता



■ संजीवनी टुडे

अलवर। भारतीय जनता पार्टी विवेकानंद मंडल अलवर (शहर)की वृहद कार्य समिति बैठक का आयोजन किया गया बैठक में मुख्य वक्ता के रूप में भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक गुप्ता उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष मनोज चौहान ने की एवं संचालन जिला मीडिया प्रभारी लक्ष्मी नारायण गुप्ता ने किया। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष अशोक गुप्ता ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी होने के साथ कार्यकर्ता आधारित पार्टी है जिसमें कार्यकर्त्ता का स्थान सर्वोपरि है। पार्टी का मूल स्तंभ उसका कार्यकर्ता है। बजट का उल्लेख करते हुए कहा कि इस बार अलवर जिले को अभूतपूर्व बजट प्राप्त हुआ है जिससे विकास के नए कीर्तिमान स्थापित होंगे। साथ ही आगामी हर घर तिरंगा, एक पेड़ मां के नाम आदि कार्यक्रमो के बारे में विस्तार से बताया पूर्व जिला अध्यक्ष पंडित धर्मवीर शर्मा ने पार्टी की स्थापना से लेकर वर्तमान कालखंड पर प्रकाश डाला और पार्टी के महापुरुषों की जीवनी को बताया जिला कोषाध्यक्ष प्रदीप जैन एवं प्रवक्ता जितेंद्र गोयल ने भी अपने विचार रखें। इस अवसर पर विधानसभा संयोजक राजेंद्र शेखावत, किसान मोर्चा जिला संयोजक जितेंद्र राठौर, पूर्व मंडल अध्यक्ष के के मदान, पार्षद सुमन चौधरी, सीताराम चौधरी, रमाकांत यादव ,लोचन यादव, मीडिया सह प्रभारी उम्मेद सिंह चौहान, मंडल महामंत्री नरेंद्र सिंह राठौड़ ,राकेश यादव, विजय कोहली ,उपाध्यक्ष महेंद्र यादव, आशीष अरोड़ा ,मंत्री विकास शर्मा, संदीप बेनीवाल ,दीपक शर्मा, महिला मोर्चा पूर्व अध्यक्ष सुशील यादव, युवा मोर्चा जिला महामंत्री ललित पवार,मंडल अध्यक्ष महेश सैनी,महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष ममता कंवर,पूर्व मंडल महामंत्री संदीप गुप्ता, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष रविराज चौहान, भूपेंद्र राठौर, अमित जोगी, संजीव खंडेलवाल सहित सैकड़ो की संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। यह जानकारी जिला मिडिया प्रभारी लक्ष्मी नारायण गुप्ता ने दी।

## प्रांतीय बलाई विकास संस्था राजस्थान की कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न




■ संजीवनी टुडे

जयपुर। प्रांतीय बलाई विकास संस्था के नवनिर्वाचित अध्यक्ष ताराचंद बुनकर व महासचिव पोखरमल भामणीया ने अपनी कार्यकारिणी के साथ गुलाब मैरिज गार्डन निर्माण नगर मे गोपनीयता की शपथ ली। कार्यक्रम मे मुख्य अथिति कैलाश वर्मा विधायक बगरू व पूर्व मंत्री रहे तथा विशिष्ट अतिथि विनोद जाखड़ प्रदेशाध्यक्ष एनएसयूआई राजस्थान रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश बलाई महासभा के अध्यक्ष हरिनारायण भामनियाँ ने किया। मंच संचालन नंदकिशोर पालीवाल व गणेश बुडगाया ने किया। मुख्य अतिथि कैलाश वर्मा ने समाज की जागृति पर समाज, उन्नति और विकास पर जोर दिया विनोद जाखड़ ने समाज के युवाओ को सामाजिक एकता के लिए जागरूक किया। संस्था के अध्यक्ष ताराचंद बुनकर ने समाज मे भिन्न भिन्न प्रकार से कार्य कर रही बलाई समाज की संस्थाओ व सिमितियों से निवेदन किया की समाज का एक साझा मंच तैयार किया जाए और उसकी शुरुआत प्रांतीय बलाई विकास संस्था से की जाए । और यह भी निवेदन किया की आगामी समय मे संस्था द्वारा विशेष अभियान चलाकर कई छोटी मोटी संस्थाओ को विलय करने का प्रयास किया जाएगा तथा पधारे हुए समाज बंधुओ का संस्था का महासचिव पोखर मल बामनिया ने किया। कार्यक्रम धन्नालाल ढेबाना, गजानंद खारडिया, मनफूल मेहरडा, सुरेश लाड़ना, जॉनी सरावता, महेन्द्र खंडेलवाल, जगदीश आसरावत, जगमोहन लाड़ना, गिरधर राय भाटी, प्रवीण ढेनवाल, दिनेश बुनकर, दिनेश कालोया, सहित सैकड़ो समाजबधुओ ने उपस्थिति रहे।

## राजकीय इंस्टीट्यूट ट्रेनिंग आफ ट्रेनर्स भोपाल देश के सर्वश्रेष्ठ आईटीओटी में से एक है

■ संजीवनी टुडे



भोपाल(मध्यप्रदेश) राजकीय इंस्टीट्यूट ट्रेनिंग आफ ट्रेनर्स भोपाल सर्वश्रेष्ठ अनुदेशक शिक्षण कॉलेजों में से एक है। मध्यप्रदेश सरकार द्वारा संचालित राजकीय आईटीओटी भोपाल को 2014 में स्थापित एक जीवंत और आधुनिक सह-शिक्षा संस्थान है, जिसका उद्देश्य उच्च स्तर पर गुणवत्तापूर्ण शिक्षण प्रदान करना है ताकि खुद को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर एक प्रमुख अनुदेशक प्रशिक्षण कॉलेज के रूप में स्थापित किया जा सके। यह गोविन्दपुरा, जिला भोपाल राज्य मध्यप्रदेश के शांत, शांत और निर्मल वातावरण में स्थित है। यह प्रशिक्षण महानिदेशालय द्वारा मान्यता प्राप्त है और राष्ट्रीय पेशेवर प्रशिक्षण परिषद'' से संबद्ध है। संस्थान पेशेवर अनुदेशक के लिए मजबूत आधार लाने के लिए समर्पित है, जिसमें सामाजिक आवश्यकताओं की अंतर्दृष्टि हो और ज्ञान की खोज में एक जिम्मेदार नागरिक बनें। राजकीय भोपाल आईटीओटी ने खुद को देश में पेशेवर शिक्षा के अग्रणी संस्थान के रूप में स्थापित किया है। यह अकादमिक उत्कृष्टता के लिए खड़ा है और अपने छात्रों को सर्वोत्तम अवसर प्रदान करता है। संस्थान ने टेक्निकल छात्रों के अनुदेशको के लिए एक उचित मंच बनाए रखने के लिए खुद को प्रतिबद्ध किया है। प्रत्येक पाठ्यक्रम के लिए कॉलेज अपने छात्रों को उचित । पाठ्यक्रम के लिए कॉलेज अपने छात्रों को उचित शिक्षण और प्रशिक्षण मंच प्रदान करता है जो उन्हें अपने पाठ्यक्रम की बेहतर समझ के लिए मदद करता है, जो उनके प्रदर्शन कौशल में सुधार करता है, झिझक को खत्म करता है । मैं दीपक नामदेव शहर हमीरपुर उत्तर प्रदेश से हुं मेंने अपनी 10वीं तक की पढ़ाई हम्मीरपुर से की थी एवं इसके बाद मैंने इलेक्ट्रिकल में डिप्लोमा हम्मीरपुर से किया । उसके बाद मैंने ओटीओटी भोपाल से सीआईटीएस किया , वहां के प्रशिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन से मैंने यह कोर्स 91% के साथ उत्तीर्ण किया है और वर्तमान में अभी उत्तर प्रदेश मेट्रो कार्पोरेशन में टेक्निशियन के पद पर कार्यरत पोस्टिंग हुं । में प्रियंका शहर नर्मदापुरम इटारसी मध्यप्रदेश में क्टक देहरादून में टेक्निशियन के पद पर कार्यरत हुं शैलेन्द्र सिंह शहर ललितपुर उत्तरप्रदेश सीआईटीएस आईटीओटी भोपाल 79% के साथ सीआईटीएस पास किया है में अभी भुसावल में रेलवे में कार्यरत हुं ।

## पेड़ पर्यावरण का एक अनिवार्य हिस्सा- प्रेमा बहिन

## 'वननेस वन' परियोजना के तहत निरंकारी मिशन ने किया वृक्षारोपण

■ संजीवनी टुडे




कानोता। संत निरंकारी मिशन के 'वननेस वन' परियोजना के अंतर्गत जोन 20 बी, जयपुर के बस्सी उपखंड के हीरावाला गांव स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय परिसर में मेगा वृक्षारोपण अभियान' के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आगरा की मुखी प्रेमा बहिन, डॉक्टर महेश महेंद्र दरमियानी और कानोता सयोजक प्रभु दयाल निरंकारी रहे। इन्होंने पौधारोपण कर अभियान की शुरुआत की । और सेवादल केभाई बहिनों ने गड्ढे खोदकर पोधो को लगाया। इस मौके पर आगरा मुखी प्रेमा बहिन ने कहा कि पेड़ पर्यावरण का एक अनिवार्य हिस्सा होता है निरंकारी मिशन के सेवादारों द्वारा इस बृहत अभियान के तहत की जा रही निस्वार्थ इस पर्यावरण सेवा का कोई ज़बाब नहीं है सेवादार सभी सेवाओं को निस्वार्थ निभाते हुए अपने सदगुरु का आशीर्वाद प्राप्त करते रहते है। आज भी उपरोक्त कार्यक्रम में देखने को मिल रहा है कि जैसे पर्यावरण संरक्षण की जिम्मेदारी इन सेवादारों ने ली है। सेवादार रेल्वे के साथ मिलकर लगातार सफाई अभियान, वृक्षारोपण कार्यक्रम करके लाखों लोगों को जागरूक भी कर रहे है। वृक्षारोपण समाप्ति पर कानोता सयोजक प्रभु दयाल ने आगरा से महात्मा और सेवादल ,भाई,बहिनों का आभार व्यक्त किया। जोनल इंचार्ज बाली ने बताया कि आयोजन संत निरंकारी मिशन की सतगुरू माता सुदीक्षा जी महाराज एवं निरंकारी राजपिता जी के दिव्य मार्गदर्शन में संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन द्वारा देश भर में चलाया गया इसी के अंतर्गत जयपुर के विभिन्न ब्रांचों राजापार्क के झालाना में, उदयपुरिया, दूदू, लालसोट, कानोता और प्रताप नगर के सार्वजनिक स्थानों, पार्कों में सैकड़ों छायादार, फलदार पेड़ लगाए गए, क्षेत्रीय संचालक मनोज कुमार खंगार के नेतृत्व में सभी सेंटरों में सेवादल के भाई - बहिनों, वोलियंटरों ने पेड़ों को लगाकर उनमें खाद और पानी डाला।

सम्पादक की कलम से....

## सम्पादकीय

# नई शिक्षा नीति भारत के भविष्य को गढ़ने का सुनहरा अवसर



मानसिक तनाव के इस बढ़ते ग्राफ को कम, बच्चों के उचित आंकलन विधि से ही संभव है। उसकी विशेषता यह भी है कि बच्चों का आंकलन केवल ढाई-तीन घंटे की लिखित परीक्षा से ना किया जाए। विद्यार्थी के प्रवेश लेने से अंत तक उसका आंकलन चलता रहेगा। महात्मा गांधी जी ने कहा था कि "शिक्षा से मेरा तात्पर्य बालक और मनुष्य के शरीर, मन, तथा आत्मा के सर्वांगीण एवं सर्वोत्कृष्ट विकास से है।ङ्क शिक्षा एक उद्देश्यपूर्ण सामाजिक क्रिया है, जिसके द्वारा व्यक्ति की जन्मजात अंतर्निहित शक्तियों का विकास संभव हो पाता है। जिससे व्यक्ति सत्यम, शिवम, सुन्दरम का चिन्तन करने योग्य बन सके। वर्तमान में बेहतर तरीके से जीना ही हमारे शिक्षा का उद्देश्य है। ज्ञान की सार्थकता तभी है जब वो हमारे जीवन में उतरे। दुनियां हर दिन तेजी से बदल रही है। कोरोना के इस संक्रमण काल में सक्रिय रहकर इनोवेटिव थिंकिंग जरूरी है।

इस क्रांतिकारी रिपोर्ट ने शिक्षाविदों, बुद्धिजीवियों के लिए एक नयी और व्यापक दृष्टि दी। इस तारतम्य में जो नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति हमारे सामने है। उसकी विशेषता शिक्षा का अधिकार कानून के दायरे में पूर्व माध्यमिक शिक्षा से लेकर 12वी तक की पढ़ाई आसान हो जायेगी। दूसरी राष्ट्रीय शिक्षा नीति बन जाने से पर्यावरण हितैषी तो होगी ही तथा नागरिकों को समाज को ज्ञानवान बनाने के साथ ही समयानुसार उसमें परिवर्तन की भी गुंजाइश रहेगी। तीसरी विशेषता शिक्षक विद्यार्थी अनुपात 1:30 हो जाने से शिक्षक विद्यार्थियों को समझकर उनकी समस्याओं से रूबरू हो पाएंगे। बहुस्तरीय (मल्टी लेबल) शिक्षण के तरीकों को अपनाना आज की एक महती आवश्यकता है। समय के साथ तेजी से होने वाले बदलाव में यह शिक्षण कारगर सिद्ध होगी। बालकों की चंचलता, निष्कपटता, बालकपन, सहजता कहीं दब सी गई। जिसे वास्तविक, मौलिक निखार की आवश्यकता है। चार्ली चैपलिन की कही गई यह बात सार्थक प्रतीत होती है। प्रश्न जीवंत हैं जिनके उत्तर मृत है। हमें उत्तरों की तलाश करनी होगी। चौथी विशेषता मिडिल स्तर पर 6वीं से 8वीं तक वोकेशनल ट्रेनिंग पर भी जोर दिया जायेगा साथ ही 6वीं से कोडिंग भी सिखायी जायेगी। जिससे विद्यार्थी स्कूल के बाद कोई न कोई एक स्किल के साथ ही निकलेगा। पांचवी विशेषता कहानी सुनाना, रंगमंच, समूह में पठन, लेखन जैसी बातें भी खास रहेगी। लड़कियों को भावनात्मक रूप से सुरक्षात्मक वातावरण देने का सुझाव भी है। छठवीं विशेषता रेमेडियल (उपचारात्मक) शिक्षण को मुख्य धारा में शामिल करना।

शिक्षकों को भी नये टेकनिक के इस्तेमाल के काबिल बनाना। विषयवस्तु के बोझ को कम कर तार्किक और विश्लेषण क्षमता को बढ़ाना। वर्तमान शिक्षा पद्धति सूचना के भंडार तो है ही साथ ही साथ एक बच्चे में वैश्विक नैतिक और मानवीय मूल्यों का समुचित विकास नहीं कर पाया है। अधिक अंक पा लेने की अंधी होड़ में ज्ञानार्जन करना वास्तव में ज्ञान नहीं एक ज्वलन्त समस्या है। यही वजह है कि आज आईसीएमआर की रिपोर्ट के अनुसार हर छठवां भारतीय मानसिक रोगी है। मानसिक तनाव के इस बढ़ते ग्राफ को कम, बच्चों के उचित आंकलन विधि से ही संभव है। उसकी विशेषता यह भी है कि बच्चों का आंकलन केवल ढाई-तीन घंटे की लिखित परीक्षा से ना किया जाए। विद्यार्थी के प्रवेश लेने से अंत तक उसका आंकलन चलता रहेगा। जिसमें विद्यार्थी स्वयं, उसका व्यवहार, उसके मित्र,शिक्षक ये सभी शामिल होंगे। इसी प्रकार अंततः मल्टी एंट्री और मल्टी एक्जिट की व्यवस्था से विद्यार्थियों को कभी भी निराशा नही होगी। किसी कारणवश यदि कॉलेज की पढ़ाई के दौरान उन्हें कॉलेज छोड़ना भी पड़े तो उतने दिनों के आधार पर एक सर्टिफिकेट जरूर मिलेगा और यदि बाद में उसे लगे कि विषय परिवर्तन करना है तो यह भी संभव हो सकेगा साथ ही कॉलेज पुनः प्रवेश कर अपनी अधूरी पढ़ाई पूर्ण करने में भी समर्थ होगा। अंत में प्राथमिक स्तर पर बहुभाषिता को प्राथमिकता, पहली से पांचवीं तक मातृभाषा का इस्तेमाल करना, जिससे बच्चे और शिक्षक में संवाद की स्थिति बेहतर हो सके। संवाद की सुगमता सीखने की प्रक्रिया को आसान बनाती है। बच्चे का बचपन गुम हो चुका है, उसे फिर से खोज निकालने की उनकी सृजनशीलता को नैसर्गिक तरीके से बढ़ाने की बहुत उत्कृष्ट पहल है, ताकि बच्चा रोते हुए नही बल्कि खुश होते हुए स्कूल जाए। विद्यार्थी को उसके वास्तविक किरदार से मिलाने एवं उसकी अनन्त जिज्ञासा को सही स्तर तक पहुंचाने में यह शिक्षा नीति कितनी सफल हो पायेगी?

## आज का राशिफल

यह राशिफल जन्म राशि पर आधारित है। व्यक्ति के जन्म के समय चंद्रमा जिस राशि पर थे, वही उसकी जन्म राशि होती है। यदि राशि की जानकारी आपको नहीं है तो अपने नामाक्षर से राशिफल देखें।

**मेष (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ) :** आज भाग्य से कोई नया प्रस्ताव मिल सकता है। सरकारी काम आसानी से बन जाएंगे। अधिकारी सहयोग करेंगे। किसी चैरिटी आदि में धन खर्च करेंगे। मित्रों के साथ पार्टी में जा सकते हैं।

**वृषभ (ई,उ,ए,ओ,वा,वी,वू,वे,वो) :** सुख-सुविधाओं पर खर्च होगा। व्यक्तिगत मामलों में गलतफहमी को जन्म देने वाली कोई बात हो सकती है। परिवार के साथ पार्टी में जा सकते हैं। कोई नया प्रस्ताव यदि आज मिलता है।

**मिथुन (क,की,कू,घ,ङ, छ, के,को, ह) :** कार्यों को मन लगाकर पूरा करेंगे। आपकी बढ़ते प्रभाव से कुछ लोगों को परेशानी हो सकती है। आज की गई मेहनत का पूरा फल नहीं मिलेगा। व्यक्तिगत मामलों को सावधानी से हल करें।

**कर्क (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो) :** किसी योजना का क्रियान्वयन हो जाएगा। अधूरे काम भी किसी न किसी सहयोग से आज पूरे हो जाएंगे। धैर्यपूर्वक निर्णय लेने पड़ेंगे। भाग-दौड़ बनी रहेगी, परंतु यात्रा करना आज ठीक नहीं रहेगा।

**सिंह (मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे) :** परिवार के बड़े सदस्यों की आज्ञा मान कर चलेंगे तो फायदे में रहेंगे। लाभ के एक से अधिक अवसर सामने होंगे। चाहा गया सहयोग नहीं मिलने से काम खुद ही पूरे करने पड़ेंगे। बड़े भाई से लाभ होगा।

**कन्या (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो) :** आज घर और बाहर दोनों जगह आपके काम की सराहना होगी। काम के घंटे बढ़ जाएंगे अतः पिछले छूटे कामों को पहले पूरा कर लें। अधिकारी वर्ग प्रसन्न रहेगा। विद्यार्थी वर्ग लाभ में रहेगा।

**तुला (रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते) :** आज काम बनने में थोड़ी असुविधा हो सकती है। विरोधियों से सावधान रहना होगा। प्रोपर्टी के खरीदने या बेचने से संबंधी बात हो सकती है। पुराने मित्रों से मुलाकात होने की संभावना है।

**वृश्चिक (तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू) :** व्यावसायिक कार्यों का विस्तार करने के लिए अतिरिक्त परिश्रम करना पड़ेगा। सहयोग मिल जाने से थोड़ी आसानी हो जाएगी। व्यक्तिगत संबंधों में सौहार्द की भावना बढ़ने से मन प्रसन्न होगा।

**धनु (ये, यो, भ, भी, भू, धा, फा, ढा, भे) :** आज का दिन महत्वपूर्ण काम करने के लिए नहीं है। निजी समस्याओं को अपने ऊपर हावी न होने दें। परिवार के साथ समय बिताना आवश्यक है, चाहें तो कहीं आउटिंग के लिए जा सकते हैं।

**मकर (भो, जा, जी, खी, खू, खे, खो, ग, गी) :** आज स्वास्थ्य का ध्यान रखना होगा, परंतु काम फिर भी आसानी से बन जाएंगे। लाभ की कोई नई योजना बनाकर उस पर अमल करेंगे। मित्र विशेष सहयोगी बनकर सामने आएंगे।

**कुंभ (गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा) :** आज घर की बुजुर्ग स्त्री की सलाह काम आएगी, महत्वपूर्ण निर्णय लेते समय उसको नजरअंदाज ना करें। यात्रा करना हित में नहीं रहेगा, बहुत जरूरी हो तो पहले मंदिर जाएं फिर यात्रा करें।

**मीन (दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची) :** आज योग्यता दिखाने का उचित अवसर मिलेगा। लाभ देने वाली छोटी यात्रा की संभावना है। बडी प्रतिस्पर्धा में भी विजयी होंगे। वाहन धीमी गति में चलाएं, अन्य कामों में भी जल्दबाजी ना करें।

# दूसरी नहीं धरती, इसे ही बचाइये



प्रकृति को संरक्षित और पोषित करने में हम सबका योगदान होना चाहिए। इस संबंध में पर्यावरणविद् और चिपको आंदोलन के नेता रहे सुंदरलाल बहुगुणा का वक्तव्य प्रासंगिक है कि पारिस्थितिकी स्थायी अर्थव्यवस्था है। दरअसल, पर्यावरण को बचाने की नौबत मानव द्वारा प्राकृतिक संसाधनों के बेतरतीब दोहन के चलते आयी। शुरुआत में मनुष्य ने पृथ्वी को समतल कर खेती लायक जमीन बनाई और जीविकोपार्जन के लिए जंगल, जल व जमीन का भरपूर उपयोग किया। कालांतर मनुष्य की जरूरतें व आबादी बढ़ती गई, उसने प्रकृति का अंधाधुंध दोहन शुरू कर दिया जिसके चलते पारिस्थितिकी तंत्र में नकारात्मक परिवर्तन हो गया जो आज घातक सिद्ध हो रहा है।

दरअसल, जब तक उपभोक्तावाद पर नियंत्रण नहीं किया जाएगा, प्रकृति के दोहन में कोई कमी नहीं आएगी। अब समय आन पड़ा है अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करने का कि कैसे प्रकृति के साथ सामंजस्य बिठाकर मनुष्य कुदरती संसाधनों का उपयोग कर सकता है। अन्यथा वह दिन दूर नहीं जब हम सब प्रकृति के प्रकोप से अपने आप को बचा पाने में असमर्थ पाएंगे। कहीं अतिवृष्टि होगी तो कहीं अनावृष्टि, कहीं लोग पानी के लिए तरसेंगे और कहीं पानी में सारी संपदा बहा देंगे। पिछले कई दशकों में ऐसा देखने में भी आया है। ग्लेशियर सूख रहे हैं, नदियां सिमट रही हैं, रेगिस्तान बढ़ रहे हैं, उपजाऊ जमीन बंजर समान होती जा रही है। जमीन के नीचे पीने लायक पानी बहुत कम रह गया है। पर्यावरण को संरक्षित रखने के बारे में अब प्रश्न कई उठते हैं कि कैसे हम बंजर जमीन को पुनः उपजाऊ जमीन में परिवर्तित कर पाएं? कैसे काटे गए जंगलों को पुनः उनकी शक्ल दें? कैसे ग्लेशियर पिघलने से बचाएं? कैसे जंगली जानवरों को उनका आवास प्रदान कर पाएं? असल में दुनिया के कुछ महान लोगों की मिसालें मौजूद हैं जिन्होंने अपना जीवन पारिस्थितिकी तंत्र को विकसित करने में ही लगा दिया। इस संदर्भ में पहला नाम है 'भारत के फॉरेस्ट मैन' कहे जाने वाले पद्मश्री जादव मोलाई पायेंग का जिन्होंने कई दशकों के दौरान, ब्रह्मपुत्र नदी के एक सैंडबार पर पेड़ लगाए और उसे वन अभ्यारण्य में बदल दिया। मोलाई वन कहा जाने वाला यह जंगल, जोरहाट, असम में 1360 एकड़ क्षेत्र में फैला है। अगला नाम है इंदिरा प्रियदर्शिनी वृक्षमित्र पुरस्कार से सम्मानित देवकी अम्मा का जो भारत के विभिन्न हिस्सों से पौधों को लाकर और उनका पोषण करके जैव विविधता की रक्षा रही हैं। पर्यावरण के प्रति उन्होंने जनचेतना जगाई है। देवकी अम्मा द्वारा लगवाये जंगल में विभिन्न प्रजातियों के 3000 से अधिक पेड़ हैं। कुछ दुर्लभ पौधे जैसे लक्ष्मी थारू, चीनी संतरा आदि भी हैं। फलों, सब्जियों और फूलों की आपूर्ति करने वाले 200 प्रकार के पेड़ों और झाड़ियों को उन्होंने सहेजा है।

इसी कड़ी में वर्ष 1935 में जन्मे आइस मैन कहे जाने वाले चेवांग नॉरफ़ेल, लद्दाख के एक भारतीय सिविल इंजीनियर हैं, जिन्होंने 15 कृत्रिम ग्लेशियर बनाए हैं। ऐसी अन्य शख्सियत कर्नाटक की पर्यावरणविद् पद्मश्री सालु मरादा थिम्मक्का हैं, जो हुलिकल और कुदुर के बीच राजमार्ग के साथ-साथ चार किलोमीटर तक 385 बरगद पेड़ लगाने के लिए विख्यात हैं। सभी जानते हैं कि सुंदरलाल बहुगुणा पर्यावरणविद् और चिपको आंदोलन के नायक थे। उन्होंने हिमालय में जंगलों के संरक्षण के लिए लड़ाई लड़ी, पहले 1970 के दशक में चिपको आंदोलन के सदस्य के रूप में, और बाद में 1980 के दशक से 2004 के प्रारंभ तक टिहरी बांध विरोधी आंदोलन का नेतृत्व किया। वहीं उत्तराखंड में प्रभा देवी ने 500 से अधिक पेड़ लगाए हैं जो पलासत गांव के संरक्षक के रूप में खड़े हैं।

पारिस्थितिकी तंत्र को पुनर्स्थापित करने की दिशा में कार्य कर रही कुछ अन्य महिलाएं भी हैं जिनसे प्रेरणा लेकर विद्यार्थी, शिक्षक मिलकर ऐसे ही प्रयास करें तो पर्यावरण का भला होगा। इनमें एक हैं लतिका नाथ जो बाघ राजकुमारी के रूप में जानी जाती हैं। लतिका बाघों पर डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त करने वाली देश की पहली वन्यजीव विज्ञानी हैं। ऐसा ही नाम है प्रेरणा सिंह बिंद्रा जो एक संरक्षणवादी, पत्रकार, लेखक और कार्यकर्ता हैं। प्रेरणा वन अधिकारियों, रेंजरों और एनजीओ के साथ वन्यजीवों के लिए संरक्षित क्षेत्रों जैसे उत्तराखंड के नंधौर वन्यजीव अभयारण्य और नैना देवी हिमालयन पक्षी संरक्षण रिजर्व में काम करती हैं। ऐसे ही पूर्णिमा देवी बर्मन असम के प्रसिद्ध पर्यावरणविद् ग्रेटर एडजुटेंट स्टॉर्क, या हरगिला को विलुप्त होने से बचाने की दिशा में काम कर रही हैं। एक और प्रेरक व्यक्तित्व हैं कृति कारंत। वे वन्यजीव संवादी हैं, जो प्रजातियों के वितरण और विलुप्त होने के पैटर्न, वन्यजीव पर्यटन के प्रभावों, स्वैच्छिक पुनर्वास के परिणाम, भूमि-उपयोग परिवर्तन और मानव-वन्यजीव अंतःक्रियाओं पर शोध कर रही हैं। वे वाइल्डसेव नामक परियोजना पर काम कर रही हैं, जिसने हजारों परिवारों को वन्यजीव-मुआवजे के दावे दर्ज करने और उनके सही लाभ प्राप्त करने में मदद की है। असल में वर्ष के प्रत्येक दिन को पर्यावरण दिवस के रूप में मनाया जाना चाहिए और हम में से प्रत्येक को पर्यावरण की रक्षा में योगदान देना चाहिए। मिट्टी, पानी, पौधों, वायु और जीवों की रक्षा व ग्रह पर जीवन बचाने के लिए हमें योजना बनाने और सतत ठोस काम करने की जरूरत है। कहने का सीधा-सा अर्थ है कि दूसरी धरती नहीं है। हमें हर हाल में इसी धरती पर ही रहना होगा और उसे ही संवारना और सजाना होगा। दुनिया के सभी देशों का प्रत्येक नागरिक, संगठन और सरकारें मिलकर इस सतत कार्यक्रम से जुड़ें तो यह लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है।

### विचार बिन्दु



विजय गर्ग

**लगभग मृत प्राय हो चुकी भारतीय हॉकी की वह टीम जिसके प्रदर्शन से दुनिया घबराती थी उसे प्रोत्साहित करने का 'ज़ोखिम' उठाने के लिये कोई राज्य तैयार नहीं। जबकि हरियाणा में हॉकी के लिए अंतर्राष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षण की पूरी सुविधा उपलब्ध है। उधर इस बार उड़ीसा के मुख्य मंत्री नवीन पटनायक ने भी भारतीय हॉकी टीम को प्रायोजित करने का बीड़ा उठाया इसका परिणाम सामने है कि भारतीय महिला हॉकी टीम को जहां हरियाणा ने 9 खिलाड़ी दिये वहीं पुरुष हॉकी टीम ने भी गत वर्षों की तुलना में अच्छा प्रदर्शन किया।**

# भगवान श्रीकृष्ण मोहिनी मूरत के बहुआयामी महानायक

श्रीकृष्ण का चरित्र अत्यन्त दिव्य, अलौकिक एवं विलक्षण है और उनका जन्मोत्सव का पर्व उससे भी अधिक दिव्य एवं विलक्षण है। श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव-जन्माष्टमी पर हमें उनसे प्रेरणा लेकर जीवन को जटिल नहीं, सरल और सहज बनाते हुए मानवता के अभ्युदय के लिये पुरुषार्थी प्रयत्न करने चाहिए, तभी इस पर्व को मनाने की सार्थकता है। श्रीकृष्ण का व्यक्तित्व एवं कृतित्व बहुआयामी एवं बहुरंगी हैं, देश ही नहीं दुनिया के लिये वे एक महान् क्रांतिकारी महानायक एवं युगावतार हैं, उनमें बुद्धिमत्ता, चातुर्य, युद्धनीति, आकर्षण, प्रेमभाव, गुरुत्व, सुख, दुख और न जाने कितनी विशेषताओं एवं विलक्षणताओं को स्वयं में समेटे हैं। एक भक्त के लिए श्रीकृष्ण भगवान तो हैं ही, साथ में गुरु भी हैं जो जीवन जीने की कला सिखाते है। उन्होंने अपने व्यक्तित्व की विविध विशेषताओं से भारतीय-संस्कृति में महानायक का पद प्राप्त किया। एक ओर वे राजनीति के ज्ञाता, तो दूसरी ओर दर्शन के प्रकांड पंडित थे। धार्मिक जगत में भी नेतृत्व करते हुए ज्ञान-कर्म-भक्ति का समन्वयवादी धर्म उन्होंने प्रवर्तित किया। अपनी योग्यताओं के आधार पर वे युगपुरुष थे। वे दार्शनिक, चिंतक, गीता के माध्यम से कर्म और सांख्य योग के संदेशवाहक और महाभारत युद्ध के नीति निर्देशक थे किंतु सरल-निश्छल ब्रजवासियों के लिए तो वह रास रचैया, माखन चोर, गोपियों की मटकी फोड़ने वाले नटखट कन्हैया और गोपियों के चितचोर थे। गीता में इसी की भावाभिव्यक्ति है- हे अर्जुन! जो भक्त मुझे जिस भावना से भजता है मैं भी उसको उसी प्रकार से भजता हूं।

श्रीकृष्ण जन्मोत्सव सामाजिक समता, प्रेरणा, उत्सव एवं उमंग का उदाहरण है। उन्होंने नगर में जन्म लिया और गाँव में खेलते हुए उनका बचपन व्यतीत हुआ। इस प्रकार उनका चरित्र गाँव व नगर की संस्कृति को जोड़ता है, गरीब को अमीर से जोड़ता है, गो चरक से गीता उपदेशक होना, दुष्ट कंस को मारकर महाराज उग्रसेन को उनका राज्य लौटाना, धनी घराने का होकर गरीब ग्वाल बाल एवं गोपियों के घर जाकर माखन खाना आदि जो लीलाएँ हैं ये सब एक सफल राष्ट्रीय महामानव होने के उदाहरण हैं। कोई भी साधारण मानव श्रीकृष्ण की तरह समाज की प्रत्येक स्थिति को छूकर, सबका प्रिय होकर राष्ट्रोद्धारक बन सकता है। कंस के वीर राक्षसों को पल में मारने वाला अपने प्रिय ग्वालों से पिट जाता है, खेल में हार जाता है। यही है दिव्य प्रेम की स्थापना का उदाहरण। भगवान श्रीकृष्ण की यही लीलाएँ सामाजिक समरसता एवं राष्ट्रप्रियता का प्रेरक मानदण्ड हैं। भगवान श्रीकृष्ण का व्यक्तित्व अध्यात्म-जगत के लिये ही नहीं, भारतीय इतिहास के लिये ही नहीं, विश्व इतिहास के लिये भी अलौकिक एवम् अद्भुत व्यक्तित्व है और सदा रहेगा। वे हमारी संस्कृति के एक विलक्षण महानायक हैं। एक ऐसा व्यक्तित्व जिसकी तुलना न किसी अवतार से की जा सकती है और न संसार के किसी महापुरुष से। उनके जीवन की प्रत्येक लीला में, प्रत्येक घटना में एक ऐसा विरोधाभास दीखता है जो साधारणतः समझ में नहीं आता है। यही उनके जीवन चरित की विलक्षणता है और यही उनका विलक्षण जीवन दर्शन भी है। अपनी सरस एवं मोहक लीलाओं तथा परम पावन उपदेशों से अन्तः एवं बाह्य दृष्टि द्वारा जो अमूल्य शिक्षण उन्होंने दिया था वह किसी वाणी अथवा लेखनी की वर्णनीय शक्ति एवं मन की कल्पना की सीमा में नहीं आ सकता, यही उनकी विलक्षणता है। ज्ञानी-ध्यानी जिन्हें खोजते हुए हार जाते हैं, जो न ब्रह्म में मिलते हैं, न पुराणों में और न वेद की ऋचाओं में, वे मिलते हैं ब्रजभूमि की किसी कुंज-निकुंज में राधारानी के पैरों को दबाते हुए- यह श्रीकृष्ण के चरित्र की विलक्षणता ही तो है कि वे अजन्मा होकर भी पृथ्वी पर जन्म लेते हैं। मृत्युंजय होने पर भी मृत्यु का वरण करते हैं। वे सर्वशक्तिमान होने पर भी जन्म लेते हैं कंस के बन्दीगृह में। श्रीकृष्ण एक ऐसा आदर्श चरित्र हैं जो अर्जुन की मानसिक व्यथा का निदान करते समय एक मनोवैज्ञानिक, कंस जैसे असुर का संहार करते हुए एक धर्मावतार, स्वार्थ पोषित राजनीति का प्रतिकार करते हुए एक आदर्श राजनीतिज्ञ, विश्व मोहिनी बंसी बजैया के रूप में सर्वश्रेष्ठ संगीतज्ञ, बृजवासियों के समक्ष प्रेमावतार, सुदामा के समक्ष एक आदर्श मित्र, सुदर्शन चक्रधारी के रूप में एक योद्धा व सामाजिक क्रान्ति के प्रणेता हैं।




## 12 अगस्त की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

| | |
|---|---|
| 1992 | उत्तरी अमेरिका के राष्ट्रों- सं.रा. अमेरिका, कनाडा एवं मैक्सिको में मुक्त व्यापार समझौता (नाफ्टा) सम्पन्न। |
| 2003 | संयुक्त राज्य अमेरिका ने भारत और इस्रायल के बीच फाल्कन सौदे को मंजूरी दी। |
| 2004 | फ़्रांस के मशहूर स्ट्राइकर जिनेदिन जिदान ने अंतर्राष्ट्रीय फुटबाल से सन्यास लिया। इराकी शहर नजफ पर अमेरिकी हमले में 165 मारे गये। |
| 2006 | यूरोपीय प्रक्षेपण यान एरियन-5 ने जापान के संचार उपग्रह और फ़्रांस के एक सैन्य उपकरण को सफलतापूर्वक अंतरिक्ष की कक्षा में स्थापित किया। |
| 2007 | अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के यान एण्डेवर से अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर पहुँचे यात्रियों ने स्टेशन पर नई बीम लगाई। |
| 2008 | बृज बिहार रेलेवे क्रासिंग के निकट खड़ी कालिंदी एक्सप्रेश व पद्मावट एक्सप्रेस में हुए भिड़ंत से नई पाटी घायल हो गयी। आमिर ख़ान को उनकी फ़िल्म 'तारे ज़मीं पर' के लिए गोलापुड़ी श्रीनिवास मेमोरियल अवार्ड प्रदान किया गया। |
| 2009 | भारत के प्रसिद्ध अर्थशास्त्री सी.रंगराजन को प्रधानमंत्री की आर्थिक सलहाकार परिषद का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। उन्होंने इस पद पर अपनी नियुक्ति के उपरान्त राज्यसभा की सदस्यता से त्यागपत्र दे दिया। |

# भाग्य को निश्चित रूप से परिभाषित करना अत्यंत कठिन है

### विचार बिन्दु



संजीव ठाकुर

**हमारे शास्त्रों में भी लिखा गया है की लक्ष्मी निष्क्रिय और निठल्ले लोगों का साथ नहीं देती, एवं निष्क्रिय लोगों के पास नहीं जाती है।**

जहां सफलता की संभावना एकदम कम तथा न्यून हो और सफलता मिल जाए तो भाग्य को श्रेय दिया जाता हैद्य वास्तव में जो सफलता के चरम पर होता है, वह खुद ही जानता है कि भाग्य जैसी कोई चीज नहीं होती हैद्य पर सफल व्यक्ति से जुड़े हुए लोग उसके साहस और श्रम को श्रेय देने के बजाय व्यक्ति के भाग्य पर जोर देने लगते हैंद्य इस दुनिया में दो तरह के लोग होते हैं, जो सफलता को कुछ निश्चित गुणों पर आधारित मानते हैं।असफल व्यक्ति ही भाग्य पर ज्यादा भरोसा करते हैं, असफल होने पर अपने भाग्य को कोसते हैंद्य वस्तुतः भाग्य नाम की कोई चिड़िया होती ही नहीं है। भाग्य साहस और मेहनत की परिणति है। जिसके भीतर साहस और श्रम करने की प्रवृत्ति होती है, वही व्यक्ति सफल होता है। भाग्य उसका सदैव साथ देता है। साहसी व्यक्ति मेहनत से नहीं डरता,चुनौतियां स्वीकार करता है,और निडर होकर हर चुनौती का डटकर मुकाबला करता है। साहसी व्यक्ति कांटों से भरे पथ पर चलने के लिए तत्पर रहता है, डर नामक चीज़ से वह परिचित नहीं होता है। और अपनी मेहनत और साहस के बल पर बड़ी से बड़ी सफलता प्राप्त करता है, वही व्यक्ति भाग्यवान कहलाता है। मशहूर मुक्केबाज मोहम्मद अली उर्फ कैशियस क्ले ने एक महत्वपूर्ण मुक्केबाजी की स्पर्धा जीतकर कहा था," जो व्यक्ति जीवन में ज्यादा खतरे नहीं उठाता वह एक साधारण जिंदगी जीने से ज्यादा कुछ नहीं कर सकता" मोहम्मद अली के इस कथन में कई सफलता के तत्व छुपे हुए हैं, यदि आपने अपनी जिंदगी में साहस नहीं दिखाया तो निश्चित तौर पर आप कुछ भी उल्लेखनीय नहीं कर सकते हैं, साहस एक ऐसा माननीय गुण है जो व्यक्ति की सफलता को दुगना कर देता है। साहस और श्रम ही जीवन का पर्याय है, और ऐसे व्यक्ति भीड़ में अलग दिखाई देते हैं। उन्हें ही समाज सफल व्यक्ति एवं भाग्यवान होने की श्रेणी में रखता है। साहसी व्यक्ति के मन में हिचक नहीं होती वह किसी भी निर्णय लेने में कभी किंकर्तव्यविमूढ़ नहीं होता, अनेक कठिनाइयों का सामना करते हुए वह अपने साहस और श्रम पर विश्वास रख आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहता है। नेपोलियन बोनापार्ट के अनुसार भाग्य केवल सक्रिय मस्तिष्क का साथ देता है, इसीलिए मनुष्य को अपना मस्तिक सदैव क्रियाशील व सक्रिय रखना चाहिए, वास्तव में हम जैसे विचार रखते हैं, हम जैसा सोचते हैं, हम वैसे ही बन जाते हैं, जिसने विचारों की ऊर्जा को पहचाना, उसका जीवन सकारात्मक तथा सफलता के कदम चूमता है। अपने लक्ष्य के बारे में सदैव विचार करते रहें एवं उपलब्ध संसाधनों का रोना रोने के बजाय यह सोचना आवश्यक होगा कि हम अपना सर्वोत्तम कैसे दे सकते हैं। ऐसे विचारों और साहस के बहुत बड़े उदाहरण मीराबाई चानू,बजरंग पूनिया और गोल्डन ब्वॉय नीरज चोपड़ा हैं, जो देश के लिए बहुत बड़े उदाहरण हैं। इसके अलावा अन्य भी जिन्होंने ओलंपिक 2020 जापान में देश के लिए खेल में चार और मेडल प्राप्त किया और देश का गौरव बढ़ाया।

इन सब को बधाइयों के साथ शुभकामनाएं भी हैं, इनकी मेहनत लगन और साहस को देश के 135 करोड़ आवाम का अभिनंदन तथा वंदन है। थॉमस कूलर के अनुसार बुद्धिमान व्यक्ति अवसर को एक अच्छे भाग्य में बदल देता है। और वही व्यक्ति जो अवसर की तलाश में रहता है, उसे परिवर्तित कर अच्छे परिणाम देकर,अपने परिवार, समाज देश का नाम स्वर्णिम अक्षरों में दर्ज करवाता है। स्वयं को मिले अवसरों को सफलता में बदल डालिए, आपका हर पल बहुत कीमती है, उसे नष्ट ना करें, सफलता को अपनी आदत में शुमार कर लीजिए फिर देखिए दुनिया आपकी, संसार आपका, सफलता आपके द्वार पर होगी। क्या आपने कभी विचार किया की ओलंपिक में गोल्ड मेडलिस्ट अभिनव बिंद्रा और नीरज चोपड़ा की सफलता का राज क्या है, निसंदेह उनके मन में केवल मेहनत परिश्रम और साहस था, उनके दिमाग में डर नाम की कोई चीज नहीं थी। यही उनकी सफलता का बड़ा फलसफा है। प्राचीन यूनानी कवि वर्जिन में युवाओं को संबोधित करते लिखा था कि "भाग्य सदैव साहसी लोगों का साथ देता है",ऐसे लोगों का साथ न दीजिए, उनसे मित्रता न कीजिए जो हमेशा अपनी उपलब्ध सुविधा के नाम पर रोना रहता रोते हैं, और अपनी परिस्थितियों से लगातार शिकायत करते हैं, ऐसे लोग सदैव खोजते रहते हैं कि मैं किसी बड़े धनवान व्यक्ति के घर में क्यों पैदा नहीं हुआ, जहां अपार सुख सुविधाएं उपलब्ध है और मैं भी सुख पूर्वक जीवन व्यतीत करता, पर वह यह नहीं जानता कि बड़े व्यक्ति के बड़े होने के पीछे कितनी मेहनत साहस और ऊर्जा अंतर्निहित है।

# FEVERS

# मौसम बदला बुखार से जरा बचके

**मौसम बदल रहा है कभी ठंडा कभी गर्मी के एहसास के चलते हम बीमार पड़ रहे है इस मौसम अपने साथ कई तरह की बीमारियां भी ला रहे है, जिनमें बुखार बड़ा कॉमन है। डेंगू के मामले भी बढ़ रहे हैं।**





## क्या है बुखार

जब हमारे शरीर पर कोई बैक्टीरिया या वायरस हमला करता है तो शरीर अपने आप ही उसे मारने की कोशिश करता है। इसी मकसद से शरीर जब अपना टेम्प्रेचर बढ़ाता है तो उसे बुखार कहा जाता है। अगर शरीर का तापमान सुबह के समय 99 डिग्री फारनहाइट से ज्यादा और शाम के वक्त 99.9 डिग्री फारनहाइट से ज्यादा है, तो बुखार माना जाता है। अब 98.4 नॉर्मल टेम्प्रेचर का कॉन्सेप्ट बदल चुका है। मलेरिया और डेंगू में बुखार 101 से लेकर 103 डिग्री फारनहाइट तक पहुंच जाता है, जबकि वायरल में बुखार की रेंज को बता पाना काफी मुश्किल होता है।

## खुद क्या करें

बुखार अगर 102 डिग्री तक है और कोई और खतरनाक लक्षण नहीं हैं तो मरीज की देखभाल घर पर ही कर सकते हैं। इसमें तीन चार दिन तक इंतजार कर सकते हैं। मरीज के शरीर पर सामान्य पानी की पट्टियां रखें। पट्टियां तब तक रखें, जब तक शरीर का तापमान कम न हो जाए। अगर इससे ज्यादा तापमान है तो फौरन डॉक्टर को दिखाएं। मरीज को एसी में रख सकते हैं, तो बहुत अच्छा है, नहीं तो पंखे में रखें। कई लोग बुखार होने पर चादर ओढ़कर लेट जाते हैं और सोचते हैं कि पसीना आने से बुखार कम हो जाएगा, लेकिन इस तरह चादर ओढ़कर लेटना सही नहीं है। साफ-सफाई का पूरा ख्याल रखें। मरीज को वायरल है, तो उससे थोड़ी दूरी बनाए रखें और उसके द्वारा इस्तेमाल की गई चीजें इस्तेमाल न करें। मरीज को पूरा आराम करने दें, खासकर तेज बुखार में। आराम भी बुखार में इलाज का काम करता है। मरीज छींकने से पहले नाक और मुंह पर रुमाल रखें। इससे वायरल होने पर दूसरों में फैलेगा नहीं।

## बरतें ऐहतियात

ठंडा पानी न पीएं, मैदा और बासी खाना न खाएं। खाने में हल्दी, अजवाइन, अदरक, हींग का ज्यादा-से-ज्यादा इस्तेमाल करें। इस मौसम में पत्ते वाली सब्जियां, अरबी, फूलगोभी न खाएं। हल्का खाना खाएं, जो आसानी से पच सके। पूरी नींद लें। मिर्च मसाले और तला हुआ खाना न खाएं, भूख से कम खाएं, पेट भर न खाएं। खूब पानी पीएं। छाछ, नारियल पानी, नीबू पानी आदि खूब पिएं। नाक के अंदर की तरफ सरसों का तेल लगाकर रखें। इससे तेल की चिकनाहट बाहर से बैक्टीरिया को नाक के अंदर जाने से रोकती है। खाने में हल्दी का इस्तेमाल ज्यादा करें। सुबह आधा चम्मच हल्दी पानी के साथ या रात को आधा चम्मच हल्दी एक गिलास दूध के साथ लें। लेकिन अगर आपको नजला, जुकाम या कफ आदि है तो दूध न लें। तब आप हल्दी को पानी के साथ ले सकते हैं। 8-10 तुलसी के पत्तों का रस शहद के साथ मिलाकर लें या तुलसी के 10 पत्तों को पौने गिलास पानी में उबालें, जब वह आधा रह जाए तब उस पानी को पीएं।

## डेंगू कैसे और कब



डेंगू मादा एडीज इजिप्टी मच्छर के काटने से होता है। इन मच्छरों के शरीर पर चीते जैसी धारियां होती हैं। ये मच्छर दिन में, खासकर सुबह शरीर के निचले हिस्सों पैरों आदि पर काटते हैं। डेंगू बरसात के मौसम और उसके फौरन बाद के महीनों यानी जुलाई से अक्टूबर में सबसे ज्यादा फैलता है। काटे जाने के 3-5 दिनों के बाद मरीज में डेंगू बुखार के लक्षण दिखने लगते हैं। शरीर में बीमारी पनपने की मियाद 3 से 10 दिनों की भी हो सकती है।

## डेंगू के 3 रूप

- क्लासिकल (साधारण) डेंगू बुखार
- डेंगू हैमरेजिक बुखार
- डेंगू शॉक सिंड्रोम

इन तीनों में से दूसरे और तीसरे तरह का डेंगू सबसे ज्यादा खतरनाक होता है। साधारण डेंगू बुखार अपने आप ठीक हो जाता है और इससे जान का खतरा नहीं होता लेकिन अगर किसी को डीएचएफ या डीएसएस है और उसका फौरन इलाज शुरू नहीं किया जाता तो जान जा सकती है। इसलिए यह पहचानना सबसे जरूरी है कि बुखार साधारण डेंगू है, डीएचएफ है या डीएसएस है।

## डेंगू शॉक सिंड्रोम

इस बुखार में डीएचएफ के लक्षणों के साथ-साथ 'शॉक' की अवस्था के भी कुछ लक्षण दिखाई देते हैं।
**जैसे-** मरीज बहुत बेचैन हो जाता है और तेज बुखार के बावजूद उसकी स्किन ठंडी महसूस होती है। मरीज धीरे-धीरे होश खोने लगता है। मरीज की नाड़ी कभी तेज और कभी धीरे चलने लगती है। उसका ब्लडप्रेशर एकदम लो हो जाता है।

## लक्षण क्या-क्या साधारण डेंगू बुखार

ठंड लगने के बाद अचानक तेज बुखार। -सिर, मांसपेशियों और जोड़ों में दर्द -आंखों के पिछले हिस्से में दर्द होना, जो आंखों को दबाने या हिलाने से और बढ़ जाता है। बहुत ज्यादा कमजोरी लगना, भूख न लगना और जी मिचलाना। गले में हल्का-सा दर्द होना। शरीर खासकर चेहरे, गर्दन और छाती पर, लाल-गुलाबी रंग के रैशेज। क्लासिकल साधारण डेंगू बुखार करीब 5 से 7 दिन तक रहता है और मरीज ठीक हो जाता है। ज्यादातर मामलों में इसी किस्म का डेंगू बुखार होता है।

## डेंगू हॅमरेजिक बुखार

नाक और मसूढ़ों से खून आना। शौच या उलटी में खून आना। स्किन पर गहरे नीले-काले रंग के छोटे या बड़े रैशेज पड़ जाना। साधारण डेंगू बुखार के लक्षणों के साथ ये लक्षण भी दिखाई दें तो वह डीएचएफ हो सकता है। ब्लड टेस्ट से इसका पता लग सकता है।

## इलाज

अगर मरीज को साधारण डेंगू बुखार है तो उसका इलाज व देखभाल घर पर की जा सकती है। अगर बुखार 102 डिग्री फारनहाइट से ज्यादा है तो मरीज के शरीर पर पानी की पट्टियां रखें। सामान्य रूप से खाना देना जारी रखें। बुखार की हालत में शरीर को और ज्यादा खाने की जरूरत होती है। मरीज में DSS या DHF का एक भी लक्षण दिखाई दे तो उसे जल्दी-से-जल्दी डॉक्टर के पास ले जाएं। DSS और DHF बुखार में प्लेटलेट्स कम हो जाते हैं, जिससे शरीर के जरूरी हिस्से प्रभावित हो सकते हैं। डेंगू बुखार के हर मरीज को प्लेटलेट्स चढ़ाने की जरूरत नहीं होती, सिर्फ डेंगू हैमरेजिक और डेंगू शॉक सिंड्रोम बुखार में ही जरूरत पड़ने पर प्लेटलेट्स चढ़ाई जाती हैं। अगर सही समय पर इलाज शुरू कर दिया जाए तो DSS और DHF का पूरा इलाज मुमकिन है। इलाज कराने और हॉस्पिटल से डिस्चार्ज होने के बाद मरीज को थोड़ी कमजोरी रहती है, जो 10 दिन में ठीक हो जाती है। पूरी तरह स्वस्थ होने में मरीज को 10 दिन लगते हैं।

## एलोपैथी में इलाज



इसकी दवाई लक्षण देखकर और प्लेटलेट्स का ब्लड टेस्ट कराने के बाद ही दी जाती है।
**आयुर्वेद:** आयुर्वेद में इसकी कोई पेटेंट दवा नहीं है, लेकिन डेंगू न हो, इसके लिए यह नुस्खा अपना सकते हैं। एक कप पानी में एक चम्मच गिलोय का रस (अगर इसकी डंडी मिलती है तो चार इंच की डंडी लें), दो काली मिर्च, तुलसी के पांच पत्ते और अदरक मिलाकर पानी में उबालकर काढ़ा बनाएं और 5 दिन तक लें। दिन में दो बार, सुबह नाश्ते के बाद और रात में डिनर से पहले लें।

## बुखार कब जानलेवा

सभी बुखार जानलेवा या बहुत खतरनाक नहीं होते, लेकिन अगर डेंगू में हैमरेजिक बुखार या डेंगू शॉक सिंड्रोम हो जाए, मलेरिया दिमाग को चढ़ जाए, टायफायड का सही इलाज न हो, प्रेग्नेंसी में वायरल हेपटाइटिस या मेंनिंजाइटिस हो जाए तो खतरनाक साबित हो सकते हैं। बच्चों का इम्यून सिस्टम कमजोर होता है इसलिए बीमारी उन्हें जल्दी जकड़ लेती है। ऐसे में उनकी बीमारी को नजरअंदाज न करें। खुले में ज्यादा रहते हैं इसलिए इन्फेक्शन होने और मच्छरों से काटे जाने का खतरा उनमें ज्यादा होता है। बच्चों को घर से बाहर पूरे कपड़े और जूते पहनाकर भेजें। मच्छरों के मौसम में बच्चों को निकर व टी-शर्ट न पहनाएं। रात में मच्छर भगाने की क्रीम लगाएं। बच्चा बहुत ज्यादा रो रहा हो, लगातार सोए जा रहा हो, बेचैन हो, उसे तेज बुखार हो, शरीर पर रैशेज हों, उलटी हो या इनमें से कोई भी लक्षण हो तो फौरन डॉक्टर को दिखाएं।

## कौन-से टेस्ट

अगर तेज बुखार हो, जॉइंट्स में तेज दर्द हो या शरीर पर रैशेज हों तो पहले दिन ही डेंगू का टेस्ट कराएं। लक्षण नहीं हैं, पर तेज बुखार है तो भी एक-दो दिन बाद फिजिशन के पास जाएं। शक होने पर डॉक्टर डेंगू की जांच कराएगा। डेंगू की जांच के लिए शुरुआत में एंटिजन ब्लड टेस्ट किया जाता है। इस टेस्ट में डेंगू शुरू में ज्यादा पॉजिटिव आता है, जबकि बाद में धीरे-धीरे पॉजिटिविटी कम होने लगती है। अगर तीन-चार दिन के बाद टेस्ट कराते हैं तो एंटिबॉडी टेस्ट (डेंगू सिरॉलजी) कराना बेहतर है। डेंगू की जांच कराते हुए वाइट ब्लड सेल्स का टोटल काउंट और अलग-अलग काउंट करा लेना चाहिए। इस टेस्ट में प्लेटलेट्स की संख्या पता चल जाती है।

# ताकि चलती रहे कामकाजी जिंदगी



हर समय घर-दफ्तर की भागदौड़ और इससे तालमेल बैठाने की कोशिश करते आप..मानो पूरा जीवन ही मशीनी हो गया है। पर यह मशीन लंबे समय तक साथ देती रहे, इसके लिए जरूरी है नियमित व्यायाम। वैसे ही जैसे आप दूसरे सब काम करते हैं। 15 मिनट का समय निकाल कर कौन से आसन जरूर करें। कामकाजी लोगों के पास समय की बड़ी कमी होती है। व्यायाम न कर पाने के सौ बहाने हमेशा तैयार रहते हैं। यूं भी सेहत के प्रति लापरवाह नजरिया हम भारतीयों में आसानी से देखने को मिलता है। सारा दिन कंप्यूटर, कुर्सी, टेबल, फोन तथा घर-ऑफिस के कामों में ही बीत जाता है। न चैन से भोजन करना, न चैन से सोना। यही कारण है कि अधिकांश युवा व कामकाजी वर्ग कम उम्र में ही उच्च व निम्न रक्तचाप, मधुमेह, मोटापे, स्लिप डिस्क, सर्वाइकल स्पॉन्डिलाइटिस, उदर रोग, अपचन, वायु रोग, मानसिक तनाव, जोड़ों में दर्द तथा थकावट का शिकार हो रहा है। आधुनिक चिकित्सा के पास मनुष्य को संपूर्ण शारीरिक स्वास्थ्य, मानसिक शांति, भावनात्मक संतुलन तथा पूर्ण कार्यक्षम बनाने की कोई दवा नहीं है। योग के निरंतर तथा नियमित अभ्यास से जरूर इसका समाधान संभव है। यहां कुछ आसान क्रियाएं दी जा रही हैं, जिनके लिए घर व ऑफिस में कुछ समय निकाल कर अपनी कामकाजी जिंदगी को दीर्घायु बना सकते हैं..

**1. ऑफिस में कुर्सी पर बैठ कर करने वाली यौगिक क्रियाएं**
**2. घर/ ऑफिस में एकांत में की जाने वाली यौगिक क्रियाएं**

**ऑफिस में कुर्सी पर बैठ कर करने वाली यौगिक क्रियाएं**

इन क्रियाओं को सूक्ष्म यौगिक क्रियाएं कहते हैं। इन्हें आप ऑफिस की कुर्सी पर बैठे-बैठे कभी भी आसानी से कर सकते हैं। ये क्रियाएं गर्दन, हाथ, पैर तथा रीढ़ के लिए अलग-अलग होती हैं। इनके अभ्यास की विधि इस प्रकार है..

**गर्दन की क्रियाएं:** कुर्सी पर रीढ़, गर्दन व सिर को सीधा रख कर बैठ जाएं। दो गहरी सांस लें और छोड़ें। चेहरे को पांच बार दाएं और बाएं कंधे की ओर ले जाएं। इसके बाद पांच बार आगे व पीछे की ओर सिर झुकाएं। अंत में सिर को पांच बार घड़ी की सुई की दिशा में तथा इतनी ही बार विपरीत दिशा में घुमाएं। सर्वाइकल स्पॉन्डिलाइटिस की स्थिति में सिर को आगे की ओर झुकाना तथा वृत्ताकार घुमाना मना होता है।
**लाभ:** ऐसा करते रहने से सर्वाइकल स्पॉन्डिलाइटिस होने के खतरे से बच सकता है। **हाथ की क्रियाएं:** कुर्सी पर रीढ़, गर्दन व सिर को सीधा कर बैठें। दो गहरे सांस लें व छोड़ें। अब दाएं हाथ के कंधे को हल्का कड़ा करें, फिर ऊपरी बांह, निचली बांह, कलाई व हथेली को कड़ा करें। हाथ को 10 सेकेंड तक कड़ा रखें, फिर हथेली, कलाई, निचली व ऊपरी बांह तथा कंधे को क्रम से ढीला करें। यह क्रिया 5 बार करें। बाएं हाथ से दोहराएं। इससे शोल्डर फ्रीजिंग, कलाई व उंगलियों में दर्द की आशंका नहीं रहती। कंप्यूटर पर देर तक काम करने वालों के लिए यह अच्छी क्रिया है। **यौगिक श्वसन:** इसका अभ्यास उठते, बैठते, चलते-फिरते तथा लेटे हुए कभी भी किया जा सकता है। कुर्सी पर रीढ़, गला व सिर को सीधा रख कर बैठ जाएं। अब एक गहरी सांस लेकर पहले श्वास पेट में तथा उसके बाद सीने में भरें। श्वास निकालते समय पहले सीने को खाली करें। फिर पेट खाली करें। इसे 25 से 30 बार दोहराएं। **रीढ़ की क्रिया:** कुर्सी पर रीढ़, गला व सिर को सीधा रख कर बैठें। दो गहरी सांस लें व छोड़ें। अब दोनों हाथ की हथेलियों को सिर के पीछे रख कर धड़ को आगे, पीछे, दाएं व बाएं मोड़ें। यह क्रिया 5 बार दोहराएं। यह क्रिया रीढ़ की प्रत्येक वर्टिबा को सशक्त करती है।


## पैर के लिए व्यायाम

कुर्सी पर रीढ़, गला व सिर को सीधा कर बैठ जाएं। दो गहरी सांस लें व छोड़ें। इसके बाद दाएं पैर के क्रमशः नितंब, जांघ, पिंडली, एड़ी, पंजे तथा उंगलियों को हल्का, मध्यम तथा तीव्र कड़ा करें। इसके बाद उल्टी दिशा से उंगलियों से लेकर नितंब को धीरे-धीरे ढीला छोड़ दें। यह क्रिया 5 बार दोहराएं।

# माइग्रेन: कैसे पाएं चैन...

**क्या आपको अचानक सिर के किसी एक हिस्से में बेहद दर्द होता है, जो झकझोर के रख देता है? क्या इस कारण रोजमर्रा के कामों को करने में परेशानी होती है? ऐसा लगता है, मानो जब तक आराम न आ जाए, तब तक अंधेरे कमरे में लेटे रहें? दर्द के साथ चक्कर या उलटी की शिकायत भी होती है? यदि आपका जवाब हां हैं तो यह दर्द माइग्रेन हो सकता है। खुद से ही दर्द निवारक दवाओं द्वारा इसे रोकने से बेहतर है कि आप तुरंत किसी डॉक्टर से संपर्क करें। पिछले कुछ समय में किशोरों व युवाओं में इसके मामले तेजी से बढ़े हैं।**

**तेज रफ्तार जिंदगी व अस्वस्थ जीवनशैली के कारण आज सिरदर्द की समस्या आम हो गई है। लंबे समय तक चलने वाला सिरदर्द आगे चल कर माइग्रेन का रूप धारण कर लेता है। माइग्रेन का दर्द कुछ घंटे से लेकर कई दिनों तक रह सकता है। पहले माना जाता था कि माइग्रेन मस्तिष्क की रक्त नलिकाओं के फैलने और सिकुड़ने के कारण होता है, लेकिन कई अनुसंधानों में यह बात सामने आई है कि माइग्रेन केंद्रीय तंत्रिका तंत्र की गड़बड़ी के कारण होता है, जिससे न्यूरोट्रांसमीटर्स का संचरण प्रभावित होता है, विशेष रूप से सेरोटोनिन हार्मोन में असंतुलन उत्पन्न हो जाता है।**



## महिलाएं हैं आसान शिकार

बचपन में सिरदर्द लड़कियों की तुलना में लड़कों को अधिक होता है, लेकिन किशोरावस्था में पहुंचते ही लड़कियों में सिरदर्द की समस्या लड़कों के मुकाबले ज्यादा होती है। महिलाओं में माइग्रेन की समस्या पुरुषों के मुकाबले तीन गुना ज्यादा होती है। उम्र के साथ यह समस्या बढ़ती जाती है। महिलाओं में पीरियड्स, गर्भावस्था और मेनोपॉज के दौरान होने वाले हार्मोन परिवर्तनों का माइग्रेन से सीधा संबंध है। गर्भनिरोधक दवाओं का सेवन भी माइग्रेन के खतरे को बढ़ा देता है।

**सर्विकोजेनिक हेडेक:** सर्विकोजेनिक हेडेक क्रॉनिक हेडेक का सबसे सामान्यकारण है। इसकी उत्पत्ति सर्वाइकल स्पाइन से होती है। यह केवल एक ओर होता है। बहुत कम मामलों में ही देखा जाता है कि यह मस्तिष्क की मध्य रेखा को पार करता है। गर्दन का पॉश्चर या गति ठीक नहीं रखने से यह और गंभीर हो जाता है। कम्प्यूटर पर काम करने वाले लोगों में यह अक्सर देखा जाता है। अगर कंप्यूटर की स्क्रीन अधिक ऊंची है, तब गर्दन को ऊंचा करके देखना पड़ता है, जिससे सिरदर्द हो जाता है। गंभीर सर्विकोजेनिक हेडेक में ऑपरेशन की आवश्यकता भी पड़ सकती है।
**सर्विकल स्पॉन्डिलोसिस:** यह उम्र से संबंधित समस्या है, जो गर्दन के जोड़ों को प्रभावित करती है। सर्विकल स्पॉन्डिलोसिस सर्विकल स्पाइन की उपस्थितियों और हड्डियों में टूट-फूट के कारण होता है। इसे नेक अर्थराइटिस भी कहते हैं। यह 90त्न उन लोगों में होता है, जिनकी उम्र 65 वर्ष से अधिक होती है। यह गर्दन में लगी किसी चोट या आनुवंशिक कारणों से हो सकता है। इसके कारण सिरदर्द भी होता है।

## माइग्रेन के प्रकार



माइग्रेन के दो प्रकार होते हैं, क्लासिकल और नॉन क्लासिकल। जब माइग्रेन का दर्द ऑरा यानी दृष्टि संबंधी गड़बड़ी के बाद शुरू होता है, तब इसे क्लासिकल माइग्रेन कहते हैं। क्लासिकल माइग्रेन में आमतौर पर सिरदर्द के 10-15 मिनट पहले ऑरा के लक्षण दिखाई देने लगते हैं। जब सिरदर्द बिना 'ऑरा' और दूसरे लक्षणों के साथ शुरू होता है, तब इसे नॉन क्लासिकल या सामान्य माइग्रेन कहते हैं। सामान्य माइग्रेन बच्चों और किशोरों में अधिक होता है। माइग्रेन के जो कुल मामले देखे जाते हैं, उनमें से 70 से 85 प्रतिशत सामान्य माइग्रेन और 15 से 30 प्रतिशत क्लासिकल माइग्रेन वाले होते हैं। छोटे बच्चों में माइग्रेन के दौरे शाम को पड़ते हैं।

## माइग्रेन के ट्रिगर

वैसे माइग्रेन के वास्तविक कारणों का पता नहीं है, पर देखा जाता है कि माइग्रेन एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी में हस्तांतरित होता है। मनोवैज्ञानिक समस्याएं जैसे उत्तेजना और गहरा अवसाद या न्यूरॉटिक डिसऑर्डर जैसे पक्षाघात और मिरगी भी माइग्रेन के खतरे को बढ़ा देते हैं।

## कुछ अन्य ट्रिगर भी निम्न हैं..

तनाव और नींद की कमी। हार्मोस में बदलाव विशेषकर महिलाओं में। सामान्य खान-पान की शैली में बदलाव। शुगर का स्तर कम हो जाना। कैफीन और अल्कोहल का सेवन। मौसम में बदलाव। गर्भनिरोधक गोलियां और अस्थमा का उपचार। यात्रा करना। कुछ खाद्य पदार्थ जैसे चॉकलेट, मांस, नूडल्स, बीयर, रेड वाइन आदि। शारीरिक क्षमता से अधिक कार्य या एक्सरसाइज करना। पूरी नींद ना लेना या रात में देर तक जागना या बहुत ज्यादा सोना। डीहाइड्रेशन।

## लक्षण

माइग्रेन के लक्षण एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में बदलते रहते हैं, बच्चों में यह सिर के अगले भाग और दोनों तरफ के हिस्सों को प्रभावित करता है। किशोरावस्था और प्रौढ़ावस्था में दर्द सिर के एक हिस्से को प्रभावित करता है। माइग्रेन के सामान्य लक्षण इस प्रकार हैं.. तेज सिरदर्द के साथ चक्कर आना, जी मिचलाना, उल्टी होना या पेट दर्द। रोशनी और आवाजों के प्रति संवेदनशीलता। मस्तिष्क के एक भाग में धुक-धुक की आवाज के साथ तेज दर्द होना। ध्यान केंद्रित करने में समस्या होना। सोचने की क्षमता प्रभावित होना। कभी-कभी बोलते समय उपयुक्त शब्द की तलाश न कर पाना। त्वचा का पीला पड़ जाना। चक्कर आना। उल्टी होना या पेट दर्द।



# जूनियर एनटीआर ने पहली बार मिलाया प्रशांत नील से हाथ...

**मुंबई।** 'देवरा' की रिलीज से पहले एनटीआर की नई फिल्म का ऐलान हो गया है। इस फिल्म के लिए जूनियर एनटीआर ने निर्देशक प्रशांत नील के साथ हाथ मिलाया है। यह दोनों के बीच पहला सहयोग है। एनटीआर और प्रशांत की फिल्म की शूटिंग शुरू हो गई है। सेट से अभिनेता की कुछ तस्वीरें सामने आई हैं, जिसमें वह निर्देशक और अन्य क्रू सदस्यों के साथ नजर आ रहे हैं। फिल्म की रिलीज तारीख से भी पर्दा उठ गया है। यह फिल्म 9 जनवरी, 2026 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। यह एक पैन-इंडिया फिल्म है, जिसे हिंदी, तमिल, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ भाषा में रिलीज किया जाएगा। बता दें कि एनटीआर इस फिल्म के सह-निर्माता हैं।

लाइफ Style

# जेनेलिया

## राष्ट्रीय स्तर पर खेल चुकी हैं फुटबॉल

एजेंसी ▶▶ मुंबई

सितारे जमीन पर' 27 दिसंबर, 2024 को सिनेमाघरों में दस्तक देने को तैयार है। इस फिल्म में आमिर खान मुख्य भूमिका में दिखाई देंगे। फिल्म के निर्देशन की कमान आरएस प्रसन्ना ने संभाली है। आमिर इस फिल्म का निर्माण अपनी पूर्व पत्नी किरण राव के साथ मिलकर कर रहे हैं।

अभिनेता रितेश देशमुख की पत्नी और अभिनेत्री जेनेलिया डिसूजा आज किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं। जेनेलिया ने साल 2003 में आई फिल्म 'तुझे मेरी कसम' से अभिनय की दुनिया में कदम रखा था। हिंदी के अलावा उन्होंने तमिल, तेलुगु, कन्नड़, मलयालम और मराठी फिल्मों में भी काम किया है, लेकिन क्या आप जानते हैं जेनेलिया राष्ट्रीय स्तर पर फुटबॉल खेल चुकी हैं? मॉडलिंग और फिल्मों के अलावा जेनेलिया राज्य स्तर पर एथलीट रह चुकी हैं। उन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर फुटबॉल भी खेला है। उनके पसंदीदा फुटबॉलर लियोनल मेसी हैं। जेनेलिया की आने वाली फिल्मों की बात करें तो वह फिल्म 'सितारे जमीन पर' के जरिए दर्शकों का मनोरंजन करती हुई नजर आएंगी। 'सितारे जमीन पर' 27 दिसंबर, 2024 को सिनेमाघरों में दस्तक देने को तैयार है। इस फिल्म में आमिर खान मुख्य भूमिका में दिखाई देंगे। फिल्म के निर्देशन की कमान आरएस प्रसन्ना ने संभाली है। आमिर इस फिल्म का निर्माण अपनी पूर्व पत्नी किरण राव के साथ मिलकर कर रहे हैं। 'मस्ती', 'मेरे बाप पहले आप', 'रेडी', 'जाने तू या जाने ना', 'ट्रायल पीरियड', 'वेद' और 'मिस्टर मम्मी' उनकी बहुचर्चित फिल्मों में से एक है।




हॉलीवुड मसाला

# अमेरिकी रैपर ट्रैविस गिरफ्तार



पेरिस। इन दिनों फ्रांस की राजधानी पेरिस में ओलंपिक गेम्स चल रहे हैं। अपने देश के खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाने के लिए दुनिया भर से लोग और कई बड़े कलाकार पेरिस पहुंच रहे हैं। ओलंपिक गेम्स देखने के लिए फेमस अमेरिकी रैपर ट्रैविस स्कॉट भी पेरिस पहुंचे थे, लेकिन वह वहां पर गिरफ्तार हो गए। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। दरअसल, रैपर को लेकर बताया जा रहा है कि वो नशे की हालत में थे और वह अपने बॉडीगार्ड से झगड़ा कर रहे थे, जिसके कारण उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया।



# एडम पर कुत्तों के यौन शोषण का आरोप तय

लॉस एंजिल्स। प्रसिद्ध मगरमच्छ विशेषज्ञ एडम ब्रिटन को 10 साल से अधिक की सजा सुनाई गई है। एडम पर दर्जनों कुत्तों के यौन शोषण और हत्या का आरोप है। इस घिनौने कृत्य के लिए ऑस्ट्रेलियाई अदालत ने उन्हें ये सजा सुनाई है। इतना ही नहीं बीबीसी और नेशनल ज्योग्राफिक प्रोडक्शंस पर काम करने वाले 53 वर्षीय एडम को पाशविकता, पशु क्रूरता और बाल दुर्व्यवहार सामग्री रखने से संबंधित 56 आरोपों में दोषी ठहराया गया है। मामले के विवरण के अनुसार, ब्रिटन ने 2020 और 2022 के बीच 42 कुत्तों का ऑनलाइन अधिग्रहण किया, और उनके मालिकों को अच्छा घर देने का वादा किया। ब्रिटन ने इन जानवरों पर अत्याचार और दुर्व्यवहार किया। ब्रिटन ने अपराध को अपनी संपत्ति पर एक शिपिंग कंटेनर में फिल्माया। यातना से कम से कम 39 कुत्तों की जान चली गई।



# 'सीटीआरएल' अक्टूबर में देगी दस्तक...

**मुंबई।** अनन्या पांडे को आखिरी बार सिद्धांत चतुर्वेदी और आदर्श गौरव के साथ फिल्म 'खो गए हम कहां' में देखा गया था। यह फिल्म पिछले साल 26 दिसंबर को नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई थी। अब अनन्या ने अपनी नई फिल्म का ऐलान कर दिया है। विक्रमादित्य मोटवानी के निर्देशन में बनी रही इस थ्रिलर फिल्म का नाम 'सीटीआरएल' है। अनन्या के साथ इस फिल्म में विहान सामत भी मुख्य भूमिका में होंगे। अनन्या की फिल्म 'सीटीआरएल' सिनेमाघरों में नहीं, बल्कि ओटीटी पर रिलीज होगी। यह फिल्म नेटफ्लिक्स पर दस्तक देगी। फिल्म का प्रीमियर 4 अक्टूबर से होने वाला है। यह पहला मौका है, जब अनन्या और विहान किसी फिल्म में साथ नजर आएंगे। अनन्या और विक्रमादित्य भी इस फिल्म के जरिए पहली बार साझा काम कर रहे हैं।



# 'शैतान' के सीक्वल पर काम शुरू...

**मुंबई।** अजय देवगन और आर माधवन की फिल्म 'शैतान' इस साल की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्मों में से एक है। यह फिल्म 8 माई को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी और इसने 60 करोड़ रुपये की लागत में बनी इस फिल्म ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 211.06 करोड़ रुपये का कारोबार किया था। अब दर्शक 'शैतान' के सीक्वल का इंतजार कर रहे हैं। अजय एक बार फिर कबीर बन दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए तैयार हैं। तैयार है 'शैतान 2' की स्क्रिप्ट बॉलीवुड हंगामा की एक रिपोर्ट के मुताबिक, 'शैतान' के सीक्वल पर काम शुरू हो गया है। फिल्म की कहानी लिखी जा चुकी है। इसी के साथ अजय ने सबसे ज्यादा सफल फ्रैंचाइजी में काम करने वाले एकमात्र भारतीय अभिनेता होने का दर्जा हासिल कर लिया है।

टीवी मसाला



# बिग बॉस 18 की प्रीमियर डेट आई सामने..!

**मुंबई।** अनिल कपूर द्वारा होस्ट किए गया शो बिग बॉस ओटीटी 3 खत्म हो गया है। बता दें इस प्यार को क्या नाम दूं अभिनेत्री सना मकबूल ने इस सीजन की ट्रॉफी को अपने नाम किया है। इस बीच बिग बॉस ओटीटी 3 के खत्म होने के बाद फैंस को अब बिग बॉस 18 का बेसब्री से इंतजार है। बता दें बिग बॉस ओटीटी 3 दर्शकों को ज्यादा पसंद नहीं आया। इसलिए इस सीजन को आगे हफ्ते तक नहीं बढ़ाया गया। अब सभी सलमान खान की होस्टिंग में बिग बॉस 18 के प्रीमियर डेट का इंतजार कर रहे दर्शकों के लिए बिग बॉस 18 से जुड़ी खबर लेकर आए हैं। खबर आ रही है कि सलमान खान की होस्टिंग में बिग बॉस 18, अक्टूबर 5 से जियो सिनेमा पर प्रीमियर होगा। सभी मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक मेकर्स शो में भाग लेने वाले कन्टेस्टन्ट की खोज में लगे हुए हैं। यह शो कलर्स टीवी पर आएगा साथ ही ओटीटी पर जियो सिनेमा पर देखा जाएगा। शो हमेशा की तरह सोमवार से लेकर शुक्रवार 10 बजे और वीकेंड का वार का एपिसोड शनिवार-रविवार 9 बजे से देखा जाएगा।

## जैस्मिन को दुल्हन बनाने के लिए तैयार हैं अली

**मुंबई।** टीवी के चर्चित कपल जैस्मिन भसीन और अली गोनी की जोड़ी को खूब पसंद किया जाता है। दोनों की शादी का फैंस को बेसब्री से इंतजार है। वहीं हाल ही में खबर आ रही है कि वे जल्द ही शादी के पवित्र बंधन में बंध जाएंगे। मुनीषा खटवानी ने जैस्मिन भसीन और अली गोनी के रिश्ते को लेकर भविष्यवाणी की है, जिसमें उन्होंने बताया कि दोनों आने वाले कुछ महीनों में ही अपने रिश्ते को नया नाम देंगे। मुनीषा खटवानी ने जैस्मिन भसीन और अली गोनी के बारे में बात करते हुए कहा, उनका रिश्ता बहुत ही स्थिर है। एक साल के अंदर-अंदर दोनों शादी करने की प्लानिंग करेंगे। बता दें कि मुनीषा खटवानी ने करण कुंद्रा और तेजस्वी प्रकाश की शादी पर भी भविष्यवाणी की थी। मुनीषा खटवानी का कहना था कि दोनों आने वाले छह महीने या अगले साल तक शादी के बंधन में बंध सकते हैं।




# राजकुमार और मानुषी एक साथ आएंगे नजर ...

**मुंबई।** राजकुमार राव को आखिरी बार फिल्म 'श्रीकांत' में देखा गया था, जिसमें उनकी अदाकारी की खूब प्रशंसा हुई, लेकिन बॉक्स ऑफिस पर यह कुछ खास कमाल नहीं दिखा सकी। इन दिनों राजकुमार फिल्म 'स्त्री 2' के प्रचार में व्यस्त हैं। यह फिल्म 15 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। अब राजकुमार की एक और फिल्म से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी सामने आ रही है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, राजकुमार ने अपनी फिल्म के लिए भूमि पेडनेकर की 'भक्षक' के निर्माता पुलकित के साथ हाथ मिलाया है। वह इस आगामी फिल्म का निर्देशन करने वाले हैं। इस फिल्म का निर्माण कार्तिक आर्यन की 'फ्रेडी' के निर्माता जय शेवक्रमणी करेंगे। इस फिल्म के लिए राजकुमार ने हामी भर दी है। खास बात यह है कि पुलकित की इस फिल्म में राजकुमार की जोड़ी मानुषी के साथ बनने वाली है। दोनों को पहली बार साथ देखा जाएगा। राजकुमार और मानुषी की यह फिल्म अगले साल सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिलहाल इसकी रिलीज तारीख सामने नहीं आई है। पिंकविला से एक सूत्र ने कहा, निर्माता नई जोड़ी की तलाश में थे और राजकुमार और मानुषी की जोड़ी कुछ नया लेकर आई है। फिल्म में दोनों की जोड़ी दिलचस्प होगी।



# ओटीटी पर रिलीज को तैयार कार्तिक की 'चंदू चैंपियन'

**मुंबई।** कार्तिक आर्यन स्टारर फिल्म चंदू चैंपियन 14 जून को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। यह फिल्म भारत के पहले पैरालंपिक गोल्ड मेडलिस्ट विनर मुरलीकांत पेटकर के जीवन पर आधारित है। फिल्म साजिद नाडियाडवाला द्वारा निर्मित है। हालांकि मूवी बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं कर पाई थी। वहीं, सिनेमाघरों के बाद अब यह ओटीटी पर रिलीज को तैयार है। ओटीटी प्लेटफॉर्म के द्वारा सोशल मीडिया पर फिल्म की रिलीज को लेकर घोषणा की गई है। कबीर खान ने शेयर किया पोस्ट वहीं, ओटीटी पर फिल्म की रिलीज को लेकर निर्देशक कबीर खान ने कहा, " कॉन्सेप्ट से फाइल एडिट्स तक, यह फिल्म प्यार का परिश्रम रही है। कभी कभी कहानियां हमें चुनती हैं। यह एक ऐसे व्यक्ति की एक खूबसूरत कहानी है, जो हार मानने से इनकार करता है। हम उसका जश्न मनाना चाहते थे और प्राइम वीडियो की पहुंच के साथ, हम दुनिया भर के दर्शकों के साथ चंदू चैंपियन को शेयर करने के लिए काफी एक्साइटेड हैं।




## आज जी रहे हैं लग्जरी लाइफ, प्राइवेट जेट के मालिक भी

# बस ड्राइवर का बेटा बना बॉलीवुड का स्टार, 11 की उम्र में करता था कीर्तन

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड इंडस्ट्री में कई ऐसे एक्टर्स हैं, जिन्होंने स्टार बनने से पहले काफी स्ट्रगल देखा है। इस लिस्ट में शाहरुख खान से लेकर रजनीकांत शामिल हैं, जो कि शुरुआत में छोटी जॉब्स किया करते थे, लेकिन बाद में उन्होंने अपने अभिनय के दम पर एक मुकाम हासिल किया। इस लिस्ट में एक और ऐसा एक्टर है, जिसने काफी स्ट्रगलिंग दौर देखा है और इस एक्टर के पेरेंट्स ने उसे घर से दूर भेज दिया था, जहां पर वह कीर्तन करता था।

### इन फिल्मों और गानों में किया दिलजीत ने काम

दिलजीत ने एक्टिंग और सिंगिंग के बीच अच्छा तालमेल बिठाया। वह फिल्मों के साथ अपने शानदार गाने भी रिलीज करते रहे। उन्होंने प्रॉपर पटोला, जी ओ ए टी, 3 पेग और अन्य कई हिट गाने रिलीज किए। उन्होंने फिल्मों में जट्ट एंड जूलिएट, गुड न्यूज, होन्सला रख, क्रू, अमर सिंह चमकीला जैसी कई ब्लॉकबस्टर फिल्मों में भी काम किया। वह अपनी इंटरनेशनल परफॉर्मेंस के लिए भी जाने जाते हैं। वह कोचेला में परफॉर्मे करने वाले पहले भारतीय पंजाबी कलाकार भी बने।



### करोड़ों की संपत्ति के मालिक हैं दिलजीत

एक्टर और सिंगर बेहद आलीशान जिंदगी जीते हैं। वह कथित तौर पर एक फिल्म के लिए 4 करोड़ रुपये तक चार्ज करते हैं। वहीं, रिपोर्ट्स के मुताबिक दिलजीत ने अनंत अंबानी राधिका मर्चेंट की प्री वेडिंग सेलिब्रेशन में परफॉर्म करने के लिए 30 करोड़ रुपये चार्ज किए थे। दिलजीत के पास दो घर हैं, जिसमें से एक खार बांद्रा में है, जिसकी कीमत 12 करोड़ रुपये है। दूसरा कैलिफोर्निया में है। उनके पास एक प्राइवेट जेट भी है। उनकी कुल संपत्ति 172 करोड़ रुपये है।

### दिलजीत दोसांझ जीते हैं आलीशान लाइफ

दरअसल, हम जिस एक्टर के बारे में बात कर रहे हैं, उन्होंने अपना करियर एक सिंगर के रूप में शेयर किया है और बाद में वह एक्टर बने हैं और आज वह इंडस्ट्री के एक बड़े स्टार हैं। वह आज बेहद आलीशान लाइफ जीते हैं और उनके पास एक प्राइवेट जेट भी है। वह कोई और नहीं बल्कि दिलजीत दोसांझ हैं।

***गुरुद्वारा में कीर्तन करते थे दिलजीत*** : दिलजीत दोसांझ का जन्म भारत के पंजाब के जालंधर जिले के फिल्लौर तहसील के दोसांझ कलां गांव में एक सिख परिवार में हुआ था। उनके पिता बलबीर सिंह, पंजाब रोडवेज के पूर्व ड्राइवर हैं। उनकी मां सुखविंदर कौर एक हाउसवाइफ हैं। वह सिर्फ 11 साल के थे जब उन्हें पढ़ाई के लिए अपने परिवार से दूर भेजा गया था। जब वह स्कूल में थे, तब वह स्थानीय गुरुद्वारों में कीर्तन करते थे।

जीने मेरा दिल लुटेया से मिला फेम : उन्होंने एक सिंगर के तौर पर अपना करियर शुरू किया था और साल 2003 में अपना पहला एल्बम इश्क दा उड़ा अदा जारी किया था। हालांकि उन्हें स्टाडम साल 2011 में मिला था। उन्होंने फिल्म द लायन ऑफ पंजाब से पंजाबी सिनेमा में एंट्री ली लेकिन फिल्म फ्लॉप रही। हालांकि इस फिल्म में हनी सिंह पर फिल्माया गया गाना लक 28 कुड़ी दा जबरदस्त हिट हुआ था। उनकी अगली फिल्म जीने मेरा दिल लुटेया हिट रही थी। उसके बाद उन्होंने कभी भी पीछे मुड़कर नहीं देखा।

## खबर संक्षेप

### एचसीएलटेक जीनिया का करेगी अधिग्रहण



**नई दिल्ली।** एचसीएलटेक की इकाई एचसीएलसॉफ्टवेयर ने अपने डेटा व एनालिटिक्स कारोबार में विविधता लाने के प्रयास के तहत 2.4 करोड़ यूरो के मूल्यांकन पर फ्रांस की सॉफ्टवेयर कंपनी जीनिया एसएएस में 100 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदने की योजना बनाई है। यह पूर्ण नकद सौदा सितंबर, 2024 में पूरा होने की उम्मीद है।

### ग्रासिम इंडस्ट्रीज का लाभ 12 प्रतिशत गिरा



**नई दिल्ली।** आदित्य बिड़ला समूह की प्रमुख होल्डिंग कंपनी ग्रासिम इंडस्ट्रीज लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष की जून तिमाही के लिए एकीकृत शुद्ध लाभ 12 प्रतिशत घटकर 2,267.74 करोड़ रुपये रह गया है। नए वृद्धि कारोबार में ऊंचे मूल्यह्रास और ब्याज शुल्क के कारण मुनाफा घटा है। तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 2,577.35 करोड़ रुपये रहा था।

### यूनिटेक को 1,206 करोड़ रुपए का शुद्ध घाटा



**नई दिल्ली।** रियल एस्टेट कंपनी यूनिटेक लिमिटेड को चालू वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही में 1,206 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध घाटा हुआ है। 2023-24 की पहली (जून) तिमाही में 702.97 करोड़ रुपये शुद्ध घाटा हुआ था। यूनिटेक लिमिटेड ने अप्रैल-जून तिमाही में उसकी कुल आय घटकर 84.04 करोड़ रुपये रह गई।

### जायडस लाइफसाइंसेज का मुनाफा 31% बढ़ा



**नई दिल्ली।** जायडस लाइफ साइंसेज का चालू वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ सालाना आधार पर 31 प्रतिशत बढ़कर 1,420 करोड़ रुपये हो गया। इसकी मुख्य वजह मजबूत बिक्री रही। कंपनी का पिछले वित्त वर्ष 2023-24 की पहली (अप्रैल-जून) तिमाही में शुद्ध लाभ 1,087 करोड़ रुपये रहा था।

### आरोहन फाइनेंशियल के मुनाफे में चार गुना वृद्धि

AROHAN Financial Services Limited

**कोलकाता।** सूक्ष्म ऋणदाता आरोहन फाइनेंशियल सर्विसेज का चालू वित्त वर्ष वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही में शुद्ध लाभ चार गुना होकर 104.08 करोड़ रुपये रहा। शुद्ध लाभ व्यवसाय और आय में वृद्धि से प्रेरित रहा। कंपनी का पिछले वित्त वर्ष 2023-24 की पहली (अप्रैल-जून) तिमाही में मुनाफा 25.40 करोड़ रुपये रहा था।

### ओयो ने निवेशकों से 1,457 करोड़ रुपए जुटाए



**नई दिल्ली।** होटल कारोबार से जुड़े मंच ओयो की मूल कंपनी ओरेवल स्टेज लिमिटेड ने वित्तपोषण के हालिया चरण में निवेशकों से 1,457 करोड़ रुपये जुटाए हैं। यूनिकॉर्न कंपनी ओयो अपना आईपीओ लाने की तैयारी में है। एक अरब डॉलर से अधिक मूल्यांकन वाले स्टार्टअप को यूनिकॉर्न कहा जाता है। 'सीरीज जी' चरण में करीब 1,040 करोड़ रुपये जुटाए हैं। इससे पहले इसी श्रृंखला में 416.85 करोड़ रुपये जुटाए गए थे, जिसके बाद यह चरण पूरा हो गया है।

# हिंडनबर्ग के हमलों के पीछे चलता है नाथन एंडरसन का दिमाग, एक बार फिर हमला

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

- अदाणी ग्रुप की कंपनियों के जरिए पैसों का हेरफेर कर रहे थे

हिंडनबर्ग रिसर्च ने आखिरकार शनिवार रात एक बार फिर से भारत पर ही हमला किया है। मगर, इस बार उनके निशाने पर कोई कारोबारी समूह नहीं बल्कि भारत की शेयर मार्केट रेगुलेटर सेबी की चेयरपर्सन माधबी पुरी बुच और उनके पति धवल बुच रहे हैं।

हिंडनबर्ग का आरोप है कि अदाणी ग्रुप जिन कंपनियों के जरिए पैसे का हेरफेर कर रहा था उनमें धवल बुच हिस्सेदार हैं। हिंडनबर्ग रिसर्च के फाउंडर नाथन एंडरसन ने शनिवार सुबह ही एक ट्वीट के जरिए इस हमले का ऐलान कर दिया था।

## सेबी प्रमुख माधबी और उनके पति धवल बुच पर लगाया आरोप

### हिंडनबर्ग त्रासदी से लिया गया था कंपनी का नाम

इस कंपनी का नाम साल 1937 की हिंडनबर्ग त्रासदी के नाम पर रखा गया था। नाथन एंडरसन का मानना था कि उनका मिशन निवेशकों को वित्तीय त्रासदी से बचाने का है ताकि छोटे निवेशकों को कंपनियों के गलत तरीकों से नुकसान न पहुंचे। भारत में अदाणी ग्रुप के अलावा सेबी की चेयरपर्सन माधबी पुरी बुच को निशाना बनाने के अलावा नाथन एंडरसन ने ईवी स्टार्टअप निकोला कॉर्पोरेशन पर भी सितंबर, 2020 में हमला किया था। इसके बाद निकोला कॉर्पोरेशन के शेयर तेजी से नीचे गए थे और उसे कई जांच का सामना करना पड़ा था।




हिंडनबर्ग रिसर्च के फाउंडर नाथन एंडरसन।



माधबी पुरी बुच के पति धवल बुच।



सेबी की चेयरपर्सन माधबी पुरी बुच।

### कई कंपनियों ने नाथन के खिलाफ लिया लीगल एक्शन

नाथन एंडरसन के काम की प्रशंसा और निंदा होती रहती है। निवेशक उनकी तारीफ के पुल बांधते रहते हैं तो कई कॉरपोरेट का आरोप है कि वह शॉर्ट सेलिंग के रास्ते से कमाई करते हैं। उन पर मार्केट में हेरफेर के आरोप भी लगे हैं। कई कंपनियों ने नाथन एंडरसन और हिंडनबर्ग के खिलाफ कानूनी कार्रवाई भी की है। हालांकि, इन आरोपों के बावजूद हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट ने कई तरह की जांच शुरू करवाने में मदद की है।

हिंडनबर्ग की रिपोर्टों को तैयार करने में उन्हीं के तेजतर्रार दिमाग का हाथ होता है।

### कॉरपोरेट के भ्रष्टाचार खुलासे में महारत

हिंडनबर्ग रिसर्च का दावा है कि वह न्यूयॉर्क स्थित एक फोरेंसिक फाइनेंशियल रिसर्च फर्म है। कंपनी दावा करती है कि उसे कॉरपोरेट फ्रॉड और कारोबार के गलत तौर-तरीके इस्तेमाल करने वाले कंपनियों के खुलासे करने में महारत हासिल है। नाथन एंडरसन ने कंपनी की स्थापना साल 2017 में की थी। यह पब्लिक ट्रेडेड कंपनियों के स्टॉक के बारे में डिटेल रिपोर्ट देकर चर्चाओं में आई थी। हिंडनबर्ग कंपनियों में अकाउंटिंग गड़बड़ियों, मैनेजमेंट में मौजूद खराब लोगों, अवैध ट्रांजेक्शन और कारोबार के बारे में खुलासे करती रहती है।

## पहल का उद्देश्य कृषि उत्पादकता और किसानों की आय बढ़ाना

# प्रधानमंत्री ने कृषि उपज बढ़ाने जलवायु अनुकूल बीजों की 109 किस्में जारी कीं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कृषि और बागवानी फसलों की उच्च उपज वाली, जलवायु अनुकूल और जैव-सुदृढ़ीकृत बीजों की 109 किस्में को जारी किया। इस पहल का उद्देश्य कृषि उत्पादकता और किसानों की आय को बढ़ाना है। इन किस्मों को भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) ने विकसित किया है और ये कुल 61 फसलों से संबंधित हैं। इनमें 34 खेतों में लगाई जाने वाली और 27 बागवानी की फसलें हैं। मोदी ने दिल्ली के पूसा परिसर में तीन प्रायोगिक कृषि भूखंडों पर बीजों को पेश किया।

### कृषि में मूल्य संवर्धन के महत्व पर जोर

इस मौके पर प्रधानमंत्री ने किसानों और वैज्ञानिकों के साथ बातचीत भी की। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, मोदी ने किसानों के साथ इन नई किस्मों के महत्व पर चर्चा करते हुए कृषि में मूल्य संवर्धन के महत्व पर जोर दिया। इस अवसर पर मौजूद किसानों ने कहा कि 61 फसलों से संबंधित ये नई किस्में कम लागत के कारण उनके लिए अत्यधिक लाभकारी होंगी।

### कई नई किस्मे शामिल

खेती की फसलों में अनाज, बाजरा, चारा, तिलहन, दलहन, गन्ना, कपास और फाइबर फसलें शामिल हैं। वहीं बागवानी की फसलों में फलों, सब्जियों, मसालों, फूलों और औषधीय पौधों की नई किस्में शामिल हैं। प्रधानमंत्री मोदी वर्ष 2014 से ही किसानों की आय बढ़ाने के लिए टिकाऊ खेती के तरीकों और जलवायु अनुकूल तरीकों की वकालत करते रहे हैं।



### किसानों के लिए ऐतिहासिक दिन बताया

प्रधानमंत्री ने इन नई फसल किस्मों के विकास के लिए वैज्ञानिकों की भी सराहना की। केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बाद में संवाददाताओं से कहा कि आज का दिन किसानों के लिए ऐतिहासिक है, क्योंकि 61 फसलों की बीजों की 109 किस्में जारी की गई हैं। इससे किसानों की आय बढ़ाने, उत्पादन बढ़ाने और लागत कम करने में मदद मिलेगी।

- इन किस्मों को भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद ने विकसित किया
- विकसित किए गए बीज कुल 61 फसलों से संबंधित है
- इनमें 34 खेतों में उगाई जाने वाली व 27 बागवानी की फसलें

### लोग अब पौष्टिक भोजन का रुख कर रहे

प्रधानमंत्री ने बाजरे के महत्व पर चर्चा की और इस बात पर जोर दिया कि लोग किस तरह पौष्टिक भोजन का रुख कर रहे हैं। उन्होंने प्राकृतिक खेती के लाभों और जैविक खेती के प्रति आम लोगों की बढ़ती रुचि के बारे में भी बात की। मोदी ने कहा कि लोगों ने जैविक खाद्य पदार्थों का उपभोग और मांग करना शुरू कर दिया है।

### जलवायु के अनुकूल है

चौहान ने कहा कि इन फसलों के बीज जलवायु के अनुकूल हैं और प्रतिकूल मौसम में भी अच्छी फसल दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि ये किस्में पोषण से भरपूर हैं। वैज्ञानिकों ने बताया कि वे अप्रचलित फसलों को मुख्यधारा में लाने के लिए प्रधानमंत्री के सुझाव के अनुरूप काम कर रहे हैं।

# एलआईसी शेयर बाजार में करेगी 1.30 लाख करोड़ रुपए का निवेश

- कंपनी ने अप्रैल-जून के दौरान 38 हजार करोड़ का निवेश किया
- एलआईसी ने इक्विटी बाजार में निवेश से 15,500 करोड़ का लाभ कमाया




एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी सिद्धार्थ मोहंती ने कहा है कि बीमा कंपनी चालू वित्त वर्ष के दौरान शेयरों में करीब 1.30 लाख करोड़ रुपये का नया निवेश करने पर विचार कर रही है।

एलआईसी ने वित्त वर्ष 2024-25 में अप्रैल-जून के दौरान शेयरों में करीब 38,000 करोड़ रुपये का निवेश किया है। एक साल पहले इसी अवधि में यह राशि 23,300 करोड़ रुपये थी। चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में एलआईसी ने इक्विटी बाजारों में अपने निवेश से 15,500 करोड़ रुपये का लाभ कमाया। उसका निवेश से लाभ तिमाही आधार पर 13.5 प्रतिशत अधिक रहा। मोहंती ने कहा, ''हम निश्चित रूप से बाजारों और कीमतों में उतार-चढ़ाव को देख रहे हैं... हम एक अच्छी राशि का निवेश करने पर विचार कर रहे हैं, कम से कम हमने पिछले वित्त वर्ष में जितना निवेश किया था। एलआईसी ने वित्त वर्ष 2023-24 में करीब 1.32 लाख करोड़ रुपये का निवेश किया था।''

### 282 कंपनियों के शेयरों में निवेश

मोहंती ने कहा कि जून के अंत तक विभिन्न कंपनियों के शेयरों में एलआईसी के निवेश का बाजार मूल्य करीब 15 लाख करोड़ रुपये था। इस समय तक एलआईसी ने 282 कंपनियों के शेयरों में निवेश किया था।

### देश की सबसे बड़ी बीमा कंपनी

देश की सबसे बड़ी बीमा कंपनी का कुल निवेश मार्च 2024 तक 7,30,662 करोड़ रुपये बढ़कर 49,75,514 करोड़ रुपये हो गया। यह मार्च 2023 में 42,44,852 करोड़ रुपये था।

# एआई आने से कारोबारों का साइबर जोखिम बढ़ा

एजेंसी ▶▶ नेगोम्बो (श्रीलंका)

कृत्रिम मेधा (एआई) को तेजी से अपनाने से वृद्धि को बढ़ावा मिला है, लेकिन इसके साथ साइबर अपराधियों के लिए भी परिष्कृत हमलों में एआई का दुरुपयोग करने के रास्ते खुल गए हैं।

वैश्विक साइबर सुरक्षा और डिजिटल प्राइवेसी कंपनी कैस्परस्काई ने इन जोखिमों का जिक्र करते हुए कहा है कि इससे नए युग की चुनौतियों का सामना करने के लिए व्यवसायों के सक्रिय साइबर सुरक्षा में निवेश करने की जरूरत पर प्रकाश डाला है।

कैस्परस्काई ने कहा कि वह अपने उत्पादों में एआई का समावेश कर रही है ताकि खतरों का मुकाबला करने तथा प्रौद्योगिकियों को साइबर हमलों के नए और उभरते रूपों के प्रति अधिक प्रतिरोधी बनाकर उपयोगकर्ताओं की सुरक्षा के लिए एआई मॉडलों का उपयोग कर रही है। साइबर सुरक्षा कंपनी ने चेतावनी देते हुए कहा कि साइबर अपराधी दुर्भावनापूर्ण सॉफ्टवेयर लाने और कई उपयोगकर्ताओं के विरुद्ध स्वचालित हमले करने के लिए नए तरीकों से एआई का उपयोग कर रहे हैं। इनमें चैटजीपीटी के उपयोग से लेकर उपयोगकर्ताओं के स्मार्टफोन इनपुट की निगरानी के लिए एआई प्रोग्राम का दुरुपयोग करना (संभावित रूप से संदेश, पासवर्ड और बैंक कोड कैप्चर करना) तक शामिल है।



- वैश्विक साइबर सुरक्षा कंपनी कैस्परस्काई ने जारी की रिपोर्ट
- बचाव के लिए साइबर सुरक्षा पर निवेश करना जरूरी

### हर दिन बढ़ते जा रहे हमले

कंपनी ने 2024 में हर दिन औसतन 4,11,000 से अधिक दुर्भावनापूर्ण नमूनों का पता लगाया है, जबकि एक साल पहले यह संख्या 4,03,000 थी। कैस्परस्काई में वैश्विक शोध एवं विश्लेषण टीम के साइबर सुरक्षा विशेषज्ञ विटाली कामलुक ने कहा, /"जितने साइबर हमले हो रहे हैं, वे केवल मानव संसाधनों से संभव नहीं हैं।

# आपूर्ति बढ़ने से इस्पात की कीमतें तीन साल के निचले स्तर पर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

आयात बढ़ने के कारण घरेलू इस्पात की कीमतें तीन साल के निचले स्तर पर आ गई हैं। एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। बाजार शोध कंपनी बिगमिंट ने एक रिपोर्ट में कहा कि हॉट रोल्ड कॉइल्स (एचआरसी) की कीमत गिरकर अब 51,000 रुपये प्रति टन पर आ गई हैं जो अप्रैल, 2022 में 76,000 रुपये प्रति टन थीं।

रिपोर्ट के मुताबिक, कोल्ड रोल्ड कॉइल्स (सीआरसी) की कीमत अप्रैल, 2022 में 86,300 रुपये प्रति टन से गिरकर 58,200 रुपये प्रति टन हो गई है। इन कीमतों में वस्तु पर लगने वाला 18 प्रतिशत जीएसटी शामिल नहीं है। बिगमिंट ने कहा, "भारत में एचआरसी और सीआरसी की दरें तीन साल के निचले स्तर पर कारोबार कर रही हैं। आयात में उछाल से घरेलू कीमतों पर असर पड़ा है, जिससे मांग प्रभावित हुई है।"

आंकड़ों के मुताबिक, अप्रैल-जून तिमाही में आयात 68 प्रतिशत बढ़कर 19.3 लाख टन हो गया, जो 2023-24 की समान अवधि में 11.5 लाख टन था।



- बिगमिंट ने जारी की एक रिपोर्ट
- एचआरसी की कीमत गिरकर 51 हजार रुपए टन

### आयात बढ़कर 38 प्रतिशत

इस्पात आयात 2023-24 में 38 प्रतिशत बढ़कर 83.19 लाख टन हो गया है, जो भारत को इसका शुद्ध आयातक बनाता है।

# सभी तेल-तिलहनों में सुधार



**नई दिल्ली।** बीते सप्ताह विदेशों में कच्चा पामतेल (सीपीओ) और सोयाबीन तेल के दाम बढ़ने से देश के तेल-तिलहन बाजारों में सभी तेल तिलहन कीमतों में सुधार दर्ज हुआ। समीक्षाधीन सप्ताह में विदेशों में पाम तेल का भाव पिछले सप्ताह के 985-990 डॉलर प्रति टन से बढ़कर 990-995 डॉलर प्रति टन हो गया जबकि सोयाबीन तेल का दाम अपने पिछले सप्ताह के 995-1,000 डॉलर प्रति टन से बढ़कर 1,015-1,020 डॉलर प्रति टन हो गया। देश में खाद्यतेलों का अत्यधिक आयात होने से बंदरगाहों पर आयातक अपनी लागत से दो-तीन प्रतिशत कम दाम पर सभी आयातित तेलों को बेच रहे हैं।

# लेम्बोर्गिनी भारत में बड़ा दांव लगाने तैयार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

इटली की सुपर लग्जरी वाहन विनिर्माता ऑटोमोबाइल लेम्बोर्गिनी को भारत में तेजी से वृद्धि की उम्मीद है। कंपनी ने कहा कि भारत में एशिया प्रशांत क्षेत्र में शीर्ष बाजार बनने की क्षमता है।

ऑटोमोबाइल लेम्बोर्गिनी के एशिया प्रशांत क्षेत्र के निदेशक फ्रांसेस्को स्कार्डाओनी ने कहा कि कंपनी ने 2023 में रिकॉर्ड 103 गाड़ियां बेची थीं और उनकी इच्छा 2026 में सालाना बिक्री का आंकड़ा 150 पार करने की है। स्कार्डाओनी ने पीटीआई-भाषा से कहा, "मात्रा के मामले में भारत दुनिया में 14वें नंबर पर है और एशिया प्रशांत क्षेत्र में छठे नंबर पर है। प्रतिशत के मामले में यह सबसे तेजी से बढ़ता बाजार है।" उन्होंने कहा कि साल 2023 में लैम्बोर्गिनी ने वाहन बिक्री में दुनियाभर में 10,000 का आंकड़ा पार किया था और भारत में 100 से ज्यादा गाड़ियां बेची थीं। साल 2024 की पहली छमाही में कंपनी की वाहन बिक्री में दुनियाभर में और भारत में वृद्धि हुई है। पिछले साल लैम्बोर्गिनी की सबसे ज्यादा 845 गाड़ियां चीन में बेची गईं।



- कंपनी ने 2023 में रिकॉर्ड 103 गाड़ियां बेची
- कंपनी का लक्ष्य 2026 तक सालाना 150 पार बेचना का है

## एनएचपीसी का लाभ बढ़कर 1,108 करोड़




**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की पनबिजली कंपनी एनएचपीसी लिमिटेड का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में लगभग एक प्रतिशत बढ़कर 1,108.46 करोड़ रुपये रहा है। बीते वित्त वर्ष की समान तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 1,095.38 करोड़ रुपये रहा था। एनएचपीसी लिमिटेड ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि उसकी कुल आमदनी जून तिमाही में बढ़कर 3,037.92 करोड़ रुपये रही है, जो बीते वित्त वर्ष की समान तिमाही में 3,010.22 करोड़ रुपये थी। एनएचपीसी लिमिटेड ने शेयर बाजार को दी एक अन्य सूचना में कहा कि बिजली मंत्रालय ने कंपनी के निदेशक (तकनीकी) राज कुमार चौधरी को चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी) नियुक्त किया है। यह नियुक्ति सात अगस्त से उनकी सेवानिवृत्ति या 30 जून, 2025 (जो भी पहले हो) तक प्रभावी रहेगी।

## एक रिपोर्ट में यह आशंका जताई गई

# सेबी के प्रस्तावित एफएंडओ मानदंड से नुकसान ही

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

- एक्सचेंज और ब्रोकरों को होगा नुकसान

प्रतिभूति बाजार में वायदा एवं विकल्प (एफएंडओ) कारोबार को विनियमित करने के लिए नियामक सेबी के प्रस्तावित उपायों से शेयर बाजारों और ब्रोकरों को नुकसान उठाना पड़ सकता है। एक रिपोर्ट में यह आशंका जताई गई है।

हालांकि भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने ये उपाय खुदरा कारोबारियों को नुकसान से बचाने के लिए किए हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक, सेबी के इन उपायों से एफएंडओ कारोबार की मात्रा में 30-40 प्रतिशत की गिरावट आएगी।

**खुदरा निवेशकों की संख्या में आ सकती है कमी :** अगर इन उपायों को लागू किया गया तो खुदरा निवेशकों की संख्या में कमी आ सकती है। इसके अलावा छूट देने वाले ब्रोकर, जो खुदरा निवेशकों पर बहुत अधिक निर्भर हैं, वे पारंपरिक ब्रोकरों की तुलना में अधिक प्रभावित हो सकते हैं। विकल्प वित्तीय अनुबंध होते हैं, जो धारक को अनुबंध अवधि के भीतर किसी परिसंपत्ति को तय मूल्य पर खरीदने या बेचने का अधिकार देते हैं।

### प्रीमियम पर 35 फीसदी प्रभाव पड़ेगा

जेफरीज की एक रिपोर्ट के मुताबिक, साप्ताहिक विकल्प अनुबंधों की संख्या को 18 से घटाकर छह करने के सेबी के प्रस्तावित उपायों से उद्योग के प्रीमियम पर लगभग 35 प्रतिशत प्रभाव पड़ सकता है। रिपोर्ट में कहा गया कि अगर कारोबार बाकी अनुबंधों पर स्थानांतरित होता है तो समग्र प्रभाव 20-25 प्रतिशत तक कम हो सकता है।



### स्प्रेड लाभ हटाने का प्रस्ताव शामिल

*सेबी के इन सात प्रस्तावों में साप्ताहिक विकल्प अनुबंधों को युक्तिसंगत बनाना, परिसंपत्तियों की स्ट्राइक कीमतों को युक्तिसंगत बनाना और अनुबंध समाप्ति के दिन कैलेंडर स्प्रेड लाभों को हटाना शामिल है।*

### एमसीएक्स पर नहीं पड़ेगा कोई प्रभाव

इसने आगे कहा कि बीएसई की आय में थोड़ी गिरावट देखने को मिल सकती है, लेकिन अगर ट्रेडिंग गतिविधि दूसरे उत्पादों पर चली जाती हैं तो यह प्रभाव कम हो सकता है। आईआईएफएल सिक्योरिटीज ने अनुमान जताया कि इन नियमों से एमसीएक्स पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा।

### एनएसई की आय में आ सकती है कमी

रिपोर्ट के मुताबिक, वित्त वर्ष 2025-26 तक एनएसई की आय में 25-30 प्रतिशत की कमी आ सकती है, जबकि बीएसई की आय में 15-18 प्रतिशत की गिरावट आ सकती है। जेफरीज का यह भी मानना है कि बैंकेक्स साप्ताहिक अनुबंध को हटाने से वित्त वर्ष 2025-27 के दौरान बीएसई की प्रति शेयर आय (ईपीएस) पर 7-9 प्रतिशत का असर पड़ सकता है।

# वॉकहार्ट को जून तिमाही में 16 करोड़ का शुद्ध घाटा




**नई दिल्ली।** दवा कंपनी वॉकहार्ट को चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में 16 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध घाटा हुआ है। बीते वित्त वर्ष की समान तिमाही में कंपनी को 136 करोड़ रुपये का शुद्ध घाटा हुआ था।

मुंबई की दवा कंपनी ने शुक्रवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि जून तिमाही में उसकी कुल आमदनी 769 करोड़ रुपये रही है, जो बीते वित्त वर्ष की समान तिमाही में 658 करोड़ रुपये थी।

# आरोपी ने कबूला गुनाह, अस्पताल अधीक्षक को हटाया

## कोलकाता में महिला डॉक्टर की हत्या

### मोबाइल में मिले पोर्न वीडियो, विरोध प्रदर्शन

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता के एक सरकारी मेडिकल कालेज में महिला डॉक्टर की दुष्कर्म के बाद हत्या का गुनहगार ने अपना गुनाह कबूल यिा है।

पुलिस ने घटना के बाद ही शक के आधार पर उसे हिरासत में लिया था। पूछताछ के दौरान उसने अपने अपराध को स्वीकार कर लिया। पुलिस को उसके मोबाइल में एक पोर्न वीडियो भी मिला है। इस मामले में टीएमसी नेता अभिषेक बनर्जी ने ऐसे रेपिस्टों का एनकाउंटर कर देने की सलाह दी है।




**आरोपी पुलिस कल्याण बोर्ड में सहायक**

आरोपी संजय रॉय पुलिस कल्याण बोर्ड में सहायक है। घटना की जांच के दौरान पुलिस को सीसीटीवी फुटेज में सुबह करीब 4 बजे वह अस्पताल के अंदर जाते दिखा। इस दौरान वह इयरफोन लगाए हुए था। हालांकि फुटेज में दिखा कि जब वह लौट रहा था, तब उसके पास इयरफोन नहीं था। फिलहाल कोर्ट ने उसे 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

### विभाग ने की कार्रवाई
#### अस्पताल के अधीक्षक को हटाया



इस खौफनाक कांड के बाद आरजी कर मेडिकल कॉलेज के सुपरिटेंडेंट डॉक्टर संजय वशिष्ठ को स्वास्थ्य विभाग ने हटाने का आदेश दिया है। वे लंबे समय से वहां के प्रभारी थे। उनकी जगह अस्पताल की डीन बुलबुल मुखोपाध्याय को जिम्मेदारी सौंपी गई है। शुक्रवार को लेडी डॉक्टर का शव बरामद होने के बाद से ही सुपरिटेंडेंट को हटाने की मांग हो रही थी, लेकिन 48 घंटे बाद स्वास्थ्य विभाग ने उनको हटाने का आदेश जारी किया।

### राज्यपाल बोले
#### तत्काल कार्रवाई हो, रिपोर्ट भी दें



बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने राज्य सरकार से इस मामले में तत्काल कार्रवाई करने और रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा है। उन्होंने इस मामले को भारत सरकार के सामने उठाने की बात भी कही है। प्रारंभिक पोस्टमार्टम रिपोर्ट से संकेत मिला है कि लेडी डॉक्टर की बेरहमी से हत्या से पहले उसका यौन शोषण किया गया था. लेडी डॉक्टर का शव शुक्रवार को उत्तरी कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज के सेमिनार हॉल में मिला था।

### आईएमए ने देशव्यापी प्रदर्शन का दिया अल्टीमेटम



वेस्ट बंगाल के कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में हुए एक लेडी डॉक्टर से दरिंदगी के मामले में चल रहे विरोध की आग दिल्ली पहुंच गई है। इस मामले की सीबीआई जांच की मांग करते हुए दिल्ली के राम मनोहर लोहिया अस्पताल के डॉक्टरों ने कैंडल मार्च निकाला। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) ने जांच पूरी करने के लिए 48 घंटे का अल्टीमेटम दिया है। साथ ही देशव्यापी विरोध प्रदर्शन की चेतावनी दी है। आईएमए ने कहा कि पुलिस अधिकारी 48 घंटे के भीतर और सटीकता से कार्रवाई करें, अन्यथा हमको देशव्यापी कार्रवाई शुरू करने के लिए बाध्य होना पड़ेगा। एक निष्पक्ष, पारदर्शी और संवेदनशील जांच की जरूरत है। भारत का पूरा चिकित्सा समुदाय इस क्रूर हत्या से स्तब्ध है।

## खबर संक्षेप

### लोकल ट्रेन में पिस्टल ले जा रहा था मॉडल, अरेस्ट



**मुंबई।** यहां की लोकल ट्रेन में इटालियन पिस्टल ले जाने के आरोप में जीआरपी पुलिस ने बोरीवली रेलवे स्टेशन से एक बिहार के मॉडल को गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि पुलिस ने अभय कुमार और उमेश कुमार चौरसिया को मुंबई के बोरीवली रेलवे स्टेशन से बीते शुक्रवार ट्रेन में इटालियन मेड पिस्टल ले जाने के आरोप में गिरफ्तार किया है।

### मेरे बैग में बम...', कोच्चि एयरपोर्ट पर हड़कंप



**कोच्चि।** केरल के कोच्चि हवाईअड्डे पर रविवार सुबह अचानक से अफरा-तरफी मच गई। मुंबई जा रहे एक यात्री ने बम का जिक्र कर सुरक्षा कर्मचारियों को चिंता में डाल दिया। इसके बाद सीआईएसएफ जवानों ने कार्रवाई करते हुए यात्री को गिरफ्तार कर लिया। बताया गया कि यह घटना एयर इंडिया की फ्लाइट एआई 682 के उड़ान भरने से पहले हुई।

### आग की अफवाह से ट्रेन में भगदड़, 20 घायल



**बरेली।** हावड़ा से अमृतसर जाने वाली 13006 पंजाब मेल एक्सप्रेस की जनरल कोच में आग लगने की अफवाह से भगदड़ मच गई। जल्दबाजी में ट्रेन से नीचे कूदने से करीब 20 यात्री घायल हुए हैं। रविवार की सुबह करीब 8 बजे बरेली और मीरानपुर कटरा स्टेशन के बीच ट्रेन के जनरल कोच में आग लगने की अफवाह पर चालक ने गाड़ी को रोका। इससे यात्री कूदने लगे।

### नवी मुंबई पुलिस ने 5 बांग्लादेशी दबोचे



**नवी मुंबई।** बांग्लादेश में गंभीर हालात के बीच नवी मुंबई से बड़ी खबर सामने आई है। नवी मुंबई पुलिस ने 5 बांग्लादेशियों को गिरफ्तार किया है। इन लोगों को नवी मुंबई के कोपरखैरने इलाके की एक इमारत से गिरफ्तार किया गया है। आरोपी बांग्लादेश-भारत बॉर्डर से घुसपैठ करके वहां से नवी मुंबई पहुंचे थे। येअवैध तरीके से कोपरखैरने में रह रहे थे।

### सुले का मोबाइल और वॉट्सएप हो गया हैक



**मुंबई।** सांसद सुप्रिया सुले का मोबाइल हैक हो गया है। जिसके वजह से उनके मोबाइल की सभी सेवाएं हैक हुई हैं। इसको लेकर सुले ने एक्स पर पोस्ट करते हुए जानकारी दी है। उन्होंने लिखा है मैं पुलिस के संपर्क में हूं, मैंने इसकी ऑनलाइन शिकायत दर्ज करा ली है। कृपया आप लोग मुझे कॉल या मैसेज नहीं करें। उन्होंने बारामती में यावत पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई।

## अमेरिकी शॉर्ट सेलर हिंडनबर्ग की रिसर्च रिपोर्ट पर वार- पलटवार

### खरगे बोले- सरकार स्थिति स्पष्ट करे
# केंद्र सरकार सत्यता परखने जेपीसी से कराए इसकी जांच

### आरोप- प्रत्यारोपों की झड़ी लगी





**आपसी मिलीभगत की गई**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिकी शॉर्ट सेलर हिंडनबर्ग की रिसर्च रिपोर्ट सामने आने के बाद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सेबी पर लगे आरोपों की जांच कराने की मांग की है। खरगे ने कहा कि अडाणी समूह और सेबी की मिलीभगत से हुए घोटाले की जांच संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) से कराई जाए।

मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि इस मुद्दे की जेपीसी से जांच कराना जरूरी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश की संवैधानिक संस्थाओं से समझौता करके अपने सहयोगियों को बचाते रहेंगे। खरगे ने कहा कि सरकार को अदाणी समूह के घोटालों की जांच कराकर सेबी पर लगे आरोपों पर स्थिति स्पष्ट करनी होगी। तुरंत कार्रवाई करनी चाहिए। सरकार ने इसे बकवास बताया है।

#### निवेशक चिंतित, सुरक्षा की जरूरत

एक्स पर किए गए एक पोस्ट में खरगे ने कहा कि जनवरी 2023 में हिंडनबर्ग की रिपोर्ट आने के बाद सेबी ने सुप्रीम कोर्ट में अदाणी समूह पर लगे आरोपों पर खारिज कर दिया था। अब सेबी प्रमुख पर आरोप लगे हैं। उन्होंने कहा कि मध्यम वर्ग के निवेशक अपनी मेहनत की कमाई शेयर बाजार में निवेश करते हैं। ऐसे घोटालों और आरोपों के बाद निवेशक चिंतित हैं। उन्हें सुरक्षा की जरूरत है।

#### यह किया गया हिंडनबर्ग की रिसर्च में दावा

हिंडनबर्ग रिसर्च की ताजा रिपोर्ट में चौंकाने वाले दावे किए गए हैं। रिपोर्ट में भारतीय शेयर बाजार नियामक सेबी की प्रमुख और उनके पति पर गंभीर आरोप लगाए गए हैं। भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) की

### अराजकता की कोशिशः भाजपा
# विदेश की संस्थानों से यह कैसा है याराना ?



हिंडनबर्ग की नई रिपोर्ट आने के बाद सियासी गलियारे में हलचल तेज हो गई है। अब भाजपा ने पलटवार किया है। उसका कहना है कि कांग्रेस ने पिछले 10 वर्षों में झूठ की राजनीति की रणनीति अपनाई है। कांग्रेस केराहुल गांधी और विदेशी संस्थाओं के बीच के याराना के बारे में भी सवाल खड़ा किया। भाजपा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि पिछले कुछ सालों से जब भी संसद सत्र शुरू होता है, तब विदेश में कोई न कोई रिपोर्ट जारी हो जाती है। पीएम मोदी पर डॉक्यूमेंट्री संसद सत्र से ठीक पहले जारी की गई थी। हिंडनबर्ग की रिपोर्ट संसद सत्र से ठीक पहले जनवरी में आई थी। विपक्ष के विदेशों के साथ ऐसे तार जुड़े हैं जो भारत के हर संसद सत्र के दौरान अस्थिरता और अराजकता पैदा करते हैं।

#### ये केवल अटकलें और अनुमानः चंद्रशेखर



भाजपा नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा कि ये कुछ अटकलें और अनुमान हैं, जिन्हें सच्चाई के कुछ अंशों के साथ जोड़ा जा रहा है। इसके पीछे एक निश्चित योजना है। भारत की वित्तीय प्रणाली आज दुनिया में सबसे मजबूत है। पीएम मोदी ने पिछले 10 साल में भारतीय वित्तीय क्षेत्र का पुनर्निर्माण किया है। कांग्रेस ने पिछले 10 वर्षों में झूठ की राजनीति की रणनीति अपनाई है और अब वह स्वतंत्र विनियामक सेबी पर हमला करके और सेबी के अध्यक्ष पर आक्षेप लगाकर हमारी वित्तीय प्रणाली को अस्थिर करने और देश में अराजकता फैलाने के लिए विदेशी मदद मांग रही है।

**अडाणी समूह ने कहा**

**दुर्भावना शरारत और बहकाने का किया गया प्रयास**



हिंडनबर्ग रिसर्च रिपोर्ट में कहा गया कि कथित अडाणी धन हेराफेरी घोटाले में इस्तेमाल किए गए अस्पष्ट ऑफशोर फंड में दंपती की हिस्सेदारी थी। अब अडाणी समूह ने भी बयान जारी किया है। उसका कहना है कि हिंडनबर्ग द्वारा लगाए गए नए आरोप दुर्भावनापूर्ण, शरारती और बहकाने के मकसद से लगाए गए हैं। अडाणी समूह ने कहा, कि हिंडनबर्ग की तरफ से लगाए गए ताजा आरोप दुर्भावनापूर्ण हैं। इसके लिए फर्म गलत इरादों से सार्वजनिक तौर पर मौजूद जानकारी के बहकाने वाले तरीके से चुनकर, तथ्यों और कानूनों की उपेक्षा कर निजी लाभ हासिल करने के लिए पूर्व निर्धारित निष्कर्षों पर पहुंची है।

### राजस्थान में 7 की असमय मौत
# पोखर की पाल टूटी, सात युवकों की डूबने से मौत

**बयाना इलाके में बाण गंगा नदी में डूबे**



एजेंसी ▶▶ बयाना

जिले में बयाना इलाके में रविवार को एक दर्दनाक हादसा सामने आया। यहां गांव के बगल से निकल रही बाण गंगा नदी में डूबने से सात नवयुवकों की मौत हो गई है।

अचानक हुए हादसे के बाद हड़कंप मच गया और ग्रामीणों ने एक घंटे के रेस्क्यू के बाद सभी नवयुवकों को बाहर निकाला, जिनमें कुछ के शव भरतपुर पहुंच चुके हैं। जिले के बयाना उपखंड की ग्राम पंचायत फरसो के गांव श्रीनगर से होकर निकल रही बाण गंगा नदी में मिट्टी का टापू ढहने से सात नवयुवकों की मौत हो गई। गांव के लोग नदी के किनारे के मिट्टी खोदकर निकाला करते थे, जिसके चलते वहां जगह-जगह पर गहरे गड्ढे हो गए थे और मिट्टी के टीले बन गए थे। इस कारण वहां से होकर गुजर रही बाण गंगा नदी के किनारे बने मिट्टी के ढीले पर खड़े होकर सात नवयुवक नदी के तेज बहाव को देख रहे थे। उसी दौरान मिट्टी का टीला ढह गया। हादसे में सातों नवयुवक उन गहरे गड्ढों में डूब गए।

#### सातों शवों को निकाला

*हादसे की सूचना मिलते ही जिला कलेक्टर डॉ. अमित यादव घटना स्थल पर पहुंचे और एसडीआरएफ की टीम भी मौके पर पहुंची। राहत बचाव कार्य करते हुए सात नवयुवकों के शवों को बयाना की झील का बाड़ा सीएचसी पर लाया गया। यहां से दो नव युवकों के शव भरतपुर जिला अस्पताल की मोर्चरी पहुंचाया गया।*

### जयपुर में भीषण सड़क हादसा
#### ट्रक से टकराई कार के उड़े परखच्चे, 3 की मौत



जयपुर। यहां के प्रताप नगर एनआरआई सर्किल पर शनिवार रात एक कार तथा ट्रक में जबरदस्त भिड़ंत हो गई, जिससे कार सवार 3 लोगों की मौत हो गई। इनमें से 2छात्र तथा एक ड्राइवर था। मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि कार प्रताप नगर से होते हुए जवाहर सर्किल की तरफ जा रही थी। एनआरआई सर्किल पर ड्राइवर ट्रक को मोड़ रहा था। इतने में तेज गति से आ रही कार ट्रक से भिड़ गई। ट्रक में सब्जियां भरी थीं।

## राज ठाकरे ने दी धमकी, जहां जरूरी होगा वहां हम 'डबल' डोज भी देंगे

**ठाणे में काफिले पर निशाना साधा गया**

एजेंसी ▶▶ ठाणे

महाराष्ट्र के ठाणे में शनिवार शाम शिवसेना यूबीटी प्रमुख उद्धव ठाकरे के काफिले पर हमला हुआ था।

मनसे ठाणे जिला अध्यक्ष अविनाश जाधव के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। जाधव को मुख्य आरोपी बनाया गया है। जाधव पर उद्धव के काफिले पर मनसे कार्यकर्ताओं द्वारा हमला और आंदोलन के लिए उकसाने का आरोप है। पुलिस ने 2 अलग-अलग एफआईआर दाखिल की है, जिसमें 44 लोगों पर विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। मनसे कार्यकर्ता प्रीतेश मोरे, आकाश पवार, अरुण जेटलू और मनोज चव्हाण को आरोपी बनाया है।

**उद्धव की कार पर किया हमला**



#### उसी स्टाइल में जवाब देंगेः राज ठाकरे

*मनसे प्रमुख राज ठाकरे ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में उद्धव ठाकरे के काफिले पर हुए हमले को उनके साथ बीड में हुई घटना की प्रतिक्रिया बताया। उन्होंने कहा कि हम पर कोई उंगली उठाएगा, तो आप उसका मनसे स्टाइल में 'डबल'जवाब दोगे। राज ठाकरे ने कहा, महाराष्ट्र की राजनीति में ऐसा होना ठीक नहीं। जहां जरूरी होगा वहां 'डबल'डोज भी देंगे।*

### कई राज्यों में होगी बारिश राजस्थान में रेड अलर्ट



**नई दिल्ली।** मौसम विभाग के वैज्ञानिक डॉ. नरेश कुमार ने कहा कि पिछले कुछ दिनों से उत्तर पूर्वी राजस्थान और दक्षिण पूर्वी उत्तर प्रदेश में एक सर्कुलेशन बना हुआ है जिससे उत्तर पश्चिमी इलाके में बारिश हो रही है। पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और पूर्वोत्तर राज्यों में बारिश होने का अनुमान है। वहीं विभाग ने राजस्थान के लिए रेड अलर्ट जारी किया है।

### दिल्ली-गुरुग्राम एक्सप्रेसवे जलमग्न



गुरुग्राम। मानसून की बारिश के बाद जलमग्न दिल्ली-गुरुग्राम एक्सप्रेसवे।

### सीएम योगी ने सीएम साय को भेजा 'विशेष' उपहार
# टोकरी खोल भावुक हो गए विष्णुदेव, जताया आभार

एजेंसी ▶▶ लखनऊ/रायपुर

उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णुदेव साय को एक विशेष उपहार भेजा है। योगी आदित्यनाथ से गिफ्ट मिलने के बाद सीएम साय ने पत्र लिखकर कर उनका आभार प्रकट किया है।

उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री ने उपहार में काकोरी आमों की टोकरी भेजी थी। मुख्यमंत्री साय ने योगी आदित्यनाथ को लिखे पत्र में कहा है कि आपके मधुर संदेश के साथ मुझे प्राप्त हुए काकोरी आमों का स्वाद अत्यंत ही मधुर है।

### साय का संदेश- आमों का स्वाद मधुर

**आम के स्वाद जैसा आपका व्यवहार सराहनीय**



**सीएम साय ने लिखाः अद्भुत और प्रेरक पहल की**

साय ने कहा कि उत्तर प्रदेश की पहचान आमों से भी है और महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों से भी। योगी ने इन दोनों पहचानों को एकाकार करते हुए जो अद्भुत पहल की है, वह प्रेरक है। स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को सम्मान देने का यह श्रेष्ठ तरीका है।

#### यूपी और छत्तीसगढ़ का भावनात्मक रिश्ता

*साय ने पत्र में लिखा कि ऐतिहासिक रूप से भी उत्तर प्रदेश और छत्तीसगढ़ भावनात्मक रूप से हमेशा जुड़े रहे हैं। उत्तर कोसल और दक्षिण कोसल के रूप में पहचाने वाले दोनों भू-भागों के निवासीगण राजा राम की ही प्रजा रहे हैं। प्रभु श्रीराम की माता कौशल्या ने छत्तीसगढ़ में जन्म लिया और भगवान श्रीराम का जन्म अयोध्या में हुआ। उन्होंने कहा कि प्रभु श्रीराम जब भी अयोध्या से छत्तीसगढ़ ननिहाल आते रहे होंगे, तब उनके साथ रसीले आमों के टोकरे भी जरूर आते रहे होंगे, तभी छत्तीसगढ़ के आमों में भी ऐसा ही स्वाद है। वनवास के समय यहां के आम हमारे रामलला को वहां के आमों की अवश्य याद दिलाते रहे होंगे।*

#### काकोरी ब्रांड से आमों का विपणन

*सीएम योगी ने काकोरी आमों के साथ छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री साय को भेजे गए पत्रमें उत्तरप्रदेश में आमों के प्रचुर उत्पादन और वहां की लोकप्रिय प्रजातियों का विस्तार से उल्लेख किया है। उन्होंने बताया है कि स्वतंत्रता संग्राम का साक्षी रहा काकोरी आम उत्पादन का भी प्रमुख केंद्र है। उत्तर प्रदेश सरकार ने आमों का विपणन काकोरी ब्रांड के नाम से शुरू किया है।*

### परमाणु अनुसंधान से चुराया कैलिफोर्नियम
# गुजरात से गोपालगंड पहुंची पुलिस आरोपी खजांची की तलाश की तेज

एजेंसी ▶▶ गोपालगंज



यहां की बलथरी चेक पोस्ट से बरामद कैलिफोर्नियम कहां से आया इस सवाल का जवाब पुलिस खोज रही है। पुलिस जुटी है कि इतना महंगा सामान जिसके एक मुट्ठी की कीमत 850 करोड़ बताई जा रही है।

पुलिस यह जानना चाह रही है कि इस सामान के साथ तस्करों का विदेश से कनेक्शन है या फिर देश के किसी बिजली उत्पादन केंद्र या परमाणु अनुसंधान केंद्र से इसे चोरी किया गया है। भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र से पहुंची एसएफएल टीम की जांच से ही स्थिति स्पष्ट होगी। एसएफएल की टीम शनिवार की रात ही गोपालगंज पहुंचकर कैलिफोर्नियम की जांच शुरू कर दी है, लेकिन अभी तक इस जांच का रिपोर्ट नहीं मिल पाई है।व तस्करों ने यूपी के कुशीनगर जिले के एक व्यक्ति खजांची प्रसाद का नाम बताया था जो गुजरात में रहकर मजदूरी करता है। उसी के द्वारा यह कैलिफ़ोर्नियम तस्करी करने के लिए दिया गया था।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक राजेश मीणा द्वारा अम्बर ऑफसेट प्रा. लि., डी एल टॉवर, 3-ए, विद्याआश्रम संस्थानिक क्षेत्र, जेएलएन मार्ग, जयपुर से मुद्रित एवं बी-66, कुसुम विहार, जगतपुरा, मालवीया नगर, जयपुर से प्रकाशित।
सम्पादक-राजेश मीणा, Email : sanjeevnitoday@gmail.com मो: 8094811115, (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी)